ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • फाल्गुन शुक्ल पक्ष 06 • विक्रम संवत 2079 • शनिवार, 25 फरवरी 2023 • वर्ष-24 • अंक-26 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 1.50

श्रुति हासन ने की फिल्म 'सालार'... पेज 12 पर

एयर पॉल्यूशन के कारण कैंसर के भयावह होने का खतरा

प्रदूषण ऐसे ही बढ़ता रहा तो बढ़ सकती है कैंसर मरीजों की संख्या

ऐसे ही रहा तो बढ़ जाएगी कैंसर के मरीजों की संख्या

सरकारी मैकनिज्म को हर हाल में कठोरता से काम करना होगा

खाने में हरी सब्जी को प्राथमिकता देनी होगी

घर में धूप-बत्ती, मच्छर भगाने के लिए कॉयल जलाना बंद करना होगा



विशेष प्रतिनिधि। रांची

चितरंजन राष्ट्रीय कैंसर इंस्टीट्यूट, कोलकाता के पूर्व सहायक निदेशक डॉ. मानस रंजन रे ने कहा है कि अगर मैकनिज्म हरकत में नहीं आई तो आने वाले दिनों में वायु प्रदूषण के कारण देश में ही नहीं, पूरी दुनिया में कैंसर से मरने वालों की संख्या बेहद बढ़ जाएगी। उन्होंने माना कि आज की तारीख में प्रदूषण को रोकने के लिए जो प्रीकॉशन्स उठाये जाने चाहिए थे, वो नहीं उठाए गए।

युगांतर भारती और नेचर फाउंडेशन के तत्वावधान में चल रहे पर्यावरण मेले में कोलकाता से शिरकत करने आए डॉ. रे ने राष्ट्रीय नवीन मेल से खास बातचीत में कहा कि वायु प्रदूषण का असर हमारे शरीर के

खास बातचीत

प्रायः सभी हिस्सों पर तो पड़ ही रहा है, आने वाली पीढ़ी पर भी पड़ रहा है। बच्चे अंडरवेट पैदा हो रहे हैं, वो निमोनिया की चपेट में आ रहे हैं, महिलाओं में गर्भधारण की समस्या पैदा हो रही है, उनका मासिक धर्म भी बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। और तो और, बढ़ते प्रदूषण के कारण आम आदमी ज्यादा डिप्रेस्ड हो रहा है। वह परेशान है, हलकान है। उसे समझ में नहींम आ रहा है कि वह करे तो क्या करे।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के रायगढ़ के इलाके में किये गए सर्वे में यह बात निकल कर सामने आई कि वहां पैदा होने वाले बच्चे ज्यादा शैतानियां करते हैं, ज्यादा गुस्सैल होते हैं, ज्यादा इंट्रैक्शन चाहते हैं, ज्यादा जिद्दी होते हैं और ज्यादा बदमाशियां करते हैं। इसके उलट हिमाचल प्रदेश के कई इलाकों के बच्चे ज्यादा विनम्र होते हैं, ज्यादा आज्ञाकारी होते हैं, कम गुस्सा करते हैं और ज्यादा अक्लमंद होते हैं। बकौल डॉ. रेः यह सब प्रदूषण के कारण होता है। छत्तीसगढ़-दिल्ली में इंडस्ट्रियल पॉल्यूशन बहुत ज्यादा है। इसका असर बच्चों पर पड़ रहा है। हिमाचल में इंडस्ट्रियल पॉल्यूशन बेहद कम है, इसलिए वहां के बच्चे शरीफ हैं। इसे हमें समझना होगा।

क्या खाएं

डॉ. रे के अनुसार, पॉल्यूशन के इस एरा में जितनी भी हरी सब्जियां खा सकते हैं, खाएं। खास कर टमाटर की चटनी या टमाटर की सब्जी हर किसी को जरूर खानी चाहिए। अगर पॉकेट एलाव करे तो समुद्री मछलियां खानी चाहिए, क्योंकि उनमें फैट और प्रोटीन बेहतर होते हैं। रेड मटन हरगिज नहीं खाना चाहिए। चिकन चल सकता है। लेकिन, हरी सब्जी सबसे शानदार विकल्प है। इसे जरूर खाना चाहिए।

अमेरिका में उद्योग-धंध ज्यादा, भारत से कम प्रदूषण

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि अगर इंसान को इस पॉल्यूशन को कम करना है तो सरकार ने जो भी नियामक बनाए हैं, उसका 100 फीसदी अनुपालन करना होगा। उन्होंने अमेरिका का उदाहरण दिया, जहां भारत की तुलना में कहीं ज्यादा उद्योग-धंधे चल रहे हैं और एक जमाने से चल रहे हैं। पॉल्यूशन वहां भी होता है, परंतु कम होता है। क्योंकि वहां जो नियामक हैं, वो उसमें बराबर चेकिंग करते हैं। कहीं किसी ने कुछ गलत किया है तो उसे दंडित करने में भाई-भतीजावाद नहीं देखते। यही वजह है कि अमेरिका में ज्यादा उद्योग-धंधे होने के बावजूद प्रदूषण भारत से कम है। डॉ. रे ने भारत में पॉल्यूशन बढ़ने का एक बड़ा कारण बढ़ती हुई आबादी को भी बताया। उन्होंने कहाः आप आबादी कम नहीं कर रहे हैं। आबादी बढ़ती जा रही है। डिमांड एंड सप्लाई का चेन यहां टूट रहा है। इसे समझना होगा। आबादी का लोड आप जब नेचर पर देंगे तो इननैचुरल हादसे होंगे। ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

NEWS इन ब्रीफ

बैठक स्थगित

रांची। झारखंड कैबिनेट की बैठक अब 27 फरवरी को नहीं होगी। बैठक को स्थगित कर दिया गया है। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने शुक्रवार को इस बाबत एक सूचना जारी कर दी है। पहले 27 फरवरी को कैबिनेट की बैठक शाम चार बजे निर्धारित की गई थी।

यूपी के राजू पाल हत्याकांड के गवाह और गनर की हत्या

प्रयागराज। बीएसपी के पूर्व विधायक राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल और उनके एक गनर की हत्या कर दी गई। दूसरे गनर की हालत बेहद गंभीर है। परिवार वालों का आरोप है कि बाहुबली अतीक अहमद के इशारे पर यह हमला हुआ है। हमले के बाद मौके पर पुलिस के आला अधिकारी पहुंचे और आसपास लगे सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं।

सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की दर्दनाक मौत

सरायकेला। जिले के ईचागढ़ थाना क्षेत्र के बड़ा चुनचुडीया मोड़ स्थित पेट्रोल पंप के पास गुरुवार की रात हुई भीषण सड़क दुघर्टना में शुक्रवार को मृतकों कि संख्या बढ़कर पांच हो गई है। मृतकों में एक ही परिवार के मां बिमला देवी, बेटा हलधर (12) और बेटी दीपाली (16) शामिल है, जबकि घायल पिता कमला कांत प्रमाणिक सिंहपुर नर्सिंग होम मुरी में इलाजरत है। दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल अलका देवी (35) की भी मौत हो गई। वहीं गुरुवार की रात ही पुनम कुमारी (10) की मौत हो गई थी। उल्लेखनीय है कि ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के बड़ा चुनचुड़ीया में एक अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से डुमरा गांव के सवारी ऑटो में सवार करीब 15 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

पूजा सिंघल केस में ईडी ने मुख्य सचिव को लिखी चिट्ठी

FIR क्यों नहीं?

मनरेगा और मनी लॉड्रिंग मामले में ईडी ने दायर की है चार्जशीट

मनी लॉन्ड्रिंग के केस में पूजा सिंघल पर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने और अफसरों से उगाही के आरोप

दिसम्बर में ईडी ने पूजा सिंघल के बारे में झारखंड सरकार को रिपोर्ट सौंप प्राथमिकी दर्ज करने को कहा था

नवीन मेल संवाददाता। रांची

निलंबित आइएएस पूजा सिंघल के मामले में राज्य सरकार की ओर से अभी तक एफआईआर दर्ज नहीं किये जाने को लेकर ईडी ने आश्चर्य व्यक्त किया है। ईडी की ओर से मुख्य सचिव को लिखे गये पत्र में कहा गया है कि मनरेगा और मनी लॉड्रिंग मामले में ईडी द्वारा चार्जशीट दायर करने के इतने दिनों के बाद भी राज्य सरकार की ओर से पूजा सिंघल के खिलाफ एफआईआर दर्ज क्यों नहीं की गई है। पत्र में कहा है कि मनी लॉन्ड्रिंग के केस में आरोपित पूजा सिंघल पर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने और अफसरों से उगाही के मामले में प्राथमिकी दर्ज क्यों नहीं की गई। पिछले साल दिसम्बर में ईडी ने पूजा सिंघल के बारे में झारखंड सरकार को एक रिपोर्ट सौंपी थी और प्राथमिकी दर्ज करने को कहा था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

पत्र में कहा गया है कि पूजा सिंघल को उक्त अवधि के दौरान विभिन्न बैंकों में कई खातों में बड़ी मात्रा में नकदी जमा करते हुए पाया गया था। वह अपने नाम से दो पैन नंबर यानी एआरजेडपीएस 2447 आर और एएमक्यूपीएस 9964 बी रख रही थी। ईडी ने कहा है कि जांच के दौरान यह पाया गया कि वह उन खातों में नकदी जमा करती थी और नकदी को डिमांड ड्राफ्ट में परिवर्तित करती थी। फिर लंबी अवधि के लिए बीमा पॉलिसियां खरीदती थी और पॉलिसी को समय से पहले बंद कर देती थी। आय का उपयोग कई निवेशों के लिए करती थी।

ईडी पहले भी लिख चुका है पत्र

पल्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का स्वामित्व उनके और उनके परिवार के पास है, इसमें कहा गया कि पूजा सिंघल और उनके पति इतनी बड़ी जमा राशि के स्रोत के बारे में नहीं बता सके थे। उल्लेखनीय है कि इस मामले में एफआईआर दर्ज करने को लेकर ईडी पहले भी मुख्य सचिव को पत्र लिख चुका है। इस कड़ी में यह दूसरी रिमाइंडर पत्र है।

ईडी ने वीरेंद्र राम के सर्विस रिकॉर्ड से संबंधित दस्तावेज तलब किये

ग्रामीण विकास विभाग के चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के ईडी के शिकंजे में आने के बाद ईडी ने पत्र लिख कर मुख्य सचिव और राज्य सरकार के कार्मिक विभाग से वीरेंद्र राम के सर्विस रिकार्ड से संबंधित जानकारी मांगी है। ईडी सूत्रों के अनुसार अब तक की जांच में वीरेंद्र राम द्वारा दिल्ली में संपत्ति खरीद में सेल कंपनियों का इस्तेमाल कर मनी लॉड्रिंग का सहारा लिया गया है और फर्जी दस्तावेज का भी इस्तेमाल किया गया है। वीरेंद्र राम को शुक्रवार को बिरसा मुंडा कारागार से पूछताछ के लिए ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय लाया गया। ईडी ने वीरेंद्र राम से पूछताछ के लिए पांच दिन की रिमांड पर लिया है। ईडी की एक टीम शुक्रवार को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार पहुंची और वहां से वीरेंद्र राम को रिमांड पर लेकर क्षेत्रीय कार्यालय पहुंची। ईडी कार्यालय पहुंचने पर सबसे पहले वीरेंद्र राम का मेडिकल जांच हुई। मेडिकल जांच के बाद ईडी के अधिकारियों ने वीरेंद्र राम से पूछताछ शुरू की।

एमसीडी : झोंटा-झोंटौव्वल, भद्दी गालियां, गिरा-गिराकर मार, लुच्चई, लफंगई

रामगढ़ में 2019 से पहले आतंकित रहते थे व्यापारी और नागरिक : हेमंत

रामगढ़ के फुटबॉल ग्राउंड में चुनावी जनसभा के दौरान पूरे तेवर में दिखे मुख्यमंत्री

भाजपा और आजसू पर जम कर बोला हमला

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शुक्रवार को रामगढ़ शहर पहुंचे तो फुटबॉल ग्राउंड में चुनावी जनसभा के दौरान पूरे तेवर में दिखे। उन्होंने भाजपा और आजसू पर जमकर हमला बोला। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2019 से पहले रामगढ़ में आतंक का राज था। व्यापारी और नागरिक हमेशा दहशत में रहते थे। मॉब लिंचिंग जैसी घटनाएं यहां होती थी। शहर जलता रहता था। गद्दी पाने के लिए भाजपा और आजसू के नेता किसी भी हद तक जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा और आजसू नींद में सरकार गिराकर मुख्यमंत्री बनने का सपना देख रहे हैं। लेकिन उनका सपना साकार नहीं होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां के व्यापारी और नागरिक को अब पिछले तीन सालों से शांति महसूस हो रहा है। एक बार फिर रामगढ़ में आतंक का राज कायम करने के लिए भाजपा और आजसू चुनावी मैदान में हैं। उन लोगों के हाथ में सत्ता रही तो विकास का एक भी काम नहीं किया। हम लोगों ने तीन वर्षों में आम जनता को सुरक्षा के साथ-साथ विकास भी मुहैया कराया है। भाजपा और आजसू के नेताओं ने मॉब लिंचिंग के आरोपियों को ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

झारखंड सीएम के सुरक्षा प्रभारी को ईडी का समन

रांची। झारखंड में सत्ता से लेकर ब्यूरोक्रेसी के गलियारे में ऊंची पहुंच रखनेवाले ठेकेदार-कारोबारी प्रेम प्रकाश के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी में दो एके-47 राइफलों और 60 कारतूस की बरामदगी के मामले में अब सीएम हेमंत सोरेन के सुरक्षा प्रभारी डीएसपी विमल कुमार से पूछताछ होगी। ईडी ने उन्हें नोटिस जारी कर आगामी 28 फरवरी को हाजिर होने को कहा है। बता दें कि प्रेम प्रकाश के ठिकाने से बीते अगस्त महीने में बरामद दो रायफल पुलिस जवानों के थे। ये दोनों सीएम सिक्योरिटी में तैनात थे, लेकिन उन्होंने अपने हथियार ठेकेदार के घर छोड़ रखे थे। ठेकेदार प्रेम प्रकाश को ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था। वह फिलहाल जेल में है। अब इसी प्रकरण में सीएम के सिक्योरिटी इंचार्ज से पूछताछ होगी।

शक्ति नई सुविधाओं के साथ उन्नत स्वदेश में विकसित टैंक-रोधी मिसाइल

सेना ने दागी एटीजीएम 'ध्रुवस्त्र हेलिना'

नकली टैंक पर सटीक निशाना लगाकर परीक्षण में खरी उतरी एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल

उत्पादन का रास्ता साफ होते ही सशस्त्र बलों को इस्तेमाल करने के लिए सौंप दी जाएगी एटीजीएम

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय सेना ने पूर्वी लद्दाख में गलवान घाटी के पास रुद्र गनशिप से टैंक-रोधी गाइडेड मिसाइल (एटीजीएम) 'ध्रुवस्त्र हेलिना' दागकर सफल परीक्षण किया है। यह वही इलाका है, जहां से 2020 में भारत और चीन के सैनिकों में घातक खूनी संघर्ष हुआ था। इसमें भारत के 20 जवान शहीद हुए थे। इसी घटना के बाद से भारत और चीन के बीच उत्तरी सीमा पर गतिरोध ज्यादा बढ़ा है, जिसका समाधान निकालने के राजनीतिक, कूटनीतिक और सैन्य प्रयास चल रहे हैं।

स्वदेश में ही विकसित हेलीकॉप्टर से लॉन्च की जानेवाली टैंक-रोधी मार्गदर्शित मिसाइल 'ध्रुवस्त्र हेलिना' विकास परीक्षण पूरे होने के बाद अब सीधे और शीर्ष हमले के मोड में है, जो नई सुविधाओं के साथ उन्नत है। भारत ने पिछले साल 11-12 अप्रैल को लगातार दो दिन लद्दाख के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में स्वदेशी उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर (एएलएच) से एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल 'ध्रुवस्त्र हेलिना' का परीक्षण किया था। इस मिसाइल ने परीक्षण में एक नकली टैंक लक्ष्य पर सटीक निशाना लगाकर नष्ट कर दिया था। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ), भारतीय सेना और भारतीय वायु सेना के वैज्ञानिकों की टीमों ने इन ट्रायल्स को मान्य किया। इससे देश की क्षमता बढ़ गई है।

रुद्र हेलिकॉप्टर से किया गया परीक्षण बिल्कुल सटीक निकला

अब भारतीय सेना ने उपयोगकर्ता प्रमाणीकरण ट्रायल्स के हिस्से के रूप में पूर्वी लद्दाख में गलवान घाटी के पास रुद्र गनशिप से टैंक-रोधी गाइडेड मिसाइल (एटीजीएम) 'ध्रुवस्त्र हेलिना' दागकर सफल परीक्षण किया है। यह परीक्षण रुद्र हेलीकॉप्टर से किया गया और मिसाइल ने नकली टैंक लक्ष्य को सफलतापूर्वक निशाना बनाया। मिसाइल को एक इन्फ्रारेड इमेजिंग सीकर (आईआईआर) से निर्देशित किया गया, जो लॉन्च से पहले लॉक ऑन मोड में काम करता है। यह दुनिया के सबसे उन्नत टैंक रोधी हथियारों में से एक है। यह परीक्षण सेना के वरिष्ठ कमांडरों और डीआरडीओ के वरिष्ठ वैज्ञानिकों की मौजूदगी में किया गया। 'ध्रुवस्त्र हेलिना' तीसरी पीढ़ी की फायर-एंड-फॉरगेट क्लास एटीजीएम है जो स्वदेशी उन्नत लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) पर लगाई जानी है। इसकी न्यूनतम सीमा 500 मीटर और अधिकतम सीमा 7 किलोमीटर है।

रायपुर में शुरू हुआ कांग्रेस का तीन दिवसीय महाधिवेशन

कांग्रेस कार्यसमिति का नहीं होगा चुनाव

पार्टी अध्यक्ष को सदस्य नॉमिनेट करने का होगा अधिकार

एजेंसी। रायपुर

कांग्रेस का तीन दिवसीय 85वां महाधिवेशन शुक्रवार को रायपुर में शुरू हुआ। बैठक से पूर्व आयोजित संचालन समिति की बैठक में तय हुआ कि कांग्रेस कार्य समिति का चुनाव नहीं होगा। पार्टी अध्यक्ष इसके सदस्यों को नॉमिनेट करेंगे। संचालन समिति ने सर्वसम्मति से पार्टी अध्यक्ष को सदस्य नॉमिनेट करने के लिए अधिकृत कर दिया है। पार्टी के संविधान में संशोधन पर भी विचार किया जा रहा है। संचालन समिति की बैठक के बाद पार्टी के संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने बैठक में लिये गए फैसलों से पत्रकारों को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि कांग्रेस कार्य समिति का चुनाव नहीं होगा। इसके सदस्यों को नॉमिनेट करने का अधिकार सर्वसम्मति से पार्टी अध्यक्ष को सौंपा गया है। अध्यक्ष ही सभी सदस्यों को नॉमिनेट करेंगे।

उन्होंने कहा कि पार्टी संविधान में बड़े संशोधन का भी प्रस्ताव आया है। उस पर भी विचार होगा। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने संचालन समिति की बैठक की अध्यक्षता की। खड़गे ने कहा कि यह अधिवेशन इस लिहाज से खास है कि आज से करीब 100 साल पहले 1924 में महात्मा गांधी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष चुने गए थे। तब यह महाधिवेशन मेरे गृह राज्य कनार्टक के बेलगांव में हुआ था। उन्होंने कम समय में कांग्रेस से गरीब, कमजोर तबकों, गांव-देहात और नौजवानों को एकसाथ जोड़कर एक आंदोलन बना दिया था। सौ साल बाद उसी संकल्प की जरूरत है। ये उनके प्रति हमारी सबसे बड़ी श्रद्धांजलि होगी। खड़गे ने कहा कि कांग्रेस के हर महाधिवेशन में कुछ अहम फैसले हुए हैं। इससे हमारा संगठन आगे बढ़ा। कुछ अधिवेशन मील के पत्थर बने। राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा से देशभर में जो ऊर्जा भरी और महंगाई, बेरोजगारी एवं आर्थिक मुद्दों पर जिस तरह जागरुकता फैलाई है, उस जोश को हमें बनाए रखना है।

खट्टी-मीठी, चटखारे वाली मीठी गोलियों से लेकर लजीज भोजन कराने वाले कर रहे हैं आपका इंतजार

पर्यावरण मेले में स्मरण हो आएगा आपका बचपन

नवीन मेल संवाददाता। रांची
बचपन में आपने शायद खट्टी-मीठी चूरण खाई हो। याद है आपको वह स्वाद...या फिर आपने वो काली और नारंगी रंग की लेमनचूस खाई होगी, जिसका स्वाद खट्टी-मीठा होता था। कुछ याद आया...? ये सब मिल रहा है पर्यावरण मेले में। इन लेमनचूसों की ही बात क्यों करें। आपको अगर पत्नी, बहन या बीवी के लिए सूट चाहिए तो वह भी यहां है। अगर आप गार्डनिंग के शौकीन हैं तो एक से बढ़ कर एक फूलों के पौधे आपके स्वागत में राह तक रहे हैं। 3 मार्च तक चलने वाले इस मेले में बढ़िया और स्वादिष्ट भोजन भी आपको मिल जाएगा। 10 स्टॉल हैं। यहां आपको वेज और नॉनवेज, जो आपको पसंद पड़े, खा सकते हैं। कीमत बहुत ज्यादा नहीं है। हां, स्वाद आपकी जबान को भाएगा। यहां 150 से ज्यादा स्टॉल हैं। हर स्टॉल में एक से एक आइटम है। यहां पढ़ने के लिए किताबें भी हैं। कहीं चूरण का स्टॉल है तो कहीं गोलियों (दवाईयों) का स्टॉल, कहीं ऑटोमोबाइल के स्टॉल हैं तो कहीं कपड़े का स्टॉल। कहीं खादी भंडार का स्टॉल लगा है तो कहीं डिजाइनर कुर्ता-पायजामा का स्टॉल। मोटे तौर पर आपको जो चाहिए, वो कमोबेश यहां उपलब्ध है। महिलाओं के लिए कॉस्मेटिक्स के भी अलग-अलग स्टॉल हैं। डेकोरेशन देखने योग्य है। रात में मेले की सुंदरता और बढ़ जाती है। आप चाहें तो आराम से यहां दो-चार घंटे गुजार सकते हैं। हर शाम सांस्कृतिक आयोजन होते हैं। यह मेला 3 मार्च तक चलेगा।

मेले में आज

पर्यावरण एवं नीति-न्यायिक हस्तक्षेप विषय पर परिचर्चा
ये शामिल होंगे: झारखण्ड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति अंबुजनाथ सर्वोच्च न्यायालय के वरीय अधिवक्ता संजय उपाध्याय, लीगल इनिशिएटिव फॉर फॉरेस्ट एण्ड इनवाइरमेंट, नई दिल्ली के संरक्षक ऋत्विक दत्ता, इनवाइरो लीगल डिफेन्स फर्म के अधिवक्ता सलिक शफीक झारखण्ड उच्च न्यायालय के वरीय अधिवक्ता शुभाशीष सोरेन पुरूलिया छऊ नृत्य रविन्द्र संगीत की भी प्रस्तुति

स्वर्गीय किशोर साहू के परिजनों से मिले सांसद

नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली
रांची सांसद संजय सेठ आज अपने एक दिवसीय सिल्ली दौरे पर रहे। इस दौरान वह सिल्ली के टुटकी गांव में पिछले दिनों स्व किशोर साहू की आकस्मिक मृत्यु हो जाने की सूचना पर परिजनों से मिलने पहुंचे और गमगीन परिवार को सांत्वना देते हुए ढांढस बंधाया। तथा उनके चित्र पर फूल माला चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की ।परिजनों ने रांची स्थित देबू का नर्सिंग होम द्वारा इलाज में कोताही बरतने का का आरोप लगाते हुए सांसद से कहे। सांसद ने चिंता जाहिर करते हुए कहा कि ऐसे नर्सिंग होम के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी जिससे आने वाले दिनों में अन्य परिजनों को इस तरह के परेशानी का सामना ना करना पड़े। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि विनोद प्रसाद साहू, टुटकी मुखिया शर्मिला कुमारी, उमेश कुमार महतो, राजेंद्र साय, अशोक साहू, अनिल साहू, शिवम साहू , आदि उपस्थित थे।

दिव्यांग सहायता की बैठक आयोजित

बुढ़मू। दिव्यांग सहायता केंद्र बुढ़मू का बैठक प्रखंड मुख्यालय बुढ़मू में आयोजित किया गया। अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष दिनेश नायक ने किया। बैठक में दिव्यांगता से संबंधित कई मुख्य विषयों पर चर्चा करते हुए संस्था के लोग समस्या को दूर करने की बात कही। साथ ही उपस्थित दिव्यांग लोगों ने अपने- अपने विचार को रखा।, और लोगों से कहा कि जिनका यूआईडी नहीं बना है, उसे सब लोग बनवा लें। और इस बात को लेकर संस्था के लोगों से संपर्क करने की बात कही गई। इस दौरान लगभग 15 दिव्यांगों के बीच यूआईडी कार्ड वितरण किया गया। यूआईडी कार्ड संस्थान के द्वारा रमजान अंसारी ,सरिता कुमारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

बेड़ो में नहीं थम रहा हाथियों का उत्पात, लोग दहशत में

नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो
बेड़ो प्रखंड क्षेत्र के गांवों में नहीं थम रहा हाथियों का उत्पात गेहूं व सब्जी की फसलों को खाकर व रौंदकर कर उत्पात मचा रहा है। जहां पिछले एक महीने से तीन हाथियों के उत्पात लगातार जारी है। जिसके चलते ग्रामीण शाम होते ही अपने घरों में दुबक जा रहे हैं। प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों गांव के ग्रामीण रतजगा करने को विवश हैं। हाथियों का उत्पात किसानों के लिए मुसीबत बना हुआ है। जहां आए दिन हाथियों का झुंड किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा रहा है। ग्रामीण रतजगा कर फसलों की सुरक्षा में लगे हुए हैं। जंगल में डेरा जमाए हाथीयो द्वारा आये दिन घरों को ध्वस्त कर घर में रखे अन्नाज को चट कर रहे हैं और खेतों में लगी सब्जियों व फसल को खाकर व रौंदकर बर्बाद कर रहा है। वहीं गुरुवार की रात भी बोदा गांव में हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया। हाथी लगभग तीन बजे रात में तीन हाथीयों ने गांव में जमकर उत्पात मचाया जिसमें बोदा गांव के पूजन गोप व कलेश्वर गोप का मटर व गेहूं नदी टोली के सलकु मुंडा व चरकु मुंडा का गेहूं मटर और प्याज बंजारा निवासी चरिया धान के आलू खाकर व रौंद कर बर्बाद कर दिया। इधर घटना की सूचना पाने के बाद मुखिया प्रतिनिधि सुनील कच्छप व वन कर्मी ने किसानों के नुकसान का जायजा लिया। साथ ही किसानों के बीच पटाखें का वितरण किया।

श्री श्याम ध्वजा निशान का पदयात्रा कल

नवीन मेल संवाददाता। रांची
श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा समिति रांची के तत्वावधान में 26 फरवरी दिन रविवार को रांची नगर में राजस्थान के खाटू श्रीश्याम जी की परंपरा अनुसार ही श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा का आयोजन होने जा रहा है श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा रांची के नेवरी (विकास विद्यालय) से शुरू हो कर श्री खाटू श्री श्याम मंदिर हरमु रोड़ में ध्वजा समर्पण के साथ समाप्त होगी ।ज्ञात हो कि खाटू धाम में यह परंपरा है की श्याम भक्त बाबा श्याम की ध्वजा निशान यात्रा 17 कि.मी. की पदयात्रा कर बाबा श्री श्याम को समर्पित करते है ।मान्यता है कि जो भी भक्त श्री श्याम प्रभु की निशान को अपनी मन की बात कहता है और उसे सच्चे विश्वास से श्री श्याम प्रभु को अर्पित करता है तो बाबा उन भक्तों की सारी मुरादें पूरी करते हैं ।इसी परम्परा के अनुसार रांची में श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा समिति द्वारा यह आयोजन हो रहा है। इस आयोजन को सफल बनाने को समिति के श्याम भक्त दिन- रात बाबा श्याम की आज्ञा से सेवा कार्य में लगे हुए है। तथा तैयारियां जोरों पर है। इस आयोजन के कुशल संचालन का जिम्मा अशोक लड़ियां, हरी शंकर परसरामपुरिया, ललित कुमार

पोद्दार, संजय परसरामपुरिया एवं गोपाल मुरारका को दिया गया है। समिति के लोग यात्रा को सफल आयोजन में पूरे जोर शोर से लगे हुऐ है। उक्त जानकारी देते हुए समिति के संयोजक ललित कुमार पोद्दार एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया है कि नेवरी जाने हेतु बसों की बेहतर व्यवस्था समिति के शशि सिंह द्वारा की गई है जो हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर से सुबह 6 बजे प्रस्थान करेगी,जो भी ध्वजा धारी नेवरी जाना चाहते है वो निर्धारित समय पर मंदिर पहुंच कर सुविधा का लाभ उठा सकते है। अभी तक 200 से भी अधिक श्याम भक्तों ने श्याम ध्वजा निशान यात्रा के लिए कार्ड प्राप्त कर चुके हैं। तथा ध्वजा पद यात्रा में जाने वाले श्याम भक्त शनिवार तक कार्ड प्राप्त कर सकते हैं। श्याम ध्वजा पदयात्रा की संपूर्ण तैयारियां बाबा श्याम की कृपा और आप सभी भक्तों के साथ से हो रही है।

खाटू नरेश का पट खुलते ही भक्तों की उमड़ी भीड़

अमावस्या के महास्नान के बाद शुक्रवार को हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में खाटू नरेश का केसर चंदन तिलक श्रृंगार के बाद गर्भ गृह के पट खुलते ही भक्तजन उपरोक्त भजनों का गायन कर भाव विभोर हो उठे। श्री श्याम मित्र मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नर्सरिया ने बताया कि फाल्गुन माह के अवसर पर खाटू नरेश को मेहंदी कलर का नवीन बागा पहनाया गया। केसर चंदन तिलक का श्रृंगार किया गया। लाल गुलाब सफेद पीला लाल डालिया रजनीगंधा तुलसी दल की मोटी मोटी फूल मालाओं से खाटू नरेश को सजा कर गुलाब रूह से मसाज करके पंचमेवा का भोग अर्पित किया गया। इसके साथ मंदिर में विराजमान सभी देवी देवताओं गुरुजनों का भी चंदन वंदन कर के फूल मालाओं से उनको भी सजाया गया। श्रेष्ठ देवी प्रसाद झुनझुनवाला परिवार ने नवीन वस्त्र बागा एवं विशेष श्रृंगार की सेवा तथा सुनील कुमार वर्मा ने पंचमेवा प्रसाद की सेवा निवेदित की। मंडल के मंत्री श्यामसुंदर शर्मा व मंदिर के प्रथम आचार्य रत्नाकर शर्मा के सानिध्य में श्रृंगार अनुष्ठान विधिवत संपन्न हुआ। हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में तिलक सिंगार के दर्शन हेतु भक्तों की भीड़ भक्तों ने खाटू नरेश के दरबार में मत्था टेक खुशहाली की प्रार्थना की। इस अवसर पर महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया मंत्री गौरव अग्रवाल श्याम सुंदर शर्मा रतन शर्मा संजय सराफ अभिषेक सराओगी आनंद मालपानी सलज अग्रवाल सोनू रौनक पोद्दार श्यामसुंदर जोशी उपस्थित थे।

श्री श्याम मित्र मंडल रांची के 108 सदस्यों व भक्तों का जत्था आज खाटू नरेश के पवित्र मुख्य धामखाटू से प्रस्थान हो गया। भक्तों का जत्था श्री सालासर धाम में महाबली हनुमान जी महाराज की पूजा अर्चना करके सतियों की नगरी झुंझुनू के श्री रानी सती मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना करके मंदिर में प्रवास कर भोजन प्रसाद प्राप्त किया। सभी भक्तों शनिवार को प्रातः पुनः श्री रानी सती मंदिर में धोक लगाकर पवित्र देवराज राजस्थान से दिल्ली के लिए प्रस्थान कर विमान से शनिवार को ही सभी भक्त रांची पहुंच जाएंगे। भक्तजनों ने मंडल के अध्यक्ष सुरेश सराओगी उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया राजीव रंजन मित्तल के नेतृत्व में खाटूधाम के अनुपम यात्रा का आनंद लिया।

झारखंड बजट सत्र में होंगे 17 कार्यदिवस

विस अध्यक्ष ने सभी दलों से मांगा सहयोग, विभिन्न दलों के नेताओं के साथ किया विचार-विमर्श

वर्तमान में 323 आश्वासन अभी तक लंबित, विभागों को निपटारा करने का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता। रांची
झारखंड विधान सभा रबीन्द्र नाथ महतो ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में आगामी बजट सत्र को लेकर शुक्रवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विभिन्न दलों के नेताओं के साथ विचार-विमर्श किया। बैठक में हेमंत सोरेन, आलमगीर आलम, सत्यानन्द भोक्ता, सरयू राय, विनोद कुमार सिंह आदि शामिल हुए। इसमें बजट सत्र के विभिन्न कार्यदिवसों पर चर्चाएं हुई। स्पीकर ने बताया कि सत्र के दौरान कुल 17 कार्यदिवसों होंगे, इसे बेहतर ढंग से संचालित कर राज्य की जनता का हित साधने में सभी दलों से सहयोग अपेक्षित है। सरहुल त्योहार के संबंध में भी विमर्श हुआ कि त्योहार कार्यदिवस में पड़ रहा है। इस संबंध में कार्यमंत्रणा की बैठक में निर्णय लिया जायेगा। बैठक के उपरांत अध्यक्ष ने नये पदाधिकारी दीर्घा का निरीक्षण भी किया। इसके बाद अध्यक्ष ने विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारियों के साथ भी बजट सत्र को लेकर बैठक की।

रबीन्द्र नाथ महतो ने राज्य के मुख्य सचिव सहित अन्य विभागों के वरीय पदाधिकारियों को से कहा कि बजट सत्र के तीन दिन पूर्व यह बैठक इसलिए बुलाई गई है कि आप सभी सत्र के सुचारू संचालन के लिए अपनी तैयारियां पूर्ण कर लें। ध्यान रहे कि जो भी विधेयक विधान सभा के पटल पर लाया जाय उसे बारीकी से जांच लिया जाए, ताकि हिंदी-अंग्रेजी रूपांतर में किसी प्रकार की कोई त्रुटि न रहे। अध्यक्ष ने कहा कि विभिन्न श्रेणियों के जो भी प्रश्न स्वीकृत होते हैं।

कैश कांड मामले में याचिका पर फैसला सुरक्षित

रांची। झारखंड हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस एस चंद्रशेखर की कोर्ट में शुक्रवार को सरकार गिराने के लिए धन लेने के आरोपित कांग्रेस विधायक राजेश कच्छप की याचिका पर सुनवाई हुई। सभी पक्षों की ओर से बहस पूरी होने के बाद अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। इस मामले की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस एस चंद्रशेखर की कोर्ट में हुई। विधायक राजेश कच्छप की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा ने पक्ष रखा। राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता सचिन कुमार ने पक्ष रखा। केंद्र सरकार की ओर से अधिवक्ता विनोद साहू ने कोर्ट में बहस की। उल्लेखनीय है कि विधायक राजेश कच्छप ने विधायक अनूप सिंह द्वारा कैश कांड में कराई गई।

बाल विवाह पर कार्यशाला का आयोजन

बेड़ो। बेड़ो प्रखंड के सभागार में शुक्रवार को प्रखंड प्रमुख विनीता कच्छप की अध्यक्षता में बाल विवाह रोकथाम हेतु जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार ने बाल विवाह रोकथाम अधिनियम के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दिया। उन्होंने ने बताया कि प्रखंड में बीडीओ बाल विवाह को रोकने के लिए प्राधिकृत अधिकारी होते हैं। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष से कम आयु की किशोरियों एवं 21 वर्ष से कम आयु वाले लड़कों की शादी करना गैर कानूनी है ।जो लोग भी इस तरह से कार्य करते हैं उन सभी के विरुद्ध लड़का लड़की, दोनों के परिवार सदस्य, ब्राह्मण व टेंट वाले आदि के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। वहीं बाल विवाह करने पर शामिल लोगों के विरुद्ध 2 साल का कारावास या एक लाख रुपए तक का जुमार्ना लगाया जा सकता है। अतः सभी अपने गांव में प्रचार प्रसार करें। जिससे यह कुरीति हमारे क्षेत्र में ना हो । प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर सुमित्रा कुमारी ने बताया कि 18 वर्ष से कम आयु के शादी करने के लिए शरीर तैयार नहीं होता है। जिससे कई तरह की समस्याएं मातृत्व मृत्यु एवं शिशु मृत्यु एवं अन्य समस्याएं होती हैं। बाल विकास परियोजना पदाधिकारी नायाब जेबा ने भी अपने विचार दिए। सांसद प्रतिनिधि धनंजय राय ने क्षेत्र में बाल विवाह रोकने के कई दृष्टांत दिया।

मांग ओबीसी ने की मांगों को लेकर बैठक आयोजित

हमें सम्मान दे राज्य सरकार

नवीन मेल संवाददाता। रांची
ओबीसी मोर्चा की बैठक प्रदेश कार्यालय हरमू में हुई जिसमें जातीय जनगणना, स्वतंत्र ओबीसी मंत्रालय, अनुबंध, आउटसोर्सिंग व्यवस्था को समाप्त करने की मांग की गई। और आसन्न विधानसभा में उपरोक्त मांग को उठाने की मांग सत्ता व विपक्ष के विधायकों से की गई। प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि देश और राज्य से समान वेतन के लिए समान काम की व्यवस्था लागू की जाए और अनुबंध आउटसोर्सिंग की व्यवस्था समाप्त की जाए। साथ ही झारखंड राज्य में भी बिहार प्रदेश की भांति जातीय जनगणना हो जिससे सभी वर्गों को उनका हक मिल मिलेगा। श्री गुप्ता ने कहा कि ओबीसी वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए वार्षिक बजट में जनसंख्या अनुपात में 52% रकम का प्रावधान की जाए। जिससे ओबीसी समुदाय के छात्रों के लिए प्रत्येक जिलों में छात्रावास, वर्ग 1 से लेकर 10 तक छात्रों को छात्रवृत्ति, ओबीसी वर्ग के उच्च शिक्षा के लिए विदेश में पढ़ने के लिए 100 छात्रों का का प्रावधान हो तथा पिछड़ा वर्ग वित्त निगम में पर्याप्त वित्त की व्यवस्था हो जिससे बेरोजगार छात्र, नौजवान लोन लेकर स्वरोजगार कर बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष सूबेदार एसएन सिंह कुशवाहा उमेश जायसवाल प्रदेश महासचिव अजय मेहता कार्यालय प्रभारी संतोष शर्मा रांची ग्रामीण जिला अध्यक्ष शिव प्रसाद साहू राम लखन साहू रामावतार कश्यप आदि उपस्थित थे।

मत्स्य किसान प्रशिक्षण केन्द्र, राँची
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग)

मत्स्य बीज उत्पादकों का प्रशिक्षण–सह–निबंधन
आवश्यक सूचना

राज्य के प्रगतिशील मत्स्य बीज उत्पादकों को सूचित किया जाता है कि राज्य को आगामी वित्तीय वर्ष 2023–24 में मछली उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने एवं मछली के बीज की आवश्यकता को पूरा करने हेतु तीन दिवसीय मत्स्य बीज उत्पादकों का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। वैसे इच्छुक मत्स्य बीज उत्पादक/प्रशिक्षित मत्स्य कृषक/मत्स्य मित्र/पारा फिश/आर0एफ0एफ0 मत्स्य पालक, जो आगामी वित्तीय वर्ष 2023–24 में मत्स्य बीज उत्पादन कर स्वनियोजित होना चाहते हैं वे दिनांक **10 मार्च 2023** से जिला मत्स्य पदाधिकारी से संपर्क कर, आवेदन पर अनुशंसा उपरांत प्रशिक्षण/निबंधन प्राप्त कर सकते हैं। प्रशिक्षणार्थियों को मार्ग व्यय का वहन स्वयं करना होगा तथा भोजन पर व्यय हेतु निबंधन के रुप में 200/– (दो सौ) रू0 मात्र प्रति प्रशिक्षणार्थी जमा करना है।

प्रशिक्षण स्थल : मत्स्य किसान प्रशिक्षण केन्द्र, शालीमार, धुर्वा–सेक्टर II, राँची

संपर्क करें – संबंधित जिला मत्स्य पदाधिकारी
मुख्य अनुदेशक, मत्स्य किसान प्रशिक्षण केन्द्र, राँची : 0651–2440263
7992460173, 7488013659, 9973989112, 9835501083, 9801235046.

मत्स्य बीज का उत्पादन, स्वरोजगार का अच्छा साधन

मुख्य अनुदेशक
मत्स्य किसान प्रशिक्षण केन्द्र,
राँची

PR291158 (Fish)22-23*D

झारखण्ड शिक्षा परियोजना,खूँटी
नया समाहरणालय भवन, ब्लॉक-सी०,चाईबासा रोड,
खूँटी-835210, Email ID – jepkhunti

पत्रांक JEP KHUNTI/...234..... दिनांक 23 /02/2023

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना (सत्र 2023–24)

वित्तीय वर्ष 2023–2024 में जिले के सभी पॉच कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय, अड़की, कर्रा, खूँटी, मुरहू, रनियाँ, एक झारखण्ड आवासीय बालिका विद्यालय, तोरपा एवं नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय, खूँटी के लिए पैकेज 01 **खाद्य पदार्थ** (राशन एवं अन्य वस्तुएँ) पैकेज संख्या 02 **हरी सब्जी, मछली, चिकेन, दूध, पनीर इत्यादि** पैकेज संख्या 03, **स्कूल पोशाक, एवं अन्य वस्त्र** पैकेज संख्या 04 **स्टेशनरी इत्यादि की आपूर्ति हेतु सभी विद्यालय एवं** सभी पैकेज के लिए अलग–अलग सम्बंधित प्रखण्डों क संस्थानों से निविदा आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक निविदादाता जिला कार्यालय, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, खूँटी से दिनांक 25.02.2023 से दिनांक 10.03.2023 के कार्यालय अवधि में निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकते हैं। तकनीक बिड एवं वित्तीय बिड अलग–अलग लिफाफे को एक बड़े लिफाफा में दिनांक 11.03.2023 के अपराह्न 3:00 बजे तक सीलबंद निविदा प्रपत्र झारखण्ड शिक्षा परियोजना, खूँटी के कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करेंगे। जिला स्तर पर क्रय समिति द्वारा दिनांक 13.03.2023 के पूर्वाह्न 11:00 बजे, स्थान झारखण्ड शिक्षा परियोजना, खूँटी में निविदा खोली जाएगी। निविदा की विस्तृत जानकारी खूँटी के अधिकारिक वेब–साईट www.khunti.nic.in पर उपलब्ध है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, खूँटी

PR 291100 District(22-23).D

फिक्की झारखंड पुलिस फोर्स के लिए हेल्दी लिविंग पर कार्यशाला

नवीन मेल संवाददाता। रांची
फिक्की झारखंड की ओर से झारखंड पुलिस फोर्स के लिए हेल्दी लिविंग पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। होटवार स्थित आइटीएस हॉल में आयोजित कार्यशाला में मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के आइजी (हेडक्वाटर एंड एचआर) अखिलेश कुमार झा ने महिला पुलिसकर्मियों से हेल्दी जीवन जीने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि अपने स्वास्थ्य के प्रति महिला पुलिसकर्मी हमेशा अर्लट रहे। अपने काम के साथ जीवन जीने का तरीका भी सही होना चाहिए। स्वस्थ जीवनशैली को अपनायेंगे, तो आप हमेशा फीट रहेंगे। श्री झा ने कहा कि अक्सर महिलाएं अपने स्वास्थ्य के प्रति गंभीर नहीं होती है। इससे समस्याएं बढ़ती है। आज के जीवनशैली को अच्छे से संभाल कर चलने की आवश्यकता है। लाइफ स्टाइल बेहतर करना होगा। व्यायाम, योग आदि इसका बेहतर माध्यम साबित होगा। जैप-10 के सीओ धनंजय कुमार सिंह ने कहा कि पुलिसकर्मियों को काम के साथ अपने आप को फीट रखना जरूरी है। इस प्रकार के कार्यशाला से पुलिसकर्मियों को लाभ मिलेगा। फिक्की झारखंड के हेड रौशन ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विषय पर अपनी बात कही। न्यूट्रिशियन एंड फीटनेस कोच श्रीयम ने कहा कि पतले होने पर कम और हेल्दी भोजन करने पर अधिक जोर देने की आवश्यकता है। घर का खाना ही आपके लिए बेहतर है। घर से बाहर काम करने जाती है, तो कोशिश करें कि घर से ही खाना ले जाये। जरूरत से अधिक खाना भी नुकसानदायक है। कार्यशाला में डॉ सिद्धार्थ सिन्हा, इंडियन स्टार्टअप एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रथिन भद्रा, एमवे इंडिया की अलका गुरनानी, आशीष वैद्य, एमवे इंडिया के नीतिन माथुर, हेल्थ एक्सपर्ट मनु सेठ, योग आचार्य स्वामी मुक्तिरथ आदि ने अपने विचार रखे। कार्यशाला के तकनीकी सत्र का संचालन आइएसएस के पूर्व निदेशक एसके सिंह ने किया।

भ्रष्टाचार से घिरे अभियंताओं पर क्यों नहीं कार्रवाई

रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने शुक्रवार को राज्य सरकार पर हमला बोला। वे प्रवर्तन निदेशालय द्वारा ग्रामीण विकास विभाग के चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम की गिरफ्तारी के बाद प्रतिक्रिया दे रहे थे। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार के संरक्षण में राज्य भ्रष्टाचार में आकंठ डूब चुका है। बिचौलिए और भ्रष्टाचारी दिन रात फल फूल रहे हैं। जिस प्रकार से सभी विभागों में रोज नए नए लूट के कारनामे उजागर हो रहे, जनता उसकी कल्पना भी नहीं कर सकती। प्रकाश ने कहा कि ईडी की कार्रवाई के पहले आखिर क्या कारण रहा कि राज्य सरकार भ्रष्टाचारियों पर एफआईआर दर्ज करने, दंडात्मक कार्रवाई करने जैसे फाइलों पर कुंडली मारकर बैठी रही। उन्होंने कहा कि केवल वीरेंद्र राम ही नहीं, बल्कि पथ निर्माण विभाग, रांची नगर निगम, राज्य आवास बोर्ड, विधानसभा और हाई कोर्ट बिल्डिंग निर्माण में भ्रष्टाचार के संगीन आरोपों से घिरे अभियंताओं पर एसीबी की अनुशंसा के बावजूद मुकदमे दर्ज क्यों नहीं हुए, कार्रवाई क्यों नहीं हुई?

सांसद ने कॉशमॉस क्लब को मुक्ति वाहन सौंपा

नवीन मेल संवाददाता। रांची
सांसद संजय सेठ ने सांसद निधि से मुक्ति वाहन (अंतिम यात्रा वाहन) (कॉशमॉस क्लब लालपुर) को प्रदान किया सांसद सेठ ने कहा गांव गरीब किसानों को सुविधा मिले ऐसे लोग जिनको पैसे के अभाव में बॉडी दूर ले जाने में दिक्कत होती है ऐसे लोगों को सेवा प्रदान करेगी हमारा लक्ष्य है रांची शहर के सभी श्मशान घाटों का सुंदरीकरण करना एक डायलिसिस सेंटर का निर्माण करना जहां गरीब लोग का कम पैसों में इलाज हो सके शहर की आबादी दिनोंदिन बढ़ रही है आज जरूरत है कैसे संस्था जो सेवा भाव से कार्य करती है ऐसे संस्थाओं को एंबुलेंस मुहैया कराना ताकि लोगों को कम पैसे में सेवा प्रदान किया जा सके साथ ही ऋ 20 को लेकर एक बैठक आयोजित की गई जिसमें सभी संस्थाओं से शहर को साफ सुथरा स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने की अपील की गई आज के इस बैठक में क्लब के सभी पदाधिकारी सहित दुगार्बाड़ी मेन रोड, रांची देशप्रिया क्लब एवं लाइब्रेरी, यूनियन क्लब एवं लाइब्रेरी, बंगाली युवा मंच, नेताजी नगर क्लब कांटा टोली, पंजाबी हिंदू बिरादरी सहित दर्जनों संस्था के लोग उपस्थित थे।

ग्रामीण एसपी ने थाना का औचक निरीक्षण किया

रांची । पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रांची नौशाद आलम ने शुक्रवार को अरगोड़ा थाना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पूर्व में दिए गए निदेर्शों के अनुपालन की जानकारी ली, साथ ही साथ कार्यालय अभिलेखों का बारी-बारी से अवलोकन किया। पांच वर्षों से लंबित कांडो की समीक्षा करते हुए उन्होंने इस वित्तीय वर्ष के अंत तक उसके निष्पादन करने हेतु सख्त निर्देश दिए। थाना में जब्त किए गए वाहनों को विधि सम्मत कार्रवाई करते हुए उसे ऑक्शन कराने, थाना के आगंतुक कक्ष में आगंतुकों के लिए पीने के पानी का समुचित व्यवस्था करने एवं आम लोगों से प्राप्त शिकायतों को त्वरित निष्पादन करने हेतु निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि थाना में पूरी तरह विधि व्यवस्था सही होनी चाहिए। ताकि बाहर के लोग यहां आते हैं और अगर व्यवस्था सही नहीं रहेगी तो परेशानी का सबब हो सकता है।

जिले के उत्पादों को एक प्लेटफॉर्म पर लाना ओडीओपी का मकसद

एक जिला एक उत्पाद योजना से सभी जिले जुड़ें

नवीन मेल संवाददाता। रांची
वाणिज्य मंत्रालय, भारत सरकार के ओडीओपी (ओडीओपी) (एक जिला एक उत्पाद) द्वारा भारतीय ओडीओपी संपर्क मीडिया कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को पत्र सूचना कार्यालय, रांची के सहयोग से सूचना भवन के सभागार में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पीआईबी रांची के अपर महानिदेशक श्री अखिल कुमार मिश्रा ने कहा कि ओडीओपी के जरिए देश आत्मनिर्भर बन रहा है। श्री. प्रणव पाल, ज्वाइंट डायरेक्टर इंडस्ट्रीज, झारखंड सरकार ने कहा कि जिलों को निर्यात केंद्र बनाने के लिए पूरी कोशिश की जा रही है। सप्लाई चेन को बेहतर करने पर फोकस किया जा रहा है। आकाशवाणी रांची के संयुक्त निदेशक श्री. अब्दुल हमीद ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने वोकल फॉर लोकल का नारा दिया है। हम सबको अपने लोकल उत्पाद के लिए वोकल बनना होगा। डिप्टी डायरेक्टर निरंजन तिर्की ने कहा कि यह एक शुरूआत है। इंटरनेशनल मार्केट के लिये विक्रेताओं को झारखंड सरकार का पूरा सहयोग मिलेगा। श्री शैलेंद्र सिंह, डेवलपमेंट ऑफिसर इंडस्ट्रीज ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा ओडीओपी के वर्कशॉप झारखंड में भारत सरकार द्वारा आयोजित किए जाएं। कार्यक्रम के दौरान सोहराई कलाकारी के विक्रेता ने कहा कि उन्हें सर्टिफिकेशन में सहायता चाहिए। वहीं एक शहद विक्रेता ने कहा कि उन्हें पैकेजिंग के लिए मार्गदर्शन की जरूरत है। श्री ईशदीप सिंह और सुश्री सोनल चौधरी ने ओडीओपी, डीपीआईआइटी का प्रतिनिधित्व करते हुए ओडीओपी के पहल के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने एनपीओपी, जेम, एनआईडी के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। विक्रेताओं के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने यहां के लोकल विक्रेताओं को पूरी सहायता करने का आश्वासन प्रकट किया।

जेबीवीएनएल बनायेगा व्हाट्सअप ग्रुप

रांची। अभी गर्मी पूरी तरह शुरू भी नहीं हुई है और लोडशेडिंग शुरू होने लगा है। लोग अभी से ही पानी की समस्याओं से जूझने लगे हैं। इन सब को देखते हुए बिजली की समस्याओं के समाधान के लिए जेबीवीएनएल बिजली दोस्त व्हाट्सअप ग्रुप बनाएगा। इस ग्रुप जुड़कर लोग अपनी समस्याओं यथा खराब बिजली आपूर्ति, जर्जर तार, खराब ट्रांसफार्मर, असमय बिजली बिल , भुगतान की समस्या आदि को रख सकते हैं, ताकि उनका त्वरित गति से निष्पादन किया जा सके। यह जानकारी जेबीवीएनएल के कॉमर्शियल डायरेक्टर मनीष कुमार ने दी। उन्होंने जनप्रतिनिधियों को विभाग से जुड़कर काम करने के लिए 'बिजली दोस्तस' ह्वाट्सअप ग्रुप बनाने का आग्रह किया है, जिसमें सहिया दीदी, वार्ड पार्षद अथवा अन्य लोगों को जनप्रतिनिधियों के माध्यम से जोड़ा जायेगा।

स्पेशल ट्रेन की 26 फरवरी से बुकिंग शुरू, साहिबगंज से चलेगी

नवीन मेल संवाददाता। रांची
रेलवे ने होली में बाहर से लौटने वाले यात्रियों की भीड़ को देखते हुए साहिबगंज होकर होली स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की है। होली स्पेशल ट्रेन दो से 23 मार्च 2023 तक मालदा टाउन और वलसाड के बीच चलेगी। यह जानकारी मालदा डिवीजन से मिली है। ट्रेन संख्या (09011) वलसाड- मालदा टाउन होली स्पेशल ट्रेन दो से 23 मार्च, 2023 तक चार ट्रिप चलेगी। गुरुवार को वलसाड से यह 10:15 बजे प्रस्थान करेगी। वहीं, ट्रेन संख्या (09012) मालदा टाउन-वलसाड के बीच पांच से 26 मार्च, 2023 तक हर रविवार को 9:05 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन न्यू फरक्का, बरहरवा, साहिबगंज, कहलगांव, भागलपुर, सुल्तानगंज, जमालपुर, अभयपुर स्टेशनों पर रुकेगी। होली स्पेशल ट्रेन में सामान्य, शयनयान और वातानुकूलित कोच होंगे। बुकिंग 26 फरवरी से शुरू होगी। यात्री पीआरएस और इंटरनेट के माध्यम से बुकिंग करा सकते हैं। ट्रेन में तत्काल कोटा उपलब्ध नहीं होगा। ट्रेन के चलने से रेलखंड के यात्रियों को पर्व पर घर वापसी के लिए सुविधा होगी।

दूसरी ओर, दक्षिण पूर्व रेलवे के नारायणगढ़-भद्रक तीहरी लाइन की कमीशनिंग के लिए 25 फरवरी से छह मार्च, 2023 तक प्री-एनआई एवं एनआई का काम किया जाएगा। इससे गोमो एवं बोकारो होकर चलने वाली ट्रेनें प्रभावित होंगी। इस दौरान कई ट्रेनों को रद्द किया गया है, वहीं कई ट्रेनों का रूट डायवर्ट किया गया है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मियों ने ली कर्तव्यनिष्ठा की शपथ

नवीन मेल संवाददाता। रांची स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर नामकुम स्थित राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सभागार में शुक्रवार को स्वास्थ्य कर्मियों को अपने कार्य दायित्वों के निर्वहन के लिए शपथ दिलाई गई। प्रशासी पदाधिकारी ने सभी कर्मियों के साथ प्रतिज्ञा पत्र को पढ़कर भ्रष्टाचार को समाप्त करने, उच्चतम मानकों को स्थापित करते हुए वचनबद्ध रहने, भारत के संविधान के प्रति सदा सर्तक रहने, रिश्वत न लेने-न ही देने के साथ ईमानदारी का उदाहरण प्रस्तुत करने का संकल्प लिया। इस मौके पर डा राकेश दयाल, डा एसपी शर्मा, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सभी परामर्शी, समन्वयक, कम्प्यूटर ऑपरेटर, चालक आदेशपाल और अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

बेंचप्रेस डेडलिफ्ट प्रतियोगिता 26 से

रांची। झारखंड स्टेट बेंचप्रेस डेडलिफ्ट और पुश-पुल प्रतियोगिता का आयोजन रांची के हरमू रोड स्थित दिगम्बर जैन भवन में 26 फरवरी को होगा। इसमें झारखंड से 24 जिलों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता को खिलाड़ियों के बीच दो भागों में बांटा गया है। पहले में 23 साल के उपर के खिलाड़ी होंगे जबकि दूसरे भाग में 23 साल से कम उम्र के खिलाड़ी भाग लेंगे। साथ ही साथ इस खेल में द अंटी डॉटेस बैंड के द्वारा म्यूजिक कार्यक्रम भी आयोजित किया जायेगा। खेल प्रतियोगिता में रांची विधायक सीपी सिंह, हटिया विधायक नवीन जायसवाल, लोहरदगा भाजपा प्रभारी मनोज मिश्रा और मिस फेमिना झारखंड 2023 श्रृष्टि श्रेया उत्साहवर्धन करेंगी। प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को एक लाख रुपये तक का पुरस्कार वितरित किया जाएगा। बीस्ट क्लासिक झारखंड स्टेट बेंचप्रेस डेडलिफ्ट और पुश-पुल चैंपियनशिप के ऑगेर्नाइजर विशाल कुमार झा और मोनू सिंह हैं।

50 प्रतिशत से अधिक फसल क्षति होने पर जमा करें आवेदन

नवीन मेल संवाददाता। रांची
किसानों के फसल की जो क्षति हुई है जिससे किसान वर्ग के लोग काफी परेशान नजर आ रहे हैं। एक तो समय पर वर्षा नहीं होने के कारण फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। खेतों में लगे बिचड़े पानी के कारण सूख गये, जिससे किसानों को समय पर खेतों में धान की फसल नहीं लग पायी। इसी को लेकर सरकार ने झारखंड राज्य फसल राहत योजना को जमीन पर उतारने का काम शुरू कर दिया है। कृषि विभाग ने इस योजना के तहत किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए उनसे 15 मार्च तक आवेदन मांगा है। इस योजना के तहत रबी फसल, गेहूं, सरसो, चना और आलू फसल के लिए क्षतिपूर्ति राशि दी जाएगी। 30 से 50 प्रतिशत फसल क्षति होने पर किसानों को प्रति एकड़ 3 हजार रुपये दिये जायेंगे। 50 प्रतिशत से अधिक फसल क्षति होने पर किसानों को प्रति एकड़ 4 हजार रुपये मिलेगा। यह लाभ अधिकतम 5 एकड़ खेत में लगी फसल के लिए क्षतिपूर्ति राशि दी जाएगी। लाभ केवल प्राकृतिक आपदा से होने वाली फसल क्षति के मामलों पर लागू होगा। योजना का लाभ लेने लिए किसानों को ऑनलाइन निबंधन कराना होगा। प्रत्येक फसल (खरीफ-रबी) में अलग-अलग आवेदन देना होगा। योजना में भाग लेने के लिए कोई प्रीमियम नहीं देना है। प्राकृतिक आपदा से हुई फसल क्षति का आकलन एवं निर्धारण क्रॉप कटिंग एक्सपेरिमेंट के आधार पर दिया जाएगा। भू-स्वामित्व प्रमाण पत्र या राजस्व रशीद देनी होगी। वंशावली (मुखिया, ग्राम प्रधान, राजस्व कर्मचारी, अंचल अधिकारी द्वारा निर्गत) देनी होगी। सरकारी भूमि पर खेती करने के लिए राजस्व विभाग से निर्गत बंदोबस्ती पट्टा देना होगा।

मधु कोड़ा की सुनवाई दो सप्ताह बाद होगी

रांची। राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण घोटाले में आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की ओर से दायर याचिका की सुनवाई दो सप्ताह बाद होगी। यह मामला हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में सूचीबद्ध था। निचली अदालत द्वारा इस मामले में मधु कोड़ा के खिलाफ आरोप गठित किए जाने को हाई कोर्ट में चुनौती दी गई है इसके पहले उन्होंने निचली अदालत द्वारा डिस्चार्ज पिटीशन खारिज किए जाने को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। इसी दरम्यान निचली अदालत ने उनके खिलाफ आरोप गठित कर दिया था। इसके बाद मधु कोड़ा ने हस्तक्षेप याचिका (आईए) दाखिल कर निचली अदालत द्वारा आरोप गठित किए जाने को भी हाई कोर्ट में चुनौती दी है। उल्लेखनीय है कि मधु कोड़ा पर आरोप है कि उन्होंने पूर्व में मुख्यमंत्री के उच्च पद का दुरुपयोग करते हुए हैदराबाद की बिजली कंपनी आईवीआरसीएल के डायरेक्टर डीके श्रीवास्तव से मुंबई में 11.40 करोड़ रुपये घूस ली।

सड़क दुर्घटना में एक की मौत, चार घायल

रांची। तमाड़ थाना क्षेत्र के जोजोडीह के समीप सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों को बेहतर इलाज के लिए रिम्स भेजा गया है। घटना गुरुवार देर रात की है । जानकारी के अनुसार जोजोडीह के समीप एक कंटेनर खड़ी थी । इसी दौरान जमशेदपुर की ओर से एक कार ने खड़े कंटेनर में टक्कर मार दी, जिसमें अनुराग कुमार चौबे की मौत हो गयी। मृतक सरायकेला खरसावां के आदित्यपुर का रहने वाला है। जबकि घायलों में राजा महानंद, सोनल बॉस, दीपक कुमार और कृष्णा दुबे शामिल है। घायलों का इलाज रिम्स में चल रहा है।

योजना विकास कार्यों को आगे बढ़ाने की योजना तैयार

ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए जरूरी

नवीन मेल संवाददाता। रांची
वन उत्पाद के मामले में झारखंड पर प्रकृति की विशेष मेहरबानी है। लाह, तसर, शहद, ईमली, चिरौंजी, साल बीज, महुआ आदि झारखण्ड के वनों में प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं। राज्य गठन के बाद से राज्य के किसानों को वन उत्पाद का सही मूल्य दिलवा पाना चुनौती का विषय बना हुआ था लेकिन इस चुनौती को स्वीकार करते हुए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने वीर शहीद सिद्दो-कान्हो के नाम से सिदो-कान्हू कृषि एवं वन उत्पाद संघ का निर्माण किया। इसके तहत राज्य के सभी किसानों एवं वन उत्पाद संग्राहकों को संगठित करते हुए उनके विकास के कार्यों को आगे बढ़ाने की योजना तैयार की गयी है, ताकि वनोत्पाद के माध्यम से भी ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिए नव ऊर्जा का संचार किया जा सके। किसानों के वनोपज को उचित मूल्य और बाजार उपलब्ध कराने के उदेश्य से सभी पैक्स-लैम्प्स को आधुनिक स्वरूप देने की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देश के तहत धरातल पर अब सकारात्मक प्रयास प्रारम्भ हुए हैं। इस कड़ी में सहकारिता के माध्यम से कृषि और वन उपज में आजीविका संवर्धन पर सभी जिला मुख्यालयों में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है, जिसकी शुरूआत रांची से 17 फरवरी को की गयी। प्रत्येक जिले में कार्यशाला के आयोजन के बाद जल्द ही सभी पैक्स-लैम्प्स को जोड़ते हुए सदस्यता अभियान प्रारंभ किया जाएगा। राज्यभर में पैक्स-लैम्प्स के सदस्यों को उनकी कृषि और उपज के लिए प्रशिक्षण की सुविधा प्रदान करने की योजना भी सरकार की है। मुख्यमंत्री के निर्देश के तहत पलाश ब्रांड की ही तरह सिदो-कान्हू कृषि एवं वन उत्पाद संघ के विभिन्न उत्पादों को बाजार तक पहुंचाने की जिम्मेवारी निभाई जाएगी। इसका मूल उद्देश्य जिले के सभी लैम्प्स -पैक्स को उचित बाजार तक पहुंच सुनिश्चित करना, क्षमता निर्माण, प्रसंस्करण और एक मजबूत ब्रांड को खड़ा करना है। सिदो-कान्हू कृषि एवं वन उत्पाद संघ में त्रिस्तरीय संरचना का गठन किया जा रहा है। पंचायत स्तर पर लैम्प्स -पैक्स, जिला स्तर पर संघ एवं राज्य स्तर पर महासंघ कार्य करेगा। पंचायत स्तरीय समिति उत्पादन एवं संग्रहण का जिम्मा एवं जिला स्तरीय संघ प्रसंस्करण की जिम्मेवारी निभाएगी। विभिन्न सुविधाओं से जोड़ते हुए वनोत्पाद के साथ आगे बढ़ने की जो परिकल्पना की गयी है।

मानव सेवा ही ईश्वर सेवा है

रांची। रूपसोना नर्सिंग कॉलेज हेसल में शुक्रवार को लाइटिंग सह कैपिंग सेरेमनी आयोजित की गई। बीएससी नर्सिंग के 40, जीएनएम के 50 और एएनएम के नए सत्र के नर्सिंग छात्र-छात्राओं की कैपिंग सेरेमनी की गई। मुख्य अतिथि फादर जॉर्ज, विशिष्ट अतिथि सिस्टर एथलरिडा और निदेशक सोनोती टुडू मौजूद थे। फादर जॉर्ज ने मानव सेवा को ईश्वर की सेवा बताई। सोनोती टुडू ने कहा कि नर्सिंग सेवा का पहला कर्तव्य मानव सेवा है। नर्सिंग की संस्थापक फ्लोरेंस नाइटिंगल से प्रेरणा लेकर हमें अपने कर्तव्य को ईमानदारी से निभाना है। इस दौरान सभी छात्र-छात्राओं ने अपने कर्तव्य निर्वहन को लेकर शपथ ली। प्राचार्या पी विजयाश्री ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मौके पर पोषण, खेलकूद प्रतियोगिता में सफल छात्र-छात्राओं के बीच निदेशक, मुख्य अतिथि और प्राचार्या ने पुरस्कार वितरण किया। कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया।

श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर अन्नपूर्णा सेवा में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया

नवीन मेल संवाददाता। रांची
रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा संचालित पहाड़ी मंदिर रोड में स्थित तिरुपति मंदिर के सामने श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर अन्नपूर्णा सेवा में आज 130 लाभुकों ने भोजन प्राप्त किया। इस अन्नपूर्णा सेवा केंद्र पर रमेश बंका एवं अनामिका बंका के वैवाहिक वर्षगांठ पर भोजन प्रसाद प्रायोजित था। इस अवसर पर बंका परिवार के काफी लोग उपस्थित थे। मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा संचालित दूसरे केंद्र पुरुलिया रोड स्थित अन्नपूर्णा सेवा में 230 लाभुकों ने भोजन प्राप्त किया। इस अवसर पर रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल ने कहा की माता अन्नपूर्णा लोगों को इसी प्रकार सेवा करने की प्रेरणा प्रदान करें और प्रभु की कृपा सदैव इनके परिवार पर बनी रहे। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए अन्नपूर्णा सेवा निरंतर चलती रहेगी। इस अवसर पर-प्रमोद अग्रवाल, मनोज रूईया, ललित कुमार पोद्दार, प्रदीप नारसरिया, पुरुषोत्तम विजयवर्गीय, संजय सर्राफ, द्वारका अग्रवाल, रमेश बंका, अंजनी बुधिया, सहित कई लोग उपस्थित थे। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया है कि दोनों अन्नपूर्णा सेवा स्व० सत्यनारायण नारसरिया एवं स्व० शारदा देवी नारसरिया की स्मृति में रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के द्वारा संचालित है।

NEWS इन ब्रीफ

चलती ट्रेन से गिरकर किशोर की मौत

गिरिडीह। गिरिडीह से मधुपुर जाने वाली पैसेंजर ट्रेन से गिरकर करीब 17 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। सूचना मिलने पर शुक्रवार सुबह आरपीएफ के एसआई धीरेंद्र कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और इसकी सूचना मुफस्सिल थाने को दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। घटना के बाद आसपास के ग्रामीण काफी संख्या में घटनास्थल पर जुट गए। फिलहाल खबर लिखे जाने तक शव की पहचान नहीं हो पाई थी।

कांटा टोली चौक के समीप ट्रक में लगी आग

रांची। लोअर बाजार थाना क्षेत्र स्थित कांटाटोली चौक के समीप खड़ी ट्रक में शुक्रवार सुबह भीषण आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज थी कि ट्रक का अधिकांश डीजल जल गया। स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया। इस मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। वहीं आग लगने की सही जानकारी अब तक सामने नहीं आ पाई है। बताया जाता है कि कांटाटोली चौक के समीप ट्रक खड़ी थी और उसी समय आग लग गई। फिलहाल आग पर काबू पाया जा रहा है।

शनिदेव महाराज मंदिर का वार्षिकोत्सव 26 को

रांची। श्री 1008 शनि देव महाराज नामकुम मंदिर का पांचवां वार्षिकोत्सव 26 फरवरी को मनाया जाएगा। सुबह 9 बजे कलशयात्रा, 10 बजे वेदीपूजन, 11 बजे महाआरती, दोपहर एक बजे से भंडारा होगा। शनि मंदिर महोत्सव में लगभग 15,000 भक्तों के आने की संभावना हैं। यह जानकारी मंदिर के पुजारी मुकुल पाठक ने दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में दीपक राणा, शंकर महतो, शंकर पंडित, मंटू लाला, ताराचंद पांडेय, नीरज सिंह, सुनील यादव, सुनील कुमार, नवीन सहित अन्य लोग जुटे हुए हैं।

नगर निगम 27 फरवरी से लगाएगा लोन मेला

रांची। लाइट हाउस प्रोजेक्ट के तहत नगर निगम धुर्वा में 1008 फ्लैट बन रहा है। लेकिन, बैंकों की अड़चन के कारण अब तक कई लोगों की लोन प्रक्रिया पूरा नहीं हुई है। इसे देखते हुए रांची नगर निगम 27 फरवरी से लोन मेला लगा रहा है। इस मेले में लोन लेने के इच्छुक लोग पहुंचकर लोन स्वीकृत करवा सकते हैं। लोन मेला 16 मार्च तक चलेगा।

सुरक्षा को लेकर पुलिस ने लगाया गति अवरोधक

कुरडेग। कुरडेग पुलिस थाना प्रभारी मुन्ना रमानी के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा के मद्देनजर कुरडेग थाना क्षेत्र के कुरडेग सिमडेगा मुख्य मार्ग के ब्लैक स्पॉट परकला के प्लस टू विधालय मोड़ , संत जॉन स्कूल मोड़ और कस्तूरबा गाँधी विद्यालय के पास ड्रम लगाकर गति अवरोधक बनाया। इस दौरान थाना प्रभारी मुन्ना रमानी ने वाहन चालकों को रोक कर यातायात के नियमों की जानकारी देते हुए कहा कि वाहन चलाते समय हेलमेट , सीट बेल्ट का उपयोग अवश्य करें।

वन अधिकार कानून की दी गई जानकारी

सिमडेगा। केरसई प्रखंड के कोनजोब पंचायत अंतर्गत कोरकोटजोर ग्रामसभा की बैठक त्रिलोकी कालो की अध्यक्षता मे हुई ।इस अवसर पर श्री अनूप लकड़ा को विशेष रुप से आमंत्रित किया गया।अनूप लकड़ा ने कहा कि वनाधिकार कानून 2006 के तहत वनपट्टा हेतू बहुत से ग्रामसभा के लोग आवेदन जमा किये है लेकिन वर्षों बीत जाने के बाद भी आजतक वन पट्टा नही मिला है।

नकाबपोश ने बोला धावा

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा
ग्रामीण विकास विभाग के तत्वधान में संवेदक द्वारा घाटा से पतलो तक करोड़ो की लागत से पीसीसी व कालीकरण पथ निर्माण कार्य मे अपराधियों ने बोला धावा 5 मोबाइल लूट दिया चेतावनी। सेन्हा थाना क्षेत्र के घाटा से पाली तक सड़क निर्माण कार्य संवेदक द्वारा कराया जा रहा है। इस दरमियान कजरहट नदी के समीप गुरुवार देर शाम पथ निर्माण कार्य कराया जा रहा था। कि तीन नकबपोसी अपराधी एक बाइक पर सवार हो कार्यस्थल पहुंच सभी मजदूर को एक स्थान पर हथियार के बल से खड़ा कर कार्य बंद करने की धमकी देते हुए पांच मजदूर का मोबाइल लूट लिया। मजदूर अलग अलग राज्य व जिला से काम करने आये थे। जिसमें बिहार शरीफ सुरतपुर निवासी गणेश पासवान के पुत्र पिंटू पासवान अरौत थाना बेना जिला नालंदा निवासी लक्ष्मी मांझी के पुत्र प्रदीप मांझी स्वर्गीय कृष्णबल्लभ प्रसाद के पुत्र रंजीत कुमार चंद्रवंशी एवं जेसीबी चालक चैनपुर निवासी गोवर्धन बड़ाइक उपचालक डुमरी थाना क्षेत्र के लोहड़ा निवासी असमु उराँव के पुत्र भदेस उराँव का मोबाइल लूट हथियार चमकाते हुए भाग निकले। बताया जाता है कि ग्रामीण विकास विभाग (आरईओ) लोहरदगा के द्वारा संवेदक रामबालक कुमार के द्वारा 2 करोड़ 48 लाख की लागत से घाटा से पाली तक पीसीसी एवं काली करण पथ निर्माण कार्य कराया जा रहा है। कार्य के दौरान गुरुवार देर शाम एक बाइक पर सवार हो तीन नकाबपोश अपराधी हथियार से लैस हो कर कार्यस्थल पहुंच मजदूरों को धमकाते हुए एक स्थान पर खड़ा करवा कर पांच मजदूर का मोबाइल लूट लिया और धमकी देते हुए कहा कि जब तक संवेदक बात नही करता है तब तक कार्य आरम्भ किया तो अंजाम बुरा होगा मजदूरों ने बताया सभी अपराधी नकाबपोश एवं बाइक का नम्बर प्लेट में कपड़ा बांधे हुए थे। वहीं इस घटना की सूचना सेन्हा पुलिस को मिलते ही वरीय पुलिस पदाधिकारी डीएसपी परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान द्वारा दलबल के साथ देर रात घटना स्थल पहुंच जेसीबी को सुरक्षित थाना लाया गया। वही सत्यता की जांच में पुलिस जुटी हुई है।

थाने में होली को लेकर शांति समिति की बैठक

बानो। बानो सर्किल के महाबुवांग थाना में होली पर्व को देखते हुये शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में थाना प्रभारी हेमकिशोर गुप्ता ने ग्रामीणों से कहा कि होली रंगों का पर्व हैं।प्रेम का।मिल जुल कर मनाएं।क्षेत्र शांति बनाये रखने में आप लोगो का सहयोग अति आवश्यक है। आसपास कोई घटना हो तो जल्द प्रशासन को या जनप्रतिनिधियों को जानकारी दे ताकि समय पर कार्य हो सके वाहन चालकों को हेलमेट पहनना जरूरी है। बिना हेलमेट पकड़े जाने पर जुमार्ना हो सकता है।इसी तरह चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगा कर चले। साथ गाड़ी के कागजात अवश्य रखें। नशा पान कर व तीन व्यक्ति बैठ के मोटरसाइकिल पर न चले। बार बार समझने के बावजूद लोग गलती करते है ऐसे में फाइन करना जरूरी हो जाता है। इस समय साइबर क्राइम शहर से गांव तक पहुंच गया है।किसी के बहकावे न आएं। कभी ट्रैक्टर मिलने, कभी लेपटॉप मिलने कह कर लोगों को ठगा जा रहा है।

यूथ लीडरशिप डेवलपमेंट की कार्यशाला आयोजित

नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा
कोलेबिरा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत एस के बागे महाविद्यालय कोलेबिरा में पिरामल फाऊंडेशन के द्वारा यूथ लीडरशिप डेवलपमेंट के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत पीरामल फाऊंडेशन की कार्यक्रम प्रबंधक दीपशिखा कुमारी के द्वारा बताया गया की कैसे आज के युवा राष्ट्र निर्माण में भागीदारी सुनिश्चित कर सकते हैं कैसे अपनी समुदाय के बीच रह कर समस्याओं को पहचान कर उनकी समाधान का उपाय कर सकते हैं। इस कार्यक्रम के तहत पीरामल फाऊंडेशन के गांधी फेलोशिप कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी भी कॉलेज के छात्र छात्राओं को दी गई, इस मौके पर सिमडेगा जिले के गांधी फैलो तनुश्री सरकार, सत्या सिंह, रोहित राज और तनुमोय सेन के द्वारा फेलोशिप में कर रहे कार्यों एवम अपनी कार्य अनुभव को साझा किया गया। इस कार्यक्रम के तहत कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. अनूप गुप्ता एवम प्रो. देशबंधु शास्त्री के द्वारा कहा गया इस तरह का ये पहला कार्यक्रम है जो पिरामल फाऊंडेशन के द्वारा किया गया जिससे हमारे ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे इस कार्यक्रम से जुड़ कर नेतृत्व क्षमता का विकास कर राष्ट्र निर्माण में सहयोग कर पाएंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. अनूप गुप्ता, प्रो. वी बी शास्त्री, प्रो. बालमुकुंद प्रसाद, प्रो. रमेश प्रसाद, डा. सूचित सिन्हा, डा. रीना जया कुमारी, प्रो. रोजलिया,सहयोगी भुवन पटनायक, प्रो सुचित सिन्हा, डा रश्मि वर्मा एवम विध्यालय के छात्र छात्राएं शामिल हुए।

सर्च अभियान में सुरक्षाबलों ने चार आईईडी बरामद किया

नवीन मेल संवाददाता। पश्चिमी सिहंभूम
पश्चिमी सिहंभूम (चाईबासा) के गोईलकेरा थाना क्षेत्र के वनग्राम और मेरालगढ़ा के आस-पास सर्च अभियान के दौरान पुलिस ने चार आईईडी बम बरामद किये है। बरामद आईईडी में एक पांच किलो और तीन आईईडी तीन किलो के थे। सुरक्षाबलों और पुलिस ने बरामद आईईडी को बम निरोधक दस्ते की सहायता से डिफ्यूज किया गया। एसपी आशुतोष शेखर ने शुक्रवार को बताया कि प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, चमन, कांडे, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन अपने दस्ता सदस्यों के साथ कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील है।

चाईबासा में आईईडी विस्फोट महिला घायल

नवीन मेल संवाददाता। चाईबासा
यहां के टोंटो थाना क्षेत्र के पटातारोब गांव और रेंगड़ाहातु के बीच स्थित रुकुबुरु जंगल में एक आईईडी विस्फोट में जेमा बहान्दा (55) जख्मी हो गयी। वह लकड़ी चुनने के कार्य से जंगल की ओर गयी थी। घटना की सूचना ग्रामीणों ने शुक्रवार को टोन्टो थाना को दिया। इसके बाद पुलिस ने घायल महिला को उचित चिकित्सीय उपचार के लिए ग्रामीणों के सहयोग से घटना स्थल से निकाला । फिर महिला को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। महिला की स्थिति स्थिर है। चाईबासा एसपी आशुतोष शेखर ने शुक्रवार को बताया कि पुलिस और सुरक्षा बलों की ओर कोल्हान क्षेत्र में लगातार संचालित नक्सल विरोधी अभियान के कारण सुरक्षा बलों को क्षति पहुंचाने के लिए नक्सलियों की ओर से आईईडी का प्रयोग किया जा रहा है। आईईडी विस्फोट में ग्रामीणों को लक्षित कर घायल करना नक्सलियों का एक कायराना हरकत है। पुलिस आम जनता की सेवा में सदैव तत्पर है और ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए सघन नक्सल विरोधी अभियान का संचालन जारी रहेगा। एसपी आशुतोष शेखर का कहना है कि पुलिस की दबिश के कारण नक्सली काफी परेशान हो गये हैं और वह अपना रास्ता जान लेने और देने पर उतारू हो गये हैं। लेकि इससे पुलिस कभी भी दबाव में नहीं आयेगी।

भाजपा किसान मोर्चा की बैठक संपन्न, समस्याओं पर हुई चर्चा

नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा
शुक्रवार को कोलेबिरा मुख्यालय में भाजपा किसान मोर्चा की बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम प्रभारी जिला सिमडेगा सह प्रभारी दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल रांची,भाजपा किसान मोर्चा के मंगल सिंह भोगता ने कहा प्रदेश के निदेर्शानुसार माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में किसानों के हित में अनेकों कार्य किए गए। जिसमें महत्वपूर्ण कार्य किसान सम्मान निधि योजना के तहत सलाना 6000 प्रति किसानों को दिया जाता है। किसान सम्मान दिवस को नमो किसान सम्मान दिवस के रूप में कार्यकताओं ने मनाया। बैठक में सभी कार्यकताओं को निर्देश दिया गया की जिन किसानों का अभी तक किसान सम्मान निधि योजना के तहत राशि नहीं आया है वह अपने स्तर से किसानों को इस योजना से जोड़ने का पहल करें। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अशोक इंदवार ने किया। धन्यवाद ज्ञापन जनेश्वर बिरहोर ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम प्रभारी एवं दक्षिणी छोटानागपुर किसान प्रभारी मंगल सिंह भोक्ता उपस्थित थे। वही कार्यक्रम में किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष हीराराम, किसान मोर्चा जिला महामंत्री वालकेश्वर सिंह किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष जनेश्वर इंदवार, दिलेश्वर सिंह, अमरेंद्र बड़ाईक, अशोक ठाकुर, महेश्वर सिंह, गुमला जिला मीडिया प्रभारी बालेश्वर सिंह, कृष्णा दास, कृष्णा सिंह, गिरधर सिंह, सुरेंद्र सिंह सहित काफी संख्या में भाजपा किसान मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

होली को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न

नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा
होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक शुक्रवार को कोलेबिरा थाना परिसर में संपन्न हुई। आयोजित बैठक में थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने बताया कि होली पर्व को लेकर प्रशासन चौकस है। इंटरनेट मीडिया पर किसी भी प्रकार के भ्रामक पोस्ट नही करें और ना हीं शेयर करें। ऐसा करना संज्ञेय अपराध है। ही गांव घर में किसी प्रकार का मामला आता है तो प्रखंड और थाना के अधिकारी को सूचना करें। माहौल खराब करने वालों से प्रशासन सख्ती से निपटेगी। अंचलाधिकारी हरीश कुमार ने कहा होली रंगों का त्योहार है। इसे आपसी प्रेम और भाईचारे के साथ मनाए। ग्राम पंचायतों में किसी प्रकार का अवरोध नहीं हो इसके लिए पंचायत प्रतिनिधि गंभीर रहें। थाना प्रभारी ने कहा कि वाहन अधिक स्पीड में न चलाएं और शराब पीकर ना चलाएं। वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें। वहीं अंचलाधिकारी हरीश कुमार ने कहा कि किसी को जबरदस्ती रंग नहीं लगाना है और इस दौरान किसी प्रकार का कोई अनहोनी होने की सूचना मिलती है तो थाना को तुरंत सूचित करें साथ ही 108 एंबुलेंस को दुर्घटना की जानकारी दे कर बुला सकते हैं।

बेटे ने मां को डंडे से पीट-पीट कर मार डाला

पूर्वी सिंहभूम। पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) के बरसोल थाना क्षेत्र अंतर्गत छोटा धडांगरि में एक नाबालिग बेटे ने मां बैशाखी मुंडा (47) की डंडे से पीटकर हत्या कर दी। घटना के संबंध में मृतक के पति भूषण ने बताया कि बेटा अपने दोस्तों के साथ पिकनिक मनाकर गुरुवार की देर रात घर पहुंचा। घर आने पर मां-बेटे में किसी बात को लेकर विवाद हुआ। इसी में बेटे ने मां को डंडे से मारा। आवाज सुनकर मृतक के पति भी छुड़ाने आये लेकिन उसने पिता की भी पिटाई कर दी। बेटे के डंडे से उसके मां के सिर में चोट लग गयी, जिससे उसकी मौत हो गयी। शुक्रवार सुबह लोगों को मामले की जानकारी हुई। ग्रामीणों ने मुखिया पति गणेश मुंडा को घटना की सूचना दी। इसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गयी। सूचना पाकर बरसोल थाना प्रभारी रामदयाल उरांव मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए घाटशिला भेज दिया।

प्रखंड के विभिन्न स्कूलों का राज्य शिक्षा पदाधिकारियों ने किया निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता। बोलबा
बोलबा प्रखंड के विभिन्न स्कूलों में राज्य शिक्षा कार्यक्रम पदाधिकारी के टीम ने औचक निरीक्षण किया।इस मौके पर बताया गया कि जांच टीम ने एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय बोलबा, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय एव राउम विद्यालय कच्छुपानी का औचक निरीक्षण किया गया।इस मौके पर विद्यालय प्रधानो को पाठ योजना के माध्यम से पढ़ाने, बच्चो को प्रतिदिन घर काम देने तथा उसे नियमित रूप से जांच करने का निर्देश दिया गया। एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय के शिक्षक अरूण प्रसाद के गणित पढाने के तरीके से संतुष्ट हुए और अच्छा करने का निर्देश दिया गया। वहीं अंग्रेजी के शिक्षक रोहित कुमार के द्वारा बच्चो को लेटर राईटिंग पढाया जा रहा था लेकिन बच्चो को समझ में नहीं आ रहा था। जिसमे अंग्रेजी विषय के प्रति बच्चों को बेसिक ज्ञान देने की बात कही गई। इस मौके पर बंद पड़े स्मार्ट क्लास को चालू करने ,प्रत्येक वर्ग के बाहर वर्ग संख्या लिखने, खिड़की एवम बेंच डेस्क का मरम्ती कराने,नामांकन की अपेक्षा उपस्थिति कम होने पर अनुपस्थित बच्चो की शत प्रतिशत उपस्थिति कराने का निर्देश दिया गया।कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बोलबा एवम राउमवि कच्चछुपानी का औचक निरीक्षण के दौरान सही पाया गया। इस मौके राज्य शिक्षा कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग, अमित किशोर, प्रिया कुमारी परियोजना समन्वयक,एपीओ नीरज बडाईक, फील्ड मैनेजर प्रशान्त मंगल, बीपीओ मनमोहन गोस्वामी, वार्डेन सह शिक्षिका कमला बडाईक, रंजीत कुमार एवं बी सिंह उपस्थित थे।

धार्मिक आयोजन से भक्ति का संचार होता है : प्रदीप

लोहरदगा। सेन्हा प्रखंड के बरही गांव में तीन दिवसीय पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ की शुरूआत बरही नदी से जल उठा कर की गई। जिसमें सैकड़ों महिलाएं कलश लेकर अपने गंतव्य स्थान पर जल उठाकर पहुंची। इस आयोजन से पूरे गांव में भक्तिमय का वातावरण बना हुआ है। आयोजित कलश यात्रा में जय श्रीराम समिति जिला संरक्षक अजय सोनी जिला उपाध्यक्ष प्रदीप साहू नगर अध्यक्ष दीपक साहू,सेंगराहतु महामंत्री आदित्य साहू, संगठन मंत्री आशीष महतो शामिल हुए। जिला उपाध्यक्ष प्रदीप साहू ने कहा इस तरह के धार्मिक आयोजन से लोगों में भक्ति का संचार होता है ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए। मौके पर राम लखन साहू, कृष्ण चेतन ब्रह्मचारी,परमानंद महतो,महावीर प्रसाद बरही अध्यक्ष अमर महतो समेत पदाधिकारी सदस्य एवं सभी ग्रामीण उपस्थित थे।

आस्था काली मंदिर में कुंभ भराई पूजन धूमधाम से संपन्न

श्रद्धालुओं का मंदिर में लगा रहा तांता

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा
सिमडेगा सदर प्रखंड अंतर्गत वीरू गांव में निमार्णाधीन महाकाली मंदिर निर्माण समिति की ओर से कुंभ भराई पूजन धूमधाम के साथ शुक्रवार को संपन्न किया। भाजपा नेता व समिति के उपाध्यक्ष तुलसी कुमार साहू ने बताया कि मुख्य अतिथि के रूप में श्री श्री 1008 श्री अखंड दास जी महाराज अध्यक्ष रामरेखा धाम विकास समिति एवं संत उमाकांत प्रपन्ना आचार्य जी मुख्य रूप से मौजूद थे। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं का ताता मंदिर में लगा रहा लोग अपने हाथों से मंदिर के गुंबद में धन, चावल रुपया पैसा अर्पित किए। पुरोहित प्रदीप मिश्रा यजमान दुर्ग विजय सिंह देव एवं उनकी धर्मपत्नी अनुष्ठान को संपन्न किया गया। संत महात्माओं को समिति के और से पुष्पमाला एवं अंग वस्त्र देकर भव्य रुप से स्वागत किया गया जिसमें श्री सत्यजीत कुमार, तुलसी साहू, सत्यनारायण प्रसाद, निलेश प्रसाद, गोपाल केसरी, दिनेश्वर होता, गंगाधर लोहरा, घनश्याम दास, घनश्याम सिंह आदि उपस्थित थे। तत्पश्चात स्वागत तथा अध्यक्षीय भाषण मा काली मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष सत्यजीत कुमार के द्वारा दिया सत्यजीत कुमार ने कहा समाज के सहयोग से मंदिर निर्माण का कार्य यहां तक हुआ है और आगे भी होगा तमाम आगंतुकों से निवेदन किया धार्मिक कार्य मैं बढ़-चढ़कर सहयोग करें।मुख्य अतिथि अखंड दास जी के द्वारा कहा गया समिति की इच्छा शक्ति ऊंची है मां काली की कृपा आप पर बनी रहे मुझे पूर्ण विश्वास है मुझे आप सभी पर पूरा विश्वास है की हमारे धर्म संस्कृति की रक्षा करते रहेंगे आप लोगों की मनोकामना है मां काली जल्द पूर्ण करेंगे और मां काली की कृपा आप सभी ग्राम वासियों पर हमेशा बना रहेगा इसे कार्यक्रम का समापन होने के बाद महाप्रसाद का वितरण किया गया ।जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने महा प्रसाद ग्रहण किया ।इससे कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में मुख्य रूप से सत्यजीत प्रसाद, तुलसी कुमार साहू, सतनारायण प्रसाद, निलेश प्रसाद ,घनश्याम सिंह, घनश्याम दास, आदित्य केसरी, सतीश प्रसाद, विकास प्रसाद, बजरंग गुप्ता ,दिनेश्वर होता ,भीम प्रसाद, सीमांत बीसी, जेवियर मिन्ज, नयन केसरी, अमन प्रसाद इत्यादि भारी संख्या में मंदिर निर्माण समिति के सदस्य उपस्थित थे।

बीडीओ ने सोय गांव का निरीक्षण कर लिया जायजा

बानो। बानो प्रखंड के बीडीओ यादव बैठा ने सोय पंचायत के ग्राम तीनसोंगड़ा, एल्ला ,महाबुवांग व सिजांग गाँव का दौरा कर प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों से मिल कर आवास जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। बीडीओ ने ग्रामीणों से मुलाकात कर लोगो का समस्याओं से अवगत हुए। बिभिन्न गावों में बन रहे प्रधानमंत्री आवास का निरीक्षण करते हुए आवास जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। मौके पर उन्होंने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से यह एक प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना है जिसमें ग्रामीणों को पक्के मकान बनाकर सरकार दे रही है ऐसे में इसे लापरवाही ना बरतें और समय पर अपनी आवाज को पूरा करें ताकि शत प्रतिशत गांव को प्रधानमंत्री आवास योजना से आच्छादित किया जा सके।

सड़क दुर्घटना में आठ वर्षीय बच्ची की मौत

नवीन मेल संवाददाता। सरायकेला
सरायकेला-खरसावां जिले के ईचागढ़ थाना क्षेत्र के चुनचुडीया मोड़ पेट्रोल पंप के समीप हुई भीषण सड़क दुघर्टना में आठ वर्षीय एक बच्ची की मौत हो गई जबकि आठ व्यक्ति घायल हो गए। बताया जाता है कि गुरूवार रात अनियंत्रित ट्रक ने यात्री ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी , जिसमें ऑटो में सवार ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के डुमरा गांव के आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जबकि एक बच्ची की मौत हो गई। ग्रामीणों के अनुसार तेज रफ्तार से तिरुलडीह से मिलन चौक की ओर से आ रही एक अनियंत्रित ट्रक ने पहले बामनडीह में एक व्यक्ति को ठोकर मारा। उसके बाद ट्रक चालक मिलन चौक होते हुए रांगामाटी भागने लगा। इसी क्रम में चुनचुडीया में डुमरा से पातकुम जा रहे सवारी ऑटो को पीछे से ठोकर मार दी, जिससे ऑटो के परखच्चे उड़ गए और उस पर सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पहले इलाज के लिए स्थानीय मिलन चौक स्थित माधुरी नर्सिंग होम ले जाया गया। लेककिन गंभीर रूप से घायल होने के कारण चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए सभी घायलों को मुरी स्थित सिंहपुर नर्सिंग होम में भेज दिया गया। गंभीर रूप से घायलों में पुनम कुमारी (8), विमला देवी (36), कमलाकांत प्रमाणिक (40), हलधर प्रमाणिक (12), दिपाली प्रमाणिक (16), अलका प्रमाणिक (35), कल्पना प्रमाणिक (16) आदि शामिल है। इलाज के क्रम में ही गम्भीर रूप से घायल पुनम कुमारी (8) की मौत हो गई। वहीं गंभीर रूप से घायल अलका प्रमाणिक को बेहतर चिकित्सा के लिए रांची रिम्स भेजा गया है।

आदित्य साहू ने सुनीता चौधरी के लिए मांगा समर्थन

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़
रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव प्रभारी सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी के पक्ष में चाय पर चर्चा एवं जनसंपर्क के माध्यम से वोट की अपील कर रहे हैं। शुक्रवार को उन्होंने शहर के वार्ड नंबर 5 व 6 सहित कई क्षेत्रों में चाय पर चर्चा एवं जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी के पक्ष में वोट देकर भारी मतों से विजय बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि राज्य की महागठबंधन सरकार जब से सत्ता में आयी है तब से राज्य में भ्रष्टाचार एवं अपराध काफी बढ़ा है। लोग भय के साये में जीने को विवश हैं। जबकि राज्य सरकार भ्रष्टाचार और अपराध के रोकथाम के लिए कोई ठोस कदम नही उठा रही है। श्री साहू ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने कोरोना के दौर में सभी देश वासियों के लिए मुफ्त वैक्सिन की व्यवस्था की। केंद्र सरकार की बेहतर प्रबंधन के कारण कोरोना के प्रकोप पर काबू पाया जा सका। आदित्य साहू ने कहा कि केंद्र सरकार ने अपने

देश में कोरोना वैक्सिन उपलब्ध करवाने के साथ साथ कई अन्य देशों में भी वैक्सिन भेजकर वहां के लोगों की मदद की। जिससे देश की छवि दुनियाभर में बेहतर हुई। इस मौके पर प्रो संजय सिंह, भाजपा मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी, विजय जायसवाल सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

चकुरा में शीघ्र बनेंगे पशु शरण स्थली

बरही । झारखंड सरकार के कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के द्वारा शीघ्र ही रसोईया धमना पंचायत के चकुरा टांड़ में दो सौ पशुओं की क्षमता वाला पशु शरण स्थली का निर्माण किया जायेगा । इस संबंध में अंचल कार्यालय ने मौजा चकुरा के खाता संख्या 20 प्लॉट संख्या 10 के 0.50 एकड़ गैरमजरुआ खास परती कदीम जमीन कृषि, पशुपालन और सहकारिकता विभाग को उपलब्ध करवा दिया है । जिसे एक वर्ष के अंदर निर्माण कार्य प्रारंभ करना अनिवार्य होगा अन्यथा यह जमीन स्वत भूमि सुधार एवं राजस्व विभाग को वापस हस्तांतरित हो जायेगा ।

मतगणना पर्यवेक्षकों को मिला प्रशिक्षण

रामगढ़ । 23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के मद्देनजर शुक्रवार को गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय में मतगणना पर्यवेक्षकों, मतगणना सहायकों एवं मतगणना सूक्ष्म प्रेक्षकों के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनरों के द्वारा उपस्थित सभी मतगणना पर्यवेक्षकों, मतगणना सहायकों एवं मतगणना सूक्ष्म प्रेक्षकों को 23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के तहत मतगणना के दिन किए जाने वाले कार्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान सभी को निर्वाचन आयोग द्वारा मतगणना के दिन किए जाने वाले कार्यों से संबंधित जारी दिशा निर्देशों की जानकारी देने के क्रम में सभी की दुविधाओं को दूर किया गया। मौके पर सभी को मतगणना के दिन भरे जाने वाले विभिन्न प्रकार के प्रपत्रों को भरने के संबंध में भी विभिन्न माध्यमों से जानकारी दी गई।

शिव मंदिर कुरूम के जीर्णोद्धार के लिए पूजन

रामगढ़। शिव मंदिर कुरूम के जीर्णोद्धार को लेकर 24 फरवरी को पूजन किया गया। यजमान सीताराम सिंह सपत्नीक के हाथों बाबा विश्वनाथ ज्योतिष केंद्र सोंढ़ चितरपुर के संचालक मिथलेश तिवारी ने विधि पूर्वक पूजन कार्य संपन्न करवाया। उन्होंने कहा कि इस स्थल पर ग्रामीणों ने भव्य शिव मंदिर को लेकर पूजन करवाया है। जो की प्रशंसनीय है। वहीं, मंदिर निर्माण कमेटी के अवधेश सिंह, अमित कुमार सिंह, सीता राम सिंह, ललन सिंह और पंकज सिंह ने कहा कि मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए पूजन संपन्न हो गया। अब शीघ्र ही इस स्थल पर भव्य शिव मंदिर का निर्माण कार्य संपन्न करवाया जाएगा। ताकि श्रद्धालुओं को पूजा अर्चना में कोई परेशानी नही हो। मौके पर बिनय कुमार सिंह, संतोष मुंडा, मुकेश सिंह, कारीनाथ मुंडा, उदय मुंडा सहित कई लोग मौजूद थे।

पूर्व विधायक मनोज यादव ने कलश देकर कलशधारियों को किया विदा

बरही महोत्सव सह शतचंडी महायज्ञ शुरू

- कोबरा वाहिनी के टैंकर से हो रहा था पानी का छिड़काव
- जलयात्रा के दौरान बरही पुलिस और कार्यकर्ता रहे मुस्तैद

नवीन मेल संवाददाता। बरही
मां भगवती सेवा संस्थान ट्रस्ट बरही के मां भगवती मंदिर परिसर में आयोजित नौ दिवसीय श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ सह 13वें बरही महोत्सव का भव्य कलश यात्रा के साथ आगाज हुआ । गाजे बाजे के साथ निकले इस कलश यात्रा में शहर के हजारों श्रद्धालु सहित सैकड़ों महिलाए और बच्चियों ने भाग लिया। यज्ञाचार्य मंडली के मंत्रोच्चारण और जयश्रीराम के गगनभेदी नारो के बीच बतौर मुख्यातिथि पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने सूर्यमंदिर स्थित बरही नदी घाट पर महायज्ञ के पवित्र कलश देकर जलयात्रा की शुरूआत किया । जो हजारीबाग रोड होते हुए गया रोड, तिलैया रोड और धनबाद रोड का भ्रमण करते हुए यज्ञ परिसर में प्रवेश किया। जहां पूरे विधि विधान के साथ पवित्र कलश को प्रतिष्ठापित किया गया। यात्रा के दौरान कड़ी धूप से राहत के दिलाने के लिए 203 कोबरा बटालियन की ओर से पूरे मार्ग में जल छिड़काव किया जाता रहा था । पूरा मार्ग भक्ति गीत और गगनभेदी नारो के के बीच भक्तो की टोलियां नृत्य और संगीत के साथ झूमते रहे। ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने में एसआई महेंद्र बैठा, कामेश्वर सिंह आदि सहित थाना के कई पुलिस अधिकारी और जवान मौजूद थे।

इनकी रही भूमिका

भव्य जलयात्रा को सफल बनाने में महायज्ञ के पदाधिकारियों में मुख्य संरक्षक रमेश ठाकुर, सुरेंद्र रजक, नवल किशोर सिंह, अध्यक्ष बिपिन सिन्हा, उपाध्यक्ष किसुन यादव, सचिव बलराम केसरी, कोषाध्यक्ष ब्रजेश ठाकुर सहित राजकुमार यादव, गुरुदेव गुप्ता, किशोर ठाकुर आदि सहित महायज्ञ के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।

जलयात्रा में हुए शामिल

जलयात्रा में बरही पश्चिमी जिप सदस्या प्रीति गुप्ता, सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राज सिंह चौहान, तिलेश्वर साहू सेना के केंद्रीय अध्यक्ष अरुण साहू, केसरवानी समाज के प्रदेश अध्यक्ष भगवान केसरी, धनवार मुखिया राजेंद्र प्रसाद, पूर्व मुखिया छोटन ठाकुर, हरेंद्र यादव, मनोज केसरी, अमित सिंह, मेवालाल केसरी आदि शामिल हुए।

हजारीबाग में बाल संरक्षण अधिकार आयोग के सदस्यों ने उपायुक्त के साथ की बैठक

हजारीबाग। बाल संरक्षण अधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य रूचि कुजुर और मिन्हाजुल हक ने उपायुक्त के साथ समाहरणालय सभागार में बैठक की। बैठक में आयोग के सदस्य ने पिछले कुछ दिनों में विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान संज्ञान में आईं समस्याओं एवं उनके कारणों पर चर्चा की। साथ ही उनके निराकरण पर विचार हुआ। जिला बाल संरक्षण कार्यालय के लिए सीआरएस मद से बेहतर कार्यक्षमता के लिए एक वाहन उपलब्ध कराने की मांग की गई ताकि रेस्क्यू किये बच्चों को लाने व ले जाने में सुविधा हो सके। इस मौके पर जिला सामाजिक कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलखो, जिला शिक्षा पदाधिकारी उपेंद्र नारायण, जिला शिक्षा अधीक्षक संतोष गुप्ता, बीईओ नागेश्वर सिंह, डोमन मोची, एलपी ओ राकेश कुमार सिंह, सीडब्लूसी सदस्य मुन्ना पांडेय, डॉ भारती नयन, सविता सिन्हा, पायल सिन्हा इत्यादि उपस्थित थे।

अपराध सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम

नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा
प्रखंड क्षेत्र के ग्राम कलहाबाद स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय कलहाबाद में सड़क यातायात एवं साइबर अपराध सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रधानाध्यापक अमित राम एवं शशिभूषण प्रसाद की देखरेख में आयोजित किया गया। वहीं मुख्य अतिथि बरकट्ठा थाना प्रभारी विक्रम कुमार एवं मुखिया कलावती देवी मौजूद थी। थाना प्रभारी विक्रम कुमार ने कहा कि आनलाइन प्लेटफॉर्म का उपयोग करते समय निवारक उपायों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने छात्रों को अपने मौलिक कर्तव्यों के बारे में जागरूक होने, छात्रों को किताब पढ़ने की आदत विकसित करने, ड्रग्स से दूर रहने और समाज में साइबर क्राइम और सड़क यातायात सुरक्षा के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने फायरवॉल, ट्विटर हैंडल आदि पर व्यक्तिगत जानकारी को सुरक्षित रखने के लिए भी बताया। मुखिया कलावती देवी ने कहा कि हर छात्र का दायित्व बनता है कि वह अपने आसपास के समाज में साइबर अपराध और सड़क यातायात सुरक्षा के बारे में लोगों को जागरूक करें। कहा कि लोगों के द्वारा अपने दैनिक जीवन में इंटरनेट का व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है। इसलिए इन प्लेटफार्मों के सुरक्षित उपयोग के लिए छात्रों को जागरूक करना आवश्यक है ताकि वे लोगों को भी सुरक्षित उपयोग की जानकारी दे सकें। संवादात्मक सत्र कार्यक्रम में अष्टम एवं नवम वर्ग के सभी छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर शिक्षक रामचंद्र प्रसाद, शंकर कुमार, नागेश्वर कुमार अग्रवाल, तारकेश्वर शाही, जमिला तब्बसुम, बिनोद साव, धानेश्वर कुमार, जयप्रकाश प्रसाद, मनोज कुमार, वृशकेतु प्रसाद समेत कई लोग उपस्थित थे।

सुदेश महतो ने सुनीता चौधरी के पक्ष में मांगा समर्थन

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़
राज्य के पूर्व उप मुख्यमंत्री सह आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव को लेकर 24 फरवरी को गोला प्रखंड के बरलंगा और चोकाद में जनसंपर्क अभियान चलाया एवं नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने लोगों से आगामी 27 फरवरी को होनेवाले रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी को वोट देकर उन्हें भारी मतों से विजय बनाने की अपील की। कहा कि महागठबंधन की सरकार ने राज्य के लोगों से कई वादे किये और सत्ता में पहुंची। पर सत्ता प्राप्ति के बाद उसने लोगों से किये वादों को पूरा करने पर ध्यान नही दिया। आजसू सुप्रीमो ने कहा कि महागठबंधन सरकार के कार्यकाल में राज्य में भ्रष्टाचार और अपराध बढ़ गया है। जिसे रोक पाने में राज्य सरकार विफल सिद्ध हुई है। श्री महतो ने कहा कि राज्य के बेरोजगारों को कई सपने दिखाए गये थे, पर खाली पड़े पदों पर बहाली नही की जा रही है। जिससे बेरोजगार युवकों में राज्य सरकार के प्रति आक्रोश है। सुदेश महतो ने कहा कि जब 15 वर्षों तक चंद्रप्रकाश चौधरी यहां से विधायक थे उस समय रामगढ़ में सड़कों को निर्माण हुआ। घर घर नल के माध्यम से जल पहुंचाया गया। साथ ही हर गांव में बिजली पहुंची। जिस कारण रामगढ़ विकास के मामले में अव्वल था। लेकिन पिछले 3 वर्षों में रामगढ़ विकास के मामले में पिछड़ गया है। उन्होंने लोगों से कहा कि आप सभी एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी को विजय बनाएं रामगढ़ विकास के मामले में फिर से अव्वल होगा। नुक्कड़ सभा को विधायक डॉ लंबोदर महतो ने भी संबोधित किया। मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

मानदेय बढ़ोतरी को लेकर हुई बैठक

बरही । सहायक अध्यकापको के चार प्रतिशत वेतन वृद्धि को लेकर प्रखंड सभागार में एक बैठक हुई । जिसकी अध्यक्षता बीडीओ सी आर इंदीवार ने किया । बैठक में क्षेत्रीय शिक्षा पदाधिकारी दीपक कुमार, बीईईओ रामसेवक दांगी, बीपीएम अरुण कुमार, प्रदेश पारा शिक्षक संघ के अध्यक्ष संजय दुबे सहित सहायक अध्यापक उपस्थित हुए । बीडीओ ने बताया कि कुल 31 सहायक अध्यापकों के प्रमाण पत्रों की जांच और संतोषप्रद सेवा संपुष्टि को लेकर बैठक बुलाई गई थी । जिसमे 30 शिक्षको की संपुष्टि किया गया, सब एक शिक्षक के प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं होने के कारण संपुष्टि नही किया जा सका है। प्रमाण पत्र प्राप्त होते ही बाद में संपुष्टि कर किया जायेगा ।

तीन मार्च को मापी होगी कॉलेज की जमीन : सीओ

नवीन मेल संवाददाता। बरही
इंटर महाविद्यालय बरही के प्राचार्य अरुण कुमार दुबे की अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो से मिलकर महाविद्यालय के जमीन की मापन और ऑनलाइन करने संबधित ज्ञापन दिया है । दिए ज्ञापन में बताया गया कि महाविद्यालय झारखंड अधिविद्य के तहत स्वीकृत है । जिसे महामहिम राज्यपाल के द्वारा सात एकड़ जमीन प्राप्त हुआ है । जिसका अंतिम 2006-2007 में अंतिम रूप से कुल सात एकड़ का लगान भी निर्धारित किया गया है । परंतु महाविद्यालय की जमीन को ऑनलाइन नहीं किया जा सका । इस संबंध मे जिससे भूमाफियाओं के द्वारा आए दिन महाविद्यालय के जमीन अतिक्रमित किया जा रहा है । वर्तमान में मात्र डेढ़ एकड़ में ही महाविद्यालय का भवन बना है । शेष जमीन परती है।
इन सबके बावजूद भूमाफियाओं की वजह से महाविद्यालय को जमीन उपयोग से रोका जाता रहा है। मामले को संज्ञान में लेते हुए अंचलाधिकारी ने तत्काल अंचल निरीक्षक सतीश कुमार को आगामी 3 मार्च को सरकारी अमीन और प्रशासन की उपस्थिति में जमीन नापने का निर्देश दिया है ।

28 को प्रखंड 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति की बैठक

बरही। पिछले कई दिनों से प्रखंड 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति की बैठक को लेकर स्थानीय प्रशासन के साथ चल रहा गतिरोध समाप्त हो चुका है। समिति के सदस्यो द्वारा उपायुक्त को पत्र सौंपने के बाद प्रशासनिक पदाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बैठक करवाने की सूचना जारी किया है । इस बाबत बीडीओ सी आर इंदीवार ने पत्र जारी कर आगमी 28 फरवरी को पूर्वाहन साढ़े ग्यारह बजे से प्रखंड सभागार में बैठक करवाने की तिथि निर्धारित किया है । बैठक के संबंध में बीडीओ ने सांसद, विधायक, सीओ, अध्यक्ष/उपाध्यक्ष, सदस्य 20 सूत्री, प्रमुख, उपप्रमुख आदि सहित सभी विभागीय अधिकारियों को जानकारी देते हुए बैठक में उपस्थित होने की अपील किया है ।

अभियान | रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव को लेकर बढ़ी सियासी सरगर्मी

एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में चला जनसंपर्क

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़
रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव को लेकर रण तेज हो गया है. एनडीए और यूपीए के कई वरिष्ठ नेताओं ने शुक्रवार को अपने अपने प्रत्याशियों के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया। इसी क्रम में पूर्व सांसद सह वरिष्ठ भाजपा नेता रविंद्र राय नगर परिषद क्षेत्र के कुरूम पहुंचें और एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने कहा की राज्य की हेमंत सोरेन सरकार ने अपने अबतक के कार्यकाल में लोगों से किये किसी भी वादे को पूरा नहीं किया। जिससे राज्य सरकार के

प्रति लोगों में भारी नाराजगी है. उन्होने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा की 27 फरवरी को होनेवाले रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी को वोट देकर भारी मतों से विजय बनाएं. श्री राय ने कहा की केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा लोगों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिसका लाभ देश के सभी वर्ग के लोगों को मिल रहा है। रविंद्र राय ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरी दुनिया में देश की प्रतिष्ठा बढ़ी है। साथ ही भारत विश्व की 5 वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन गया है। इस अवसर पर दिलीप सिंह, मनोहर सिंह, नागेश्वर सिंह, ललन सिंह, अवधेश सिंह, गणेश सिंह, रमेश सिंह,कामेश्वर सिंह, सदानंद सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

हजारीबाग में कोल डंगिंप बंद कराने के लिए ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग
कटकमसांडी रेलवे स्टेशन के कोल यार्ड में दो वर्षों बाद फिर से कोल डंपिंग कार्य शुरू हो गया है। न केवल कोल डंपिंग से उड़ रहे डस्टों से आसपास के लोग परेशान दिख रहे हैं, बल्कि वाहनों के परिचालन से सड़कों पर उड़ रहे धूल कण से राहगीरों व विद्यार्थियों को भी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। इस बाबत सैकड़ों ग्रामीणों ने कोल डंप को बंद कराने के लिए बीडीओ, सीओ व थानाप्रभारी को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि कोल डंपिंग से आसपास के इलाके में प्रदूषण का खतरा बढ़ गया है। लोगों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है। खेत में लगे फसलों को

भारी नुकसान होना शुरू हो गया है। सैकड़ों हाइवा व ट्रकों से कोयले की डंपिंग से लोगों के रातों की नींद व दिन का चैन छिन गया है। यह भी कहा गया कि डंपिंग यार्ड से महज सौ गज की दूरी पर आदिम जनजातियों का मकान है, जहां तकरीबन दो सौ बिरहोरों का निवास स्थान है। बिरहोर टंडा में स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्र हैं। रोज ट्रकों व हाइवा से डंप किए जा रहे कोल डस्टों से इन बिरहोरों व उनके बच्चों पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। ज्ञापन में लोगों ने कोल डंप बद नहीं होने की स्थित में उग्र आंदोलन की बात कही है।

NEWS इन ब्रीफ

ऑटो पलटने से 4 लोग गंभीर रूप से घायल

लोहरदगा। जिले में सड़क दुर्घटना के मामले लगातार बढ़ते जा रहे है। शुक्रवार को भी लोहरदगा शहरी क्षेत्र के शंख नदी के समीप अनियंत्रित होकर एक ऑटो पलट गई. इस घटना में ऑटो पर सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सभी घायलों को स्थानीय लोगों की सहायता से 108 एंबुलेंस से प्राथमिक उपचार के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल लाया गया। घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। शंख नदी के समीप तेज रफ्तार और ओवरलोडिंग के कारण ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गयी। ऑटो की तेज रफ्तार और ओवरलोडिंग के कारण उस पर सवार चार लोग घायल हो गया।

खड़े वाहन से टकराई बाइक, दो गंभीर

कुडू। ओवरटेक करने में सड़क के किनारे खडे वाहन से बाइक टकराने से बाइक में सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा गुरुवार की देर शाम करीब 8 बजे कुडू लोहरदगा मुख्य पथ एनएच 143ए पर जिमा चौक के समीप पेट्रोल पंप के पास का है। घायलों की पहचान जिले के भदवापाड़ा निवासी छोटू उरांव 20 वर्ष पिता बृजलाल उरांव और अमित उरांव 19 पिता तीजु उरांव के रूप में हुई है। हादसे के बाद सभी घायलों को कुडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया।

फरार अभियुक्त के घर पर चिपकाया इश्तेहार

कैरो। शुक्रवार को कैरो थाना के पूलिस अवर निरीक्षक ऋषिकान्त कुमार ने कैरो थाना काण्ड के फरार अभियुक्त कैरो गजनी निवासी तबरेज अंसारी पिता हबीब अंसारी, इरशाद अंसारी पिता समसूद्दीन अंसारी दोनो गजनी ग्राम निवासी के घर जाकर दीवाल पर इश्तेहार चिपकाकर घर वालों से अभियुक्त को शीघ्र न्यायालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया। मौके पर कैरो थाना पुलिस अवर निरीक्षक ऋषिकांत कुमार ने बताया की कैरो थाना के काण्ड संख्या 29/17 भा0द0वि0 461, 379, 411 के तहत अभियुक्त के विरुद्ध न्यायालय से इश्तेहार निर्गत हूई थी। जिसे अभियुक्तों के घर जाकर दीवाल पर इश्तेहार चिपकाकर घर वालों से दोनों अभियुक्तों को शीघ्र न्यायालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है।

हुरदा विद्यालय प्रबंधन समिति की हुई बैठक

बानो। प्रखंड के उच्च विद्यालय हुरदा में विद्यालय प्रबंधन समिति की आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया बैठक। अध्यक्षता बन्धनु बड़ाईक किया बैठक में विद्यालय में पढ़ाई, मधान्हन भोजन बच्चों की उपस्थिति आदि विषयों पर चर्चा की गई। विद्यालय में शत प्रतिशत उपस्थिति हो इसके लिए अभिभावकों से अनुरोध है कि बच्चों को विद्यालय आने से न रोकें। वही ममता कुमारी ने कहा स्कूल में लैंगिक भेद भाव न करें उन्होंने सभी अभिभावकों को समय पर अपने बच्चों को विद्यालय भेजने और घरों में भी पढ़ाई लिखाई में विशेष ध्यान देने की बात कही ताकि बच्चों के उज्जवल भविष्य बन सके। मौके पर, प्रधानाध्यापक रेमेलियुस केरकेट्टा, पूर्व मुखिया श्रावण कुमार मांझी, शिक्षिका ममता कुमारी तथा समस्त शिक्षक शिक्षिका प्रबन्धन समिति के सदस्य गण और काफी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे।

भंडरा में 4 समरसेबल पंप की हुई चोरी

भंडरा। भंडरा थाना क्षेत्र के कुम्हरिया गांव में विगत रात चोरों ने विगत रात चार समरसेबल मशीन को चुरा लिया। इससे किसानों में सिंचाई की समस्या उत्पन्न हो गई है। किसानों ने बताया कि गांव के कुंआ में लगा मुनीलाल साहू का पांच एचपी का समरसेबल मशीन सहित राजकुमार साहू, निस्पिटर साहू और रामवृक्ष साहू का बोरिंग में लगा एक एक एचपी का सिंचाई मशीन को निकाल कर फरार हो गये। इसकी सूचना भुक्तभोगी किसानों ने थाने में दे दी है। फिलहाल सिंचाई मशीन चोरी होने से किसान चिंतित हैं। मशीन चोरी होने से सिंचाई की समस्या उत्पन्न हो गई है।

जोबांग में अफीम की खेती को किया नष्ट

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा
जोबांग थाना क्षेत्र के ग्राम उल्दाग में लगभग दो एकड़ भूमि पर लहलहा रहा अफीम की खेती को जोबांग पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के संयुक्त नेतृत्व में नष्ट कर दिया गया। उल्लेखनीय है कि उल्दाग गांव के उत्तरी छोर पर स्थित नदी के समीप चारो ओर पहाड़ों से घिरा बीच जंगल में लगाया गया पोस्ता की खेती को नष्ट करने में सीआरपीएफ 158 बटालियन जी कंपनी के असिस्टेंट कमांडेंट रोशन कुमार किस्को अंचल पुलिस निरीक्षक मंटू कुमार जोबांग थाना प्रभारी शशि शेखर कुमार सीआरपीएफ के इंस्पेक्टर उत्पल चक्रवर्ती कृषि पदाधिकारी शंकर प्रसाद के सामूहिक नेतृत्व में लगभग दो एकड़ भूमि पर लगाया गया पोस्ता की खेती को नष्ट किया गया। नशा कारोबारियों के द्वारा उल्दाग की एक मसोमात बूढ़ी से गेहूं की खेती किये जाने की बात कहकर जमीन लेकर उक्त जमीन पर नशा के कारोबार को बढ़ावा दिये जाने की सूचना पाते ही जोबांग पुलिस हरकत में आई और त्वरित कार्रवाई करते हुए अफीम की खेती को नष्ट कर दिया। इधर जोबांग पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल जी कंपनी के द्वारा चलाये गये एंटी नार्कोटिक अभियान से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। ज्ञात हो कि अफीम की खेती को गांव से बिजली का अवैध रूप से कनेक्शन कर लगभग एक किलोमीटर दूरी तक तार खींचकर पटवन किया जा रहा था। साथ ही पोस्ता की खेती का नियमित पटवन हेतु दो मशीन, डिलीवरी पाइप सैक्सन पाइप और खेत के उत्तरी छोर पर जाल से घेराबंदी किया गया था जिसे पुलिस ने जब्त कर आगे की कार्यवाही में जुट गई है। मौके पर सीआरपीएफ 158 बटालियन के असिस्टेंट कमांडेंट रौशन कुमार किस्को अंचल पुलिस निरीक्षक मंटू कुमार थाना प्रभारी शशि शेखर कुमार ग्राम पंचायत देवदरिया के मुखिया कामिल तोपनो, राजस्व कर्मचारी अली अहमद सलीम, अंचल अमीन नौशाद आलम सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद थे।

कुडू में अब तीसरी आंख से होगी अपराधियों पर निगरानी

एसडीपीओ ने सीसीटीवी कैमरा लगाने के लिए किया स्थलों का चयन

नवीन मेल संवाददाता। कुडू
कुडू थाना क्षेत्र में हत्या व अन्य अपराधिक वारदातों के बाद प्रशासन ने पुलिस गस्ती तेज कर दिया है। अब कुडू की निगरानी तीसरी आंख मतलब सीसीटीवी कैमरे से भी होगी। कुडू के सभी प्रमुख चौक चौराहों में सीसीटीवी लगाने को लेकर एसडीपीओ बीएन सिंह ने शुक्रवार को कुडू के इंदिरा गांधी चौक, बस स्टैंड, बाजार ताड़ मुख्य गेट, मस्जिद मोड़, ब्लॉक मोड़ आदि प्रमुख चौक चौराहों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि अब जल्द ही पुलिस के साथ-साथ अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी लगाया जाएगा। जिसका निगरानी कुडू थाना से किया जाएगा। जिसके लिए स्थल का चयन किया जा रहा है। स्थल चयन के बाद इसकी रिपोर्ट एसपी आर रामकुमार को दी जाएगी। उसके बाद सीसीटीवी के लिए पत्र प्रेषित किया जाएगा। संभवत दो माह के अंदर ही पूरे कुडू की निगरानी सीसीटीवी से भी शुरू हो जाएगी।

जंगली हाथियों से बचाव के लिए कार्यशाला आयोजित, मृतकों को दी गई श्रद्धांजलि

हाथी आक्रामक हो तो उससे कोसों दूर रहें : उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा
नगर भवन में जंगली हाथियों से बचाव हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में उपायुक्त डॉ0 वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा जिले में हाथियों से हुई मृत्यु के लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। उपायुक्त ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, कर्मियों को बताया कि बिछड़ा हाथी लोहरदगा, रांची होते हुए निकला है। बिछड़े हाथी के समूह शेष कही लातेहार या अन्य जगह है।

हाथी आते देख युवा आगे आते हैं जिसके देखा देखी बुजुर्ग/बच्चे भी आ जाते है,। उपायुक्त ने कहा कि हाथी की गति 30 किमी/घंटा की रफ्तार होती है, ऐसी स्थिति में हाथी से दूरी बनाकर रहना चाहिये। यदि हाथी आक्रामक हो जाय तो युवा तो दौड़ जाते किन्तु वुजूर्ग चपेट में आ जाते हैं। अकेला हाथी ज्यादा आक्रामक होता है उससे कोसों दूर रहना चाहिए। हाथी किसी भी घर की ओर आता है तो सिर्फ खाना के लिए आता है। वैसी स्तिथि में संपति बचाने के चक्कर में छेड़ छाड़ नही करना चाहिए। उपायुक्त ने कार्यशाला में कहा की गांव के समाजसेवी, जनप्रतिनिधि व पदाधिकारी,कर्मी अपने -अपने क्षेत्र में वर्क शॉप कर जानकारी दें। सब लोग सुरक्षित रहे और दूसरे को भी सुरक्षित रहने में मदद करे।

यह एक आपदा है, टीम वर्क से काम करने की जरूरत : एसपी

पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने कहा कि इस कार्यशाला में जो जानकारी प्राप्त हो रही है। उसे गांव में प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाए। यह एक आपदा है फॉरेस्ट, पुलिस, प्रशासन, पब्लिक सभी का टीम वर्क करने की जरूरत है। टीम वर्क में तुरंत सूचना दिया जाना चाहिए। प्रिवेंटिव एक्शन लेने में सुविधा होती है। हाथी अपने आप में डरता है। इसके बाद भी उसे छेड़ छाड़ करते है तो वह आक्रामक हो जाता है। हाथी कुछ पौधों से दूर रहता है,वैसे पौधों को घर के आस पास लगाएं। उप विकास आयुक्त-समीरा एस ने कहा कि फॉरेस्ट डिपार्टमेंट की भूमिका, पुलिस डिपार्टमेंट की भूमिका,तथा जनता की भूमिका क्या होनी चाहिये,हाथी आने पर हमें क्या करना है, क्या नहीं करना है, इसकी जानकारी दी जा रही है। कार्यशाला में दिए गए जानकारी अपने क्षेत्र, गांव से जन जन तक जानकारी पहुंचे।

हाथियों से नहीं करे छेड़छाड़, दूरी बनाकर रखें : डीएफओ

वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविन्द कुमार ने कहा कि- आजकल हमारे क्षेत्र में हाथी आ रहे हैं, हाथी हमारे घर नहीं आ रहा है बल्कि हाथी के क्षेत्र में हमने घर/रास्ता बना लिया है। हाथी बरसों पूर्व विचरण किया करते थे, किंतु आज भी आते हैं तो उसे छेड़छाड़ ना करें, विचरण करते गुजर जाएंगे। हाथी के आने पर आपको जानकारी मिले तो आसपास के सभी लोगों को बताएं तथा उसके नजदीक ना जाएं। फसल की खेत में प्रवेश करें तो भगाने की सोच के साथ उसके नजदीक नहीं जाए, जो भी उपाय करना हो दूर से करें। जंगल दिशा में कोई भीड़ या अन्य क्रिया कलाप ना करे। ढोल की आवाज/टीना पीटने का कार्य अपने गांव की ओर करना है। दिन में छेड़छाड़ ना करें रात्रि में उसे जंगल की ओर प्रस्थान कराने हेतु रात्रि में मशाल जलाकर, ढोल बजाकर, टीना पीटकर जंगल की दिशा में भेजा जा सकता है। यदि हाथी से मुठभेड़ हो जाए तो सुरक्षा के दृष्टिकोण से नीचे ढलान की ओर भागना है। आडे तिरछी होकर दौड़े, जगह मिलते ही उच्च स्थान पर चढ़े। घर के बचाव हेतु घर की लिपाई करते हुए गोबर में मिर्च का गुडी मिलाकर लिपाई करना चाहिए। जिसके गंध/झास से हाथी घर की तरफ नही आता है। उक्त प्रक्रिया पूरा कर भुगतान की जाएगी। कार्यशाला में पंचायतों के प्रतिनिधि, प्रखंड विकास पदाधिकारी, समाजसेवी, एवं वन प्रमंडल के कर्मी सहित अन्य उपस्थित थे।

स्वास्थ्य विभाग की हुई समीक्षा बैठक

उपायुक्त डॉ0 वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में उपायुक्त ने संस्थागत प्रसव में किस्को ,कुडू एवं सेन्हा प्रखंड के प्रतिशत कम उपलब्धि के कारणों की जानकारी ली। उपायुक्त द्वरा निर्देश दिया गया कि बिना निगरानी कितना प्रसव घरो में हुआ। पूर्ण संस्थागत प्रसव होने का प्रमाण एम ओ आई सी देंगे। जिले में टी बी मरीजों की पहचान तथा उनके सफल चिकित्सा की जानकारी ली गई तथा टीबी मरीजो के प्रवास स्थिति की जानकारी लेकर आवश्यक निदेश दी गई। विभाग के वितीय समीक्षा हेतु विन्दुवार उपयुक्त फॉर्मेट में प्रस्तुत करने हेतु अगली तिथि दी गई। आज की बैठक में प्रभारी सी एस, सभी एम ओ आई सी,डी पी एम,एच एम सहित अन्य उपस्थित थे।

संचालित योजनाओं की हुई समीक्षा बैठक

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा
उपायुक्त सिमडेगा आर. रॉनीटा की अध्यक्षता में जिला योजना शाखा के तहत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में उपायुक्त ने योजना अंतर्गत संचालित कार्यों की अद्यतन प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने विभागवार योजना अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। साथ ही कार्य का भौतिक सत्यापन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने की बात कही। उन्होंने एससीए, एसएसए एवं जायका मद अंतर्गत चयनित योजनाओं के कार्य प्रगति का क्रमवार समीक्षा कर योजनाओं को धरातल पर ससमय सफल क्रियान्वित करने के निर्देश दिया। जिला योजना शाखा के एससीए, एसएसए, डीएमएफटी, एवं जायका मद अंतर्गत भवन निर्माण, पेयजल स्वच्छता, विशेष प्रमंडल एवं अन्य विभाग के तहत चयनित योजनाओं की कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने योजना अंतर्गत किए जा रहे निर्माण कार्य में प्रगति कराते हुए निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने ने कहा की संबंधित विभागीय पदाधिकारी चयनित कांट्रिक्टर के साथ समन्वय स्थापित करते हुए 15 मार्च 2023 तक लिए गए योजना को पूर्ण कराएं। इसके अलावे अन्य महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बैठक में जिला योजना पदाधिकारी मुकेश कुमार, कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल महेश कुमार, कार्यपालक अभियंता आरईओ इंद्रमोहन चौधरी, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, मनीष कुमार, एवं अन्य उपस्थित थे।

अवैध बालू खनन व परिवहन मामला में ट्रैक्टर जब्त

सेन्हा-लोहरदगा। अवैध बालू उत्खनन एवं परिवहन मामला में सेन्हा पुलिस मेढो कोयल नदी से बिना नम्बर का एक ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाया। अग्रतर कारवाई हेतु खनन व परिवहन सेन्हा थाना क्षेत्र के मेढो कोयल नदी एवं डांडु कोयल नदी से अवैध बालू उत्खनन एवं परिवहन बड़े पैमाने पर जारी है। जिसका गुप्त सूचना सेन्हा थाना प्रभारी को मिल रहा था। सूचना के आलोक में सत्यता की जांच के लिये उनके निर्देश पर अहले सुबह छापेमारी दल को भेज एक ट्रैक्टर बिना रजिस्टेशन नम्बर को जब्त कर थाना लाया गया वहीं सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बता दें कि अवैध बालू का उत्खनन चार पांच ट्रैक्टर द्वारा किए जाने की बात बताई जा रही है। साथ ही बताया गया कि पुलिस वाहन पर नजर पड़ते ही बाकी ट्रैक्टर भाग निकला लेकिन एक ट्रैक्टर को सेन्हा पुलिस जब्त कर थाना लाई।

होली व शब-ए-बारात त्योहार को ले शांति समिति की बैठक आयोजित

शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं होली का त्यौहार : अंचलाधिकारी

रंगों का जीवन में महत्वपूर्ण स्थान, बिना रंगों के जीवन व्यर्थ : थाना प्रभारी

नवीन मेल संवाददाता। केरसई
केरसई थाना परिसर में होली एवं शब-ए-बारात त्योहार को देखते हुए शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए अंचलाधिकारी संजय कुमार सिन्हा ने कहा की केरसई का इतिहास शांतिपूर्ण त्यौहार मनाने का रहा है। आप सभी सदस्य इस पर खरा उतरे और रंगों का त्योहार को शांतिपूर्ण रूप से मनाएं ताकि केरसई की जो छवि है वो कायम रहे। वहीं केरसई थाना प्रभारी अंशु कुमार ने उपस्थित सभी लोगों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा की होली का त्यौहार एक महत्वपूर्ण त्यौहार है यह हमें संदेश देता है की जीवन में रंगों का अलग स्थान है बिना रंगों का जीवन व्यर्थ है होली में हम सभी एक दूसरे से मनमुटाव भुला कर इस त्योहार को मनाते हैं।अगर कोई भी व्यक्ति शराब पीकर होली में हुड़दंग करता है तो उस पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर जिला परिषद प्रेमा बाड़ा, सांसद प्रतिनिधि रवि गुप्ता, सहायक थाना प्रभारी राजीव, विधायक प्रतिनिधि शशि प्रसाद एवं सुरेंद्र प्रसाद, मुखिया सत्या देवी, मुखिया मुन्स खेस मंडल, अध्यक्ष मनोज कुमार, मुखिया राहुल तिग्गा, जगरानी कुजूर, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष जेफ्रीन एक्का, मनोहर प्रसाद, गौतम कुमार, दयानंद रोहित, बसंत साहू, दिवाकर प्रसाद, राधेश्याम प्रसाद, डॉक्टर शंभू नाथ मिश्रा, बिष्णु प्रसाद, बशारत अंसारी, सहित शांति समिति के सदस्य मौजूद थे।

एमवीआई ने कुडू में चलाया वाहन चेकिंग अभियान

कुडू। एमवीआई सिरिल बेसरा के नेतृत्व में शुक्रवार को कुडू चंदवा पथ के टीको पुल के समीप सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान में डीआरएसएम अमृतेश्वर गिरी, ऑफिस के अमरेश कुमार और कुडू पुलिस बल के जवान शामिल थे। इस अभियान के दौरान बड़े वाहनों के टैक्स, फिटनेस, परमिट, इन्शुरन्स, ड्राइवरी लाइसेंस आदि की जांचकी गई। जांच के क्रम में वाहनों के कागजात अधूरे पाए जाने पर कई वाहन चालको से जुमार्ना भी वसूला गया। वहीं बाइक चालकों को हेलमेट पहनने, ड्राइवरी लाइसेंस सहित अन्य कागजात को साथ में लेकर चलने की हिदायत दी गयी। उन्होंने बाइक चालकों को चेतावनी देते हुए कहा कि बिना हेलमेट गाड़ी नहीं चलाये। अगर बिना हेमलेट पकड़े जाते हैं, तो जुर्माना के साथ साथ प्राथमिकी भी दर्ज की जायेगी।

त्यौहार कुंजलाल भवन में व्यापारियों का होली मिलन समारोह 5 मार्च को

धूमधाम से व्यवसायी मनायेंगे होली : चैंबर

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा
न्यू रोड अवस्थित होटल सिटी एवेन्यू के सभागार में लोहरदगा के व्यापारियों की एक बैठक लोहरदगा चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष रितेश कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमे उपस्थित व्यापारियों ने व्यापारीहित व जनहित के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की तथा सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि व्यापार को स्वच्छन्दता के साथ चलाने हेतु चैंबर प्रतिनिधिमंडल प्रशासन से मिलकर लिखित अनुरोध करेगी कि छोटे छोटे नियमों का हवाला देकर व्यापारियों को विभिन्न विभागों के पदाधिकारी परेशान न करें। शिविर लगाकर एवं सेमिनार द्वारा व्यापारियों को जागरूक करे। इसके लिये चैंबर ऑफ कॉमर्स प्रशासन के साथ मिलकर हर सम्भव मदद करेगी। जबकि नगर परिषद के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व कार्यपालक पदाधिकारी से भी चैंबर प्रतिनिधिमंडल मिलकर अपनी बात रखेगी तथा निवेदन करेगी कि होल्डिंग टैक्स व अन्य प्रभारों में रियायत दे तथा किसी भी प्रकार की वसूली चालू वर्ष के बकाये के हिसाब से करे, अतिरिक्त बोझ ना दे। रंगों के त्योहार होली को भी धूम धाम से मनाने का निर्णय लिया गया तथा व्यापारियों का होली मिलन समारोह 5 मार्च को कुंजलाल भवन में जिला के सभी व्यापारी एक साथ रंगारंग कार्यक्रम में शामिल होकर एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली त्योहार मनायेंगे। वर्षों बाद एक साथ होली त्योहार मनाने का व्यापारियों को मौका मिलेगा। लोहरदगा जैसे छोटे जिले में व्यापरिवर्ग दिन रात मेहनत कर किसी तरह अपने व परिवार का कर रहे है जीवन यापन। उन्हें नियमो का हवाला देकर जबरदस्ती फाइन लगाना तथा डरा धमकाकर अवैध वसूली इत्यादि मनोबल को तोड़ रही है। ऐसे में जिला का सम्पूर्ण व्यापार प्रभावित हो रहा है। जिला के व्यापारियों को स्वछंदता के साथ व्यापार करने हेतु कुछ नियमों शिथिलता अतिआवश्यक है। हम व्यापारीवर्ग भी कानूनसम्मत कार्य करने का सम्पूर्ण प्रयास करेंगे।

बैठक में फेडरेशन के क्षेत्रीय अध्यक्ष राजेश कुमार महतो, चैम्बर अध्यक्ष रितेश कुमार पूर्वाध्यक्ष अभय अग्रवाल, कार्यकरिणी सदस्य विजय कुमार खत्री, चन्दन गोयल, उत्तम कुमार, लोकेश प्रसाद, सुमित राय, पूर्व वरीय उपाध्यक्ष अनूप कुमार दास सदस्य भोला अग्रवाल, गुणा साहू, भोला कुमार, राहुल अग्रवाल, भानु प्रताप, अमित अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, आशीष कुमार अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, गुंजन अग्रवाल, रिंकू अग्रवाल, फैज मोहम्मद, बबलू खान, रंजीत कुमार मुखर्जी तनय गुप्ता, संजय गुप्ता, संतोष प्रसाद, मंटू अग्रवाल, बसंत कुमार अग्रवाल, मनीष अग्रवाल समेत अनेक सदस्य उपस्थित रहें।

पीएलवी की हुई बैठक

शिक्षण-प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी हुआ आयोजन

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा
जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा के कार्यालय कक्ष में 24 फरवरी को प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार ने जिले में प्रतिनियुक्त सभी पीएलवी के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में फरवरी माह में किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। साथ ही आगामी माह में झालसा द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों को सुचारू रूप से पूरा करने को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में डालसा सचिव ने कहा कि निर्धारित सभी कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूरा करना है। सभी पीएलवी डालसा के महत्वपूर्ण अंग है। सभी की सहभागिता विशेष महत्व रखता है। बैठक में यह तय किया गया कि आगामी 03 मार्च को मोटर वाहन अधिनियम एवं क्लेम सेटलमेंट को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम किया जाना है। 08 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस, 15 मार्च को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस एवं 22 मार्च को विश्व जल दिवस के अवसर पर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। साथ ही महीने में कम से कम में दो दिन प्रत्येक पीएलवी को लिगल लिटरेसी क्लासेस का आयोजन करने का निर्देश दिया गया। पीएलवी शिक्षण- प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत पोस्को एक्ट, भारतीय दंड संहिता में बलात्कार संबंधी दंड के प्रावधान, उपभोक्ता फोरम, जल संरक्षण आदि विषयों पर जानकारी दी गई। मौके पर रोहित तमेडा, नेमहंती मिंज, मंजू खाखा, गौतम लेनिन, सुनेश्वर उरांव, पुन्नु देवी, दुखिंता मिंज, छाया देवी, आशीष वर्मा, सीमा कुमारी, अफान खान, रवि लोहारा, देवमणि कुमारी, प्रियांशु यादव, जितेंद्र राम उपस्थित थे।

NEWS इन ब्रीफ

शिक्षक संघ ने मंत्री को सौपा ज्ञापन

मेदिनीनगर। झारखंड राज्य सहयोगी सामुदायिक शिक्षक संघ ने अपनी समस्या को लेकर शिक्षा मंत्री से रांची स्थित उनके आवास पर मिलकर मांग पत्र सौपा। संघ के नेताओं ने कहा कि आकलन परीक्षा का फार्म भरने से हजारों अध्यापक वंचित हैं । फार्म भरने का समय सीमा समाप्त हो गया। पदाधिकारियों की लापरवाही के कारण सर्टिफिकेट वेरीफिकेशन अब तक पूरा नहीं हो पाया है। इस पर शिक्षा मंत्री श्री महतो ने शिक्षा सचिव एवं परियोजना निर्देशक से बात कर जैक का पोर्टल खुलवाने का भरोसा दिलाया। मांग पत्र के अनुसार चर्चा करते हुए मंत्री ने सहायक अध्यापक सेवा संपुष्टि प्राधिकार को लेकर कहा कि पंचायत और प्रखंड के कमेटी में सहायक अध्यापक के प्रतिनिधि निश्चित रूप से रहेंगे। मानदेय के लिए शिक्षा मंत्री ने कहा कि मेरी सरकार हर महीने मानदेय देती है और देती रहेगी। उन्होंने परियोजना निदेशक किरण पासी जी से बात कर होली से पहले मानदेय दिए जाने का भरोसा दिलाया। मंत्री श्री महतो ने कहा कि सहायक अध्यापकों के लिए टेट विसंगति का निराकरण हो गया है । संघ के प्रदेश अध्यक्ष विनोद तिवारी ने मंत्री से कहा कि जो लोग सेवानिवृत्त हो रहे हैं वे रोते हुए हताश और निराश होकर खाली हाथ घर जा रहे हैं ,और जो सहायक अध्यापक का देहांत हो जा रहा है उनका परिवार को देखने वाला कोई नहीं है। प्रदेश अध्यक्ष श्री तिवारी ने कहा मै जवानी आपके विभाग में बिताया तो बुढ़ापे में कहां जाऊं। उन्होंने बताया कि ईपीएफ कटौती , सेवानिवृत्ति या आकस्मिक देहांत होने पर सहायक अध्यापकों को 500000 दिए जाने की बात कही जो पहले से ही प्रक्रिया में था। मंत्री श्री जगन्नाथ महतो ने यह भी कहा कि यह 1 जनवरी 2022 से ही लागू होगा।

लोक अदालत 25 को, तैयारी पूरी

मेदिनीनगर। पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में 25 फरवरी शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में 10:30 बजे से मासिक लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा । उक्त आशय की जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने दी । उन्होंने बताया कि लोक अदालत में मामले निस्तारण को ले पीठो का गठन कर दिया गया है । उन्होंने बताया कि लोक अदालत की कार्यवाही पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौबे के देख रेख में होगा।

स्वर्णकार संघ प्रखंड का चुनाव 26 को

मेदिनीनगर। चैनपुर प्रखंड के स्वर्णकार संघ का चुनाव 26 फरवरी को सुबह 9 बजे से चैनपुर के स्थानीय स्पार्क स्कूल के प्रांगण में होगा। यह जानकारी पलामू जिला स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष युगल किशोर शरण ने दी। इस चुनाव के लिए पलामू जिला स्वर्णकार संघ के उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार सोनी उर्फ गुड्डू को निर्वाचन पदाधिकारी एवं जिला संगठन मंत्री राजन कुमार सोनी को चुनाव पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। गौरतलब है कि स्वर्णकार संघ के द्वारा सभी प्रखंडों में चुनाव का कार्य किया जा रहा है।

विधायक ने सड़कों का किया शिलान्यास

हुसैनाबाद। हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह ने तीन महत्वपूर्ण ग्रामीण सड़कों का शिलान्यास किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि 2009 के पहले जो काम हुए थे । उसकी मरम्मत भी किसी ने नहीं कराई। सभी सड़को की स्थिति दयनीय हो गई है। 24 ग्रामीण सड़कों पर काम चल रहा है। अगले वित्तीय वर्ष में 24 अन्य सड़कों को भी दुरुस्त करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा कि 2019 में जनता ने पुनः विश्वास के साथ ताकत दी है। जनता की ताकत का इस्तेमाल कर एक एक समस्या का समाधान करने में वह जुटे हैं। उन्होंने कहा कि सड़क, शिक्षा, खेल, स्वास्थ्य के क्षेत्र में पहले की अपेक्षा क्या स्थिति है।

झारखंड में बंद होगी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना

सांसद ने की राज्य सरकार से केंद्र को प्रस्ताव भेजने की मांग

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू सांसद विष्णु दयाल राम की माने तो झारखंड में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना को बंद किया जा रहा है। इस योजना के तहत गांव को प्रखंड और जिला मुख्यालय से जोड़ा जाना था। झारखंड में इस योजना के बंद होने के बाद सैकड़ों गांव प्रभावित होने वाले हैं। पलामू सांसद की माने तो इस योजना के तहत अब पांच वर्ष या उससे अधिक समय से बने हुए रोड की मरम्मत का ही कार्य होगा। योजना के तहत नए रोड का निर्माण कार्य बंद कर दिया जाएगा। पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि यह बेहद गंभीर मामला है। इस मामले को वह केंद्र सरकार और लोकसभा में उठायेंगे। लेकिन राज्य सरकार भी इस योजना को जारी रखने के लिए एक प्रस्ताव तैयार कर केंद्र को भेजें। राज्य सरकार द्वारा तैयार प्रस्ताव के बाद केंद्र सरकार इस पर मुहर लगा सकती। सांसद ने कहा कि झारखंड के कई ऐसे गांव हैं जहां रोड को पहुंचना जरूरी। 2013-14 और 2014-15 में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत भेजे गये योजनाओं की स्वीकृति नहीं दी गई थी, किन कारणों से यह स्वीकृति नहीं मिली कहना मुश्किल है। सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि झारखंड को इस योजना का लाभ मिलना चाहिए। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की शुरूआत 2000 में हुई थी। इस योजना के ग्रामीण इलाकों को शहर के सड़कों से जोड़ा जाना था। वित्तीय वर्ष 2021-22 प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के लिए केंद्र की सरकार ने 146 करोड़ रुपये झारखंड के लिए जारी किया था। पलामू संसदीय क्षेत्र के कई इलाके प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत जोड़े जाने का प्रस्ताव है। हाल के दिनों में बूढ़ापहाड़ के आसपास के इलाके के गांव को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत ही जोड़े जाने का प्रस्ताव भी तैयार किया गया है। इस योजना के बंद हो जाने के बाद कई ग्रामीण इलाके को मुख्य सड़क से जुड़ना मुश्किल हो जाएगा। पलामू संसदीय क्षेत्र में पिछले एक दशक में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 167 से अधिक रोड का निर्माण किया गया है।

हाई स्कूलों के शिक्षकों की सेवा होगी संपुष्ट

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू सहित राज्य के हाई स्कूलों के शिक्षकों की सेवा संपुष्ट होगी। इसके लिए माध्यमिक शिक्षा निदेशक सुनील कुमार ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देश दिया है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने स्पष्ट किया है कि 2016 में नियुक्ति शिक्षकों की सेवा संपुष्ट लंबित रहने की सूचना मिल रही थी। विभाग की ओर से कई बार इन शिक्षकों की सेवा संपुष्टि का निर्देश दिया गया। जिलों द्वारा 2016 के पूर्व नियुक्त स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों भी सेवा संपुष्टि करने की बात लगातार कही जा रही है। बावजूद इसके अभी भी शिकायतें मिल रही है कि सेवा संपुष्टि नहीं हुई है। उन्होंने ऐसे स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों जिनकी सेवा संपुष्टि में परेशानी है तो रिपोर्ट निदेशालय को उपलब्ध कराने को कहा है। ज्ञात हो कि हाई स्कूल के लगभग छह हजार शिक्षको की सेवा संपुष्ट नहीं हो सकी है। राज्य के हाई स्कूलों में 2016 में नियुक्त शिक्षकों की सेवा 7 साल बाद भी संपुष्ट नहीं हुई है। 2016 के पूर्व 2010 में नियुक्त स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों की गलत सेवा संपुष्टि हुई है। जो शिक्षक डीईओ कार्यालय में योगदान कर चुके थे। लेकिन उनकी सेवा संपुष्टि स्कूल में योगदान करने की तिथि से दी गई है। इससे किसी का दो तो किसी का एक सप्ताह की सेवा संपुष्टि नहीं हो सकी है।

आजसू छात्र संघ ने रामगढ़ चुनाव में लगाया जोर

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू के आजसू छात्र संघ ने रामगढ़ चुनाव में एनडीए के पक्ष में जोर लगाया है। सरकार चुनाव से पहले बदलो सरकार, पाओ अधिकार का नारा देती थी और चुनाव के बाद मांगो अधिकार, करेंगे लाठी से प्रहार पर उतर आई है। यही इनकी सच्चाई है, यही इनका मॉडल है। युवाओं को विज्ञापन और आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला । सरकार ने युवाओं के हाथों में नियुक्तियों की जगह विज्ञप्ति दे दिया। रोजगार देने के जगह उन्हें बेरोजगार कर दिया। राज्य के युवा बेरोजगारी की आग में झुलस रहे है। अपनी मांगों को लेकर लोकतांत्रिक तरीके से शांतिपूर्ण पैदल मार्च कर रहे अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज, इस सरकार के ताबूत में आखिरी कील साबित होगा। सड़कों पर उतरे युवाओं पर सत्ता की दमनात्मक कार्रवाई आज झारखण्ड का एक बेहद अफसोसजनक एवं पीड़ादायक सच है। युवाओं के धैर्य को आज सत्ता ललकार रही है। बच्चे कैसे पढ़ें, सड़क कैसे बने, अस्पताल कैसे बने, राज्य का विकास कैसे हो। इसकी चिंता झामुमो-कांग्रेस को नहीं है। चुनाव से पहले किए तमाम घोषणाएं और वादे के साथ विश्वासघात किया गया है। आजसू छात्र संघ के साथी आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी के समर्थन मे जनसंपर्क मे जुटे हुए है।

आप पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता पलामू एसपी से मिलें

मेदिनीनगर। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता ओंकार नाथ जायसवाल ने पांकी की घटना को लेकर पलामू पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा से मुलाकात की। उन्होंने पांकी की घटना में जिला प्रशासन की सूझ बूझ से बड़ी घटना होने से पांकी को बचाने, बाजार में अमन चैन स्थापित करने को लेकर बधाई दी । साथ ही साथ घटना में निर्दोष लोगों को बेवजह पुलिस द्वारा परेशान नहीं करने का आग्रह भी किया । उन्होंने घटना चौक पर पुलिस चौकी स्थापित करने और पांकी बाजार में ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने का भी आग्रह किया है। जिसपर पुलिस अधीक्षक ने अस्वस्त किया की कोई भी निर्दोष परेशान नही होगा। जो इस घटना में नही हैं वे अपनी बात आवेदन में लिखकर मुझे दे। उनके साथ न्याय होगा । आप प्रवक्ता ने बताया की पांकी के लोग अमन पसंद है और इस गरिमा को पूर्व की तरह बनाकर रखेंगे। वहीं कानून को कोई भी व्यक्ति अपने हाथ में नही लेगा ।

जी-20, एक भारत श्रेष्ठ भारत पर पेंटिंग्स प्रतियोगिता का आयोजन

मुख्य कार्यक्रम आज, विभिन्न प्रतिभागी होंगे पुरस्कृत

प्रचार सहायक मनोज कुमार ने सभी विद्यार्थियों को उपुर्यक्त विषयों के बारे में जानकारी दी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। केंद्रीय संचार ब्यूरो, डालटनगंज के द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव, एक भारत श्रेष्ठ भारत ,स्वच्छ भारत अभियान, फिट इंडिया एवं जी 20 विषयों पर शुक्रवार को चैनपुर के श्री सद्गुरु प्रताप हरि+2 उच्च विद्यालय में निबंध प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया। विशेष जागरूकता कार्यक्रम के प्री-प्रोग्राम के तहत आयोजित इस प्रतियोगिता में लगभग 60 बच्चों ने प्रतिभागिता की। इससे पूर्व सीबीसी, डालटनगंज के क्षेत्रीय प्रचार सहायक मनोज कुमार ने सभी विद्यार्थियों को उपुर्यक्त विषयों के बारे में जानकारी दी एवं कहा कि प्रतियोगिता में शामिल होने से बच्चों का मानसिक विकास होने के साथ-साथ उनमें प्रतिस्पर्द्धा की भावना विकसित होती है। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक ब्रजकिशोर तिवारी एवं शिक्षकों को नव वर्ष का विभागीय कैलेंडर भी दिया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक बृजकिशोर तिवारी, राम प्रकाश शर्मा, संतोष कुमार ,अशोक कुमार विश्वकर्मा, संदीप तिर्की, उमेश राम, कुमारी रीता ,श्वेता सुमन ,बृज बिहारी ,चंद्रशेखर, कृष्ण मुरारी, अर्चना कुमारी ,प्रदीप कुमार चौरसिया, आकाश कुमार ,भोला सिंह, राजेश कुमार उपस्थित रहे।

क्विज प्रतियोगिताओं का भी आयोजन

सीबीसी डालटनगंज के द्वारा 25 फरवरी को रा. सद्गुरु प्रताप हरि उच्च विद्यालय में विशेष जागरूकता कार्यक्रम के तहत जागरूकता रैली निकाली जायेगी। इसके पश्चात भाषण, एवं क्विज प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जायेगा। शनिवार को ही सभी प्रतिभागियों को मुख्य एवं गणमान्य अतिथियों के हाथों पुरस्कृत किया जायेगा।

देवघरः स्वास्थ्य कर्मियों का आंदोलन जारी

नवीन मेल संवाददाता। देवघर

झारखंड पारा चिकित्सा अनुबंध कर्मचारी संघ तथा झारखंड अनुबंध एनआरएचएम एएनएम जीएनएम कर्मचारी संघ के आवाह्न पर 17 जनवरी से आहूत राज्यव्यापी धरना प्रदर्शन शुक्रवार को 39 वें दिन भी जारी रहा। आज सिविल सर्जन कार्यालय के समक्ष एएनएम जीएनएम संघ की जिलाध्यक्ष संगीता राजहंस की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें भारी संख्या में कर्मचारियों ने हिस्सा लिया. आज के कार्यक्रम के लिए भोजन का प्रबंध सामुदायिक स्वास्थ केंद्र मोहनपुर के कर्मचारियों द्वारा किया गया। आज के कार्यक्रम में झारखंड चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के अरुण कापरी सहित बबलू कुमार, सिकंदर कुमार आदि का योगदान रहा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कल 25 फरवरी को होने वाली विभागीय वार्ता को सफल होने की उम्मीद जताई गई। वार्ता असफल रहने की स्थिति में जोरदार आंदोलन का निर्णय लिया गया और 1 मार्च को विधानसभा घेराव के कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने का निर्णय लिया गया। संघ का कहना है कि 39 दिन से हड़ताल रहने के कारण स्वास्थ्य चिकित्सा सेवा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। नियमित कर्मचारियों को कई विभागों में काम करने के कारण उनकी स्थिति चिंताजनक हो गई है। आंदोलन से टीकाकरण, बलगम जांच, ब्लड बैंक सहित एमबीए कार्यक्रम तथा अन्य सभी कार्यक्रमों पर प्रतिकूल असर पड़ा है। विधानसभा घेराव के बाद भी समझौता नहीं हुआ तो आंदोलन जारी रहेगा।

अधिवक्ता मुफ्त सेवा प्रदान करा रहे हैं : अर्पित

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। जरूरतमंदों को लिगल एड डिफेंस काउंसिल के द्वारा मुफ्त केस लड़ा जा रहा है। विगत एक माह के अंदर एक सौ से अधिक केस के बचाव में अधिवक्ता लोगों का मुफ्त केस लड़ उनका बचाव में पक्ष रख रहे हैं। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महिला, दिव्यांग, प्राकृतिक आपदा से ग्रसित, जेल में बंद लोगों के अलावा जिनकी आमदनी वार्षिक तीन लाख रुपए से कम है। वैसे लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा संचालित लिगल डिफेंस काउंसिल के माध्यम से लोगों को मुफ्त केस लड़ा जा रहा है। जिले के लिए अब तक के लिए उपलब्धि का विषय है । उक्त आशय की जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने बताया कि लोगों का एलएडीसी के प्रति विश्वास बढ़ा है । पात्र व्यक्ति जिला विधिक सेवा प्राधिकार में आवेदन देकर मुक्त वकील की मांग कर रहे हैं। पात्र लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से डिफेंस काउंसिल उपलब्ध कराया जा रहा है। ताकि उनके मामले का डिफेंस काउंसिल के अधिवक्ता न्यायालय में पक्ष रख सकें। उन्होंने बताया कि पलामू जिले में लीगल एड डिफेंस काउंसिल में 27 जनवरी से कार्य आरंभ हो गया है। 100 से अधिक लोगों को डिफेंस अधिवक्ता मुहैया कराया जा चुका है। कोई भी व्यक्ति न्याय से वंचित नहीं रहेगा । न्याय पाने में गरीबी बाधक नहीं बनेगी। इसके लिए ही इसका शुरूआत किया गया है। उन्होंने बताया कि इसके माध्यम से लोगों को विधिक सहायता के अलावा केस लड़ने के लिए वकील, कोर्ट फीस माफ,के अलावे अन्य तरह की सुविधाएं दी जाती है। मौके पर लिगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ अमिताभ चन्द सिंह, डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय, असिस्टेंट वीर विक्रम बक्स राय, उत्तम कुमार, पुष्कर राज, कुमारी नीतू सिंह, उपस्थित थे।

मैट्रिक परीक्षा को लेकर पलामू बंद की घोषणा वापस

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। आरक्षण बचाव मोर्चा पलामू के द्वारा झारखंड में जातीय जनगणना ,निगम चुनाव मे आरक्षण एवं पलामू मे बालू को चालू कराने के सवाल पर 27 फरवरी को सम्पूर्ण पलामू बंद की घोषणा की थी। इसी बीच मैट्रिक परीक्षा की घोषणा हो गई । बच्चे परीक्षा से वंचित न रह जाये, उसका कैरियर खराब न हो उसके अलावा जिला प्रशासन ने भी तारीख मे फेर बदल करने का अनुरोध किया था। इसके अलावे पांकी में 144 लागू है। इन सभी को देखते हुए मोर्चा ने बंदी वापस लेने की घोषणा की है।बंदी को सफल बनाने में विभिन्न पार्टी के लोग जिसमें आजसू पाटी ,आम आदमी पाटी ,मौर्य सेना ,कुशवाहा समाज, चन्द्रवंशी समाज ,यादव समाज, प्रजापति समाज के अलावा सभी जातीय एव समाजिक संगठन ने बंदी का समर्थन किया था । फिलहाल इन सभी बिन्दु पर विचार करते हुए खास कर मैट्रिक परीक्षा को लेकर 27 फरवरी को होने वाली बंदी को मोर्चा ने वापस ले ली है । वहीं सतीश चन्द्रवंशी ने कहा कि यह आन्दोलन चलती रहेगी और परीक्षा के बाद पुनः पलामू बन्द की घोषणा की जायेगी।

टेट पास सहायक अध्यापकों ने गूगल मीट कर कई निर्णय लिया

मेदिनीनगर। टेट पास सहायक अध्यापक संघ के राज्य इकाई की बैठक गुगल मीट के द्वारा 23 फरवरी को रात्रि 8 बजे से किया गया। जिसमें 17 जिला के अध्यापकों ने भाग लिया। गुगल मीट में लोकतांत्रिक तरीके से पुर्नगठन व विस्तार पर सुझाव दिया गया। सभी जिलों के वैसे सभी प्रखंड जहां गठन व विस्तार नहीं हुए हो उसके लिए 15 दिनो के अंदर गठन व विस्तार का प्रस्ताव आया एवं इसके बाद जिला का एवं राज्य कमेटी का पुर्नगठन व विस्तार लोकतांत्रिक तरीके से हो इस पर सहमति बनी। राज्य कमिटी के पुर्नगठन व विस्तार के पूर्व सभी जिला में जहां प्रखंड कमिटी नहीं बनी है। वैसे जिला हर हाल में 12 मार्च तक प्रखंड कमिटी का निर्माण कर जिला के माध्यम से राज्य कमिटी को अवगत करायेंगे। वैसे जिला जहां जिला कमिटी तो है, परन्तु विस्तार नही हुआ है या गठन नही है। वैसे जिला में प्रखण्ड का गठन करते हुए हर हाल में 18 एवं 19 मार्च को जिला में गठन व विस्तार करके राज्य कमिटी को सूचना देने का कार्य करेगें। इन कार्यो के पश्चात 26 मार्च को राज्य इकाई का पुर्नगठन व विस्तार किया जायेगा। संगठन का निबंधन का प्रस्ताव भी बैठक में आया । सभी में एक हजार की राशि का सहयोग करने पर सहमति भी बनी।

स्व. मुद्रिका सिंह फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

मेदिनीनगर। पलामू चैनपुर प्रखंड अंतर्गत पंचायत बसरिया कला में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वर्गीय मुद्रिका सिंह के याद में पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसका फाइनल मुकाबला गुरुवार को बीएफसी फुटबॉल क्लब रामगढ़ और डीटीएच सुआ के बीच खेला गया । पंचायत बसरिया कला के सरकारी स्कूल के छात्र-छात्राएं छोटे बच्चे एवं बच्ची ने भी फुटबॉल टूर्नामेंट के मैच में भाग लिया और विजय प्राप्त किया। उन्हें भी मेडल पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। फुटबॉल में विजेता टीम बीएफटी फुटबॉल क्लब रामगढ़,उपविजेता डीटीएच सुआ टीम को बड़ा सिल्ड, मेडल और नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। फाइनल मैच में मुख्य अतिथि के रुप में युवा जागृति केंद्र के केंद्रीय अध्यक्ष राजन सिन्हा उपस्थित थे । मौके पर उन्होंने कहा कि इस तरह के मैच का आयोजन से एकता एवं अनुशासन का विकास होता है। स्थानीय प्रतिभा निखर कर सामने आती है। खेल जीवन में अनुशासन एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के विकास के लिए यह अत्यंत आवश्यक है। शहरों में जहां एक और खेल मैदानों की कमी है । वहीं अब सिर्फ ग्रामीण क्षेत्रों में ही है खेल बचा रह गया है। आवश्यकता है कि हम इसे बढ़ावा दें तथा शहरों में भी युवाओं के बीच खेल के कार्यक्रमों का आयोजन करें।

गिरिडीहः कानून व्यवस्था के विरोध में भाजपा ओबीसी मोर्चा ने सीएम का पुतला फूंका

गिरिडीह। राज्य में हत्या और डकैती समेत अन्य घटनाओं से आक्रोशित गिरिडीह भाजपा के ओबीसी मोर्चा ने शुक्रवार को सीएम हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया। ओबीसी मोर्चा के इस पुतला दहन में इस दौरान डा. राजेश पोद्दार, भाजपा नगर अध्यक्ष हरमिंदर सिंह बग्गा, विनय सिंह, महामंत्री सुभाष चन्द्र सिन्हा, संदीप डंगाईच, मनोज संघई, रंजन सिन्हा, ज्योतिश शर्मा, दीपक स्वर्णकार समेत कई भाजपा नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए. सीएम हेमंत का पुतला लिए भाजपा नेताओं का जुलूस झंडा मैदान से निकला। मौके पर भाजपा नेताओं द्वारा सीएम हेमंत के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी किया गया। और सीएम हेमंत को एक विफल सरकार का मुखिया कहा गया। झंडा मैदान से निकल कर भाजपा नेताओं का जुलूस शहर भ्रमण करते हुए टावर चौक पहुंचा। जहां सीएम का पुतला दहन करते हुए भाजपा नेताओं ने कहा कि अधिकारी और मंत्रियों समेत महाठगबंधन के नेताओं के सहारे सरकारी खजाने को लूटने वाले हेमंत सरकार से एक बेहतर सरकार चलाने की उम्मीद बेमानी है। सरकारी खजाने को किस प्रकार हेमंत सरकार लूटा रही है यह ईडी की कार्रवाई से पता चल रहा है। तीन सालों में ही पूरे राज्य को हेमंत सरकार ने लूट-खसोट कर खोखला कर दिया। और अब हालात ऐसे है कि हर जिलों में वैसे ही अधिकारियों को रखा गया है। जो जमीन और खनिजों को लूट कर सीधे हेमंत सरकार तक मोटी रकम पहुंचा सके। लिहाजा, राज्य में हर रोज अपराध बढ़ता जा रहा है। इधर पुतला दहन के दौरान भाजपा के कई नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए।

जागरुकता | **पुलिस मुख्यालय को भेजा प्रस्ताव**

सड़क सुरक्षा को लेकर पलामू में खुलेगा ट्रैफिक थाना

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिला में ट्रैफिक थाना खोला जायेगा। इस संबंध में पलामू पुलिस ने एक प्रस्ताव तैयार कर झारखंड पुलिस मुख्यालय को भेजा है। इस प्रस्ताव को भेजने के साथ ही पुलिस थाना के लिए भवन को भी तलाश करना शुरू कर दिया है। पलामू में फिलहाल 24 थाना से अधिक प्रशासनिक थाना इसके अलावा एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट और एससी एसटी थाना भी संचालित है। ट्रैफिक थाना खुल जाने के बाद पलामू में 28 प्रशासनिक थाना हो जायेंगे। पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि ट्रैफिक थाना बनाने के संबंध में एक प्रस्ताव पुलिस मुख्यालय को भेजा है। उन्होंने बताया कि सड़क हादसों में होने वाले मौत का आंकड़ा बेहद ही गंभीर है, सड़क सुरक्षा जागरुकता के लिए ट्रैफिक थाना का होना जरूरी है। जिस कारण पलामू पुलिस ने एक प्रस्ताव तैयार कर मुख्यालय को भेजा है। एसपी ने बताया कि ट्रैफिक थाना खुल जाने से कई सुविधाओं में भी बढ़ोतरी होगी। पलामू में औसतन 300 से अधिक वाहनों को प्रतिदिन यातायात नियम तोड़ने पर चालान काटा जाता है। इस फाइन को जमा करने के लिए लोगों को जिला परिवहन कार्यालय के चक्कर लगाना पड़ता है। विभिन्न इलाकों में पुलिस वाहन चेकिंग के दौरान ट्रैफिक नियमों को तोड़ने के आरोप में वाहनों को चलाना काटती है, जिसके बाद लोग डीटीओ कार्यालय जाते हैं। पलामू के सुदूरवर्ती इलाके के लोगों को फाइन कटवाने के लिए कई किलोमीटर का लंबा सफर तय करना पड़ता है। ट्रैफिक थाना खुल जाने के बाद मेदिनीनगर और उसके आसपास के लोग आसानी से फाइन कटवा पायेंगे । जबकि सुदूरवर्ती इलाके के लोगों को दो जगह फाइन कटवाने का ऑप्शन मिल जायेगा। ट्रैफिक थाना के अधिकारी ऑनलाइन चालान काटने के लिए किसी भी इलाके में जा सकते हैं।

ज्ञान की बात

स्नान करने के लिए यदि कोई राजा अपने आभूषण उतारकर बाहर रखे, कुंड में प्रवेश करे, तो निर्धन तो नहीं हो जाएगा । वैसे यदि आप अपने धर्म का निर्वाह करने के लिए वनवास रहें हैं, तो आप वनचर तो नहीं हो जाएंगे।
- ठाकुरजी

भ्रष्टाचार का मंच

भ्रष्टाचार आज मंच बन गया है। सरकारी विभाग इसके पोषक बन गये हैं। इसके तार सभी लोगों से जुड़े होते हैं। इस गंदगी को फैलाने में पूरा महकमा लगा हुआ है। जितना बड़ा करप्ट व्यक्ति होगा,उसकी पूछ उतनी ही बड़ी होगी। हमारे कई नामचीन नेता जेल की हवा खा चुके हैं। दुर्भाग्य की उनके चेहरे पर आज कोई सिकन नहीं देखने को मिलती है। मामला न्यायालय में लंबित हैं। न्याय की प्रक्रिया इतनी जटिल है कि परिणाम आने में पीढ़ियां गुजर जाती हैं। ऐसे इस मंच के पहरेदार हमारे समाज में हर जगह मिल जायेंगे। भ्रष्टाचारी परिवार की ऐंठन ऐसी कि उनका बेटा 35 हजार की शर्ट और 300 रूपये लीटर का विदेशी पानी पीता है। शर्म -हया नाम की कोई चीज नहीं है। हम बात कर रहे हैं अकूत संपत्ति अर्जित करने वाले झारखंड के ग्रामीण कार्य विभाग के चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम की। क्या कोई सोचा भी था कि यह व्यक्ति इतना भी करप्ट होगा? अब आने वाले दिनों में कई चेहरे बेनकाब होंगे। ऐसे में भ्रष्टाचार की गंगोत्री में कितना पानी अभी बचा है,यह देखना बाकी है। एक बार फिर इन महोदय की वजह से भ्रष्टाचार जैसे शब्दों की व्याख्या शुरू हो गयी है। ऐसे में देखना होगा कि परियोजना की निविदा में कमीशन व घोटाला किस स्तर तक होता था। यह ईडी की कार्रवाई के बाद सबको ज्ञात हुआ। इस छापेमारी में यह बात सामने आई कि जल संसाधन विभाग के अभियंता को ऐसे विभाग का मुख्य अभियंता बना दिया गया जिसके लायक वह नहीं था। यहीं से गड़बड़ी शुरू हो जाती है। आखिर किस पात्रता के तहत इस व्यक्ति को इतनी बड़ी जवाबदेही दी गई। उसे बनाने वाला अधिकारी कौन था? इसकी भी जांच जरूरी है। ऐसे में सहज समझा जा सकता है कि बिरेन्द्र राम को भ्रष्टाचार में बढ़ावा देने वाले किस स्तर के लोग थे। यह सर्वविदित है कि इससे पहले भी बिरेन्द्र की छवि बहुत अच्छी कभी नहीं रही है। बावजूद आंख मूंद कर इन पर कैसे विश्वास किया गया। ऐसे में बिरेन्द्र राम से ज्यादा दोषी वह लोग हैं,जो इसे आश्रय देते रहे हैं। मर्डर करने वाला उतना दोषी नहीं,जितना उसकी साजिश रचने वाला होता है। ऐसी स्थिति में ऐसे लोगों का ईडी के अलावा सामाजिक बहिष्कार की रणनीति समाज को बनानी चाहिए। तभी इनका मंच धराशाई होगा। बहरहाल इंजीनियर बिरेन्द्र को इस मामले में ऐसी सजा होनी चाहिए कि कोई दूसरा बिरेन्द्र भविष्य में पैदा न हो।

न्याय की प्रक्रिया इतनी जटिल है कि परिणाम आने में पीढ़ियां गुजर जाती हैं। भ्रष्टाचारी परिवार की ऐंठन ऐसी कि उनका बेटा 35 हजार की शर्ट और 300 रूपये लीटर का विदेशी पानी पीता है।

गरीबों का आर्थिक स्वावलम्बन जरूरी

ललित गर्ग

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार ने वर्ष 2047 के आजादी के शताब्दी समारोह के लिये जो योजनाएं एवं लक्ष्य तय किये हैं, उनमें गरीबी उन्मूलन के लिये भी व्यापक योजनाएं बनायी गयी है। विगत नौ वर्ष में ऐसी गरीब कल्याण की योजनाओं को लागू किया गया है, जिससे भारत के भाल पर लगे गरीबी के शर्म के कलंक को धोने के सार्थक प्रयत्न हुए है एवं गरीबी की रेखा से नीचे जीने वालों को ऊपर उठाया गया है। वर्ष 2005 से 2020 तक देश में करीब 41 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए हैं तब भी भारत विश्व में एकमात्र ऐसा देश है जहां गरीबी सर्वाधिक है। वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक के अनुसार भारत में कुल 23 करोड़ गरीब हैं। यह स्पष्ट संकेत है कि तमाम कल्याणकारी योजनाओं के बावजूद गरीबी उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नये विचारों एवं कल्याणकारी योजनाओं पर विमर्श के साथ गरीबों के लिये आर्थिक स्वावलम्बन-स्वरोजगार की आज देश को सख्त जरूरत है। गरीबों को मुफ्त की रेवड़िया बांटने एवं उनके वोट बटोरने की स्वार्थी राजनीतिक मानसिकता से उपरत होकर ही संतुलित समाज संरचना की जा सकती है। गरीबी के आंकड़ों में कमी के लिए इनदिनों दो घटनाक्रमों का जिक्र सुनने को मिल रहा हैं। पहला, ग्रामीण रोजगार गारंटी जैसे विभिन्न कार्यक्रमों के जरिये बड़ी मात्रा में नगद भुगतान और दूसरा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना एवं उज्ज्वला योजना के तहत सब्सिडी युक्त ईंधन एवं मुफ्त अनाज। गरीबी के स्तर पर इन कार्यक्रमों के प्रभाव को मापने का एक आधार है। मसलन, इन कार्यक्रमों से लोगों को रोजगार प्राप्त हुआ है और उन्हें मजदूरी से आय मिलती है, यह गरीबी दूर करने का प्रभावी तरीका है। कल्याणकारी योजनाओं के रूप में सस्ती गैस का अर्थ है एक प्रमुख घरेलू खर्च की बचत। वहीं मुफ्त खाद्यान्न का अर्थ है भोजन पर होने वाले खर्च में बचत यानी बढ़ी हुई आय। भारत अमीर-गरीब के बीच बढ़ रहा फासला एक चिन्ता का कारण ही नहीं, बल्कि बड़ा राजनीतिक मुद्दा होना चाहिए, लेकिन दुर्भाग्य से यह मुद्दा कभी भी राजनीतिक मुद्दा नहीं बना। शायद राजनीतिक दलों की दुकानें इन्हीं अमीरों के बल पर चलती है और गरीबी कायम रहना उनको सत्ता दिलाने का सबसे बड़ा हथियार है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश में अमीर अधिक अमीर हो रहे हैं और गरीब अधिक गरीब। विपक्ष के सामने इससे अच्छा क्या मुद्दा हो सकता है? इस मामले में राहुल गांधी ने पहली बार अपनी भारत जोड़ो यात्रा में यह मुद्दा उठाकर अपने राजनीतिक कद को तनिक ऊंचाई दी है। उनके कारण कम से कम अमीर और गरीब के बीच बढ़ती हुई खाई का सवाल देश के मानस पटल पर दर्ज हुआ है। राजनीति से इतर अर्थशास्त्रियों और विश्व की नामचीन संस्थाओं की रपटों में यह सवाल लगातार रेखांकित हो रहा है। लेकिन मोदी सरकार बिना शोर-शराबे के गरीबी उन्मूलन के मिशन पर लगी है। नया भारत-सशक्त भारत बनाने की जरूरत यह नहीं है कि चंद लोगों के हाथों में ही बहुत सारी पूंजी इकट्ठी हो जाये, पूंजी का वितरण ऐसा होना चाहिए कि विशाल देश के लाखों गांवों एवं करोड़ों लोगों को आसानी से उपलब्ध हो सके। लेकिन क्या कारण है कि महात्मा गांधी को पूजने वाला पूर्व सत्ताशीर्ष का नेतृत्व उनके ट्रस्टीशीप के सिद्धान्त को बड़ी चतुराई से किनारे करता रहा है। यही कारण है कि एक ओर अमीरों की ऊंची अट्टालिकाएं हैं तो दूसरी ओर फुटपाथों पर रेंगती गरीबी। एक ओर वैभव ने व्यक्ति को विलासिता दी और विलासिता ने व्यक्ति के भीतर क्रूरता जगाई, तो दूसरी ओर गरीबी तथा अभावों की त्रासदी ने उसके भीतर विद्रोह की आग जला दी। वह प्रतिशोध में तपने लगा, अनेक बुराइयां बिन बुलाये घर आ गईं। नई आर्थिक प्रक्रिया को आजादी के बाद दो अर्थों में और बल मिला। एक तो हमारे राष्ट्र का लक्ष्य समग्र मानवीय विकास यानी गरीबी उन्मूलन के स्थान पर आर्थिक विकास रह गया। दूसरा सारे देश में उपभोग का एक ऊंचा स्तर प्राप्त करने की दौड़ शुरू हो गई है। इस प्रक्रिया में सारा समाज ही अर्थ प्रधान हो गया है। लेकिन मोदी सरकार अर्थ की दौड में दुनिया की सर्वोच्च आर्थिक ताकत बनने के साथ गरीबी को दूर करने के लिये भी ठोस काम कर रही है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ भी आर्थिक असंतुलन एवं गरीबी को दूर करने एवं समतामूलक समाज की स्थापना के लिये प्रतिबद्ध है। संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले के अनुसार पिछले कुछ वर्षों में भारत के सार्थक प्रयास से सुरक्षा, विज्ञान, चिकित्सा, खाद्यान्न सहित कई क्षेत्रों में प्रगति की है। भारत विश्व में आर्थिक रूप से संपन्न 5 देशों में शामिल हो चुका है। कई क्षेत्रों में प्रगति करने के बाद भी देश में गरीबी एक राक्षस के रूप में खड़ी है। जिस तरह हम विजयादशमी के दिन राक्षस रूपी पुतला का वध कर बुराई पर अच्छाई को स्थापित करने का संकल्प लेते हैं उसी तरह हमें इस गरीबी पर विजय पाने का प्रण लेना होगा। इसके लिए देश में सभी को नौकरी सरकार या निजी संस्थाएं दे नहीं सकती हैं। इसलिए हमें स्वरोजगार एवं स्व उद्यमिता पर जोर देना होगा।

देश में करीब 41 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए हैं तब भी भारत विश्व में एकमात्र ऐसा देश है जहां गरीबी सर्वाधिक है। वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक के अनुसार भारत में कुल 23 करोड़ गरीब हैं।

इन दिनों

बोधि वृक्ष

आईए सुनें भगवान श्री कृष्ण की कथा

ऐसा कहा जाता है कि एक बार श्रीकृष्ण के पुत्र सांब ने चंचलता के वशीभूत होकर दुवार्सा ऋषि का अपमान कर दिया था। जिसके बाद दुवार्सा ऋषि ने क्रोध में आकर सांब को यदुवंश के विनाश का श्राप दे दिया था। शक्तिशाली होने के साथ ही अब द्वारिका में पाप एवं अपराध बहुत ही अधिक बढ़ गया था। अपनी खुशहाल द्वारिका में ऐसे माहौल को देखकर श्रीकृष्ण बहुत ही दुखी थे। उन्होंने अपनी प्रजा से प्रभास नदी के तट पर जाकर अपने पापों से मुक्ति का सुझाव दिया जिसके बाद सभी लोग प्रभास नदी के किनारे पर गये लेकिन दुवार्सा ऋषि के श्राप के कारण वहाँ पर सभी लोग मदिरा के नशे में डूब गये और एक दूसरे से बहस करने लगे। उनके इस बहस ने गृहयुद्ध का रूप ले लिया जिसने पूरे यदुवंश का नाश कर दिया। भागवत पुराण के अनुसार ऐसा माना जाता है कि श्रीकृष्ण अपने वंश की विनाश लीला को देख कर बहुत व्यथित थे। अपनी इसी व्यथा के कारण ही वे वन में रहने लगे थे। एक दिन जब वे वन में एक पीपल के पेड़ के नीचे योग निंद्रा में विश्राम कर रहे थे तभी जरा नामक एक शिकारी ने इनके पैर को हिरण समझ कर उस पर विषयुक्त बाण से प्रहार कर दिया था। जरा द्वारा चलाया गया यह बाण श्रीकृष्ण के पैर के तलुवे को भेद दिया था। विषयुक्त बाण के इसी भेदन को बहाना बनाकर श्रीकृष्ण ने अपने देह रूप को त्याग दिया और नारायण रूप में बैकुण्ठ धाम में विराजमान हो गये। देह रूप को त्यागने के साथ ही श्रीकृष्ण के द्वारा बसाई हुई द्वारिका नगरी भी समुद्र में समा गई थी।

(क्रमशः)

अब एडोना वायरस की दस्तक से नई चिंता

ऋतुपर्ण दवे

कोरोना की रफ्तार सुस्त पड़ते ही एक नये एडोनावायरस की धमक ने एक बार फिर चिन्ता बढ़ा दी है। इसका अब तक ज्यादा असर केवल प.बंगाल में ही दिखा है। लेकिन पुणे और दूसरी जगहों से ऐसे ही लक्षणों के मरीज मिलना मेडिकल विशेषज्ञों के लिए नई परेशानी का सबब बन सकता है। हालाकि यह सच है कि हर वक्त किसी न किसी वायरस के साथ जीना पड़ता है जो आम है लेकिन जब ये खतरनाक रूप या महामारी में तब्दील होकर घातक हो जाते हैं तो स्वास्थ्य के लिए चुनौती बन जाते हैं। हमने कोविड के दौरान वायरस के ऐसे ही रूप को देखा जिसने सौ साल में आने वाली महामारी बनकर कैसी तबाही मचाई। आगे चलकर यह कितना फैलेगा और कैसे रोक पाएंगे इसके लिए थोड़ा इंतजार करना होगा। लेकिन जैसा कि अमूमन हर संक्रामक बीमारी में होता है कि बचाव ही सुरक्षा है वाला तरीका अपनाना होगा। इसका असर सबसे ज्यादा बच्चों में पड़ता है जिसकी एक खास वजह भी सामने आई लेकिन सभी उम्र के लोगों को भी प्रभावित करता है। हाँ, जद में छोटे-छोटे बच्चे इसलिए आसानी से आते हैं क्योंकि वो खुद दूसरे बड़े या छोटे के संपर्क में रहते हैं और मुंह में कुछ भी डाल लेना तथा हाथ न धोना ज्यादा तेज असर करता है। जन्म के समय कम वजन और हृदय रोग के पीड़ित भी जल्द शिकार हो जाते हैं। इसके अलावा सांस की बीमारी वाले बच्चों पर भी एडोनावायरस का तेज असर देखा गया है। वैसे भी बच्चों की प्रतिरोधक क्षमता कम होती है इसीलिए उनके लिए घातक होता सकता है। एडोनावायरस के लक्षण भी कोरोना से काफी कुछ मिलते हैं लेकिन सुकून की बात है कि यह उसका वैरिएण्ट नहीं है। इसे वायरल फ्लू की तरह माना जाता है जिसका कोई विशेष इलाज नहीं है। जरा सी सतर्कता और सावधानी से इससे डरे बिना घर पर भी इसके हल्के लक्षणों का कोरोना की तरह इलाज किया जा सकता है। जीवन रक्षक घोल यानी ओआरएस और अच्छे, ताजे व स्वस्थ आहार के साथ इसके इलाज की सलाह दी जाती है। लेकिन सतर्कता ज्यादा जरूरी है। जब तीन दिनों तक बुखार न उतरे और रोगी में सुधार न दिखे बल्कि जल्दी-जल्दी सांस लेने लगे, भूख भी कम हो जाए पेशाब भी रोजाना की तुलना में कम लगे तो जरूर चिन्ता की बात है। इस रोग को फैलने से रोकने के लिए मास्क बेहतर बचाव का साधन है। चिकित्सक भी मास्क के अलावा स्वच्छता संबंधी वो सारे उपाय के लिए कहते हैं जो कि कोविड के दौरान जरूरी थे। जैसे बार-बार हाथ धोना, संक्रमण की स्थिति में दूरी बनाये रखना और प्रभावित होने पर क्वारंटीन होना। अब तक लक्षणों से जो सामने आया है उसमें 3 दिन से ज्यादा समय तक बुखार व खांसी चलते रहना, गले में खराश, नाक बहना, उल्टी, दस्त पेट दर्द, तेज-तेज सांस लेना, गुलाबी आंखें हो जाना, कान के संक्रमण यानी ओटिटिस मीडिया जिसमें कान के परदे के पीछे हवा वाले स्थान जो कान के बीचों बीच होता है में संक्रमण होना, सूजी हुई लसीका ग्रंथियां, सीने में ठंड यानी ब्रोंकाइटिस, न्यूमोनिया भी एडोनावायरस का कारण हो सकता है। इसका असर 3 से 5 दिनों तक दिखता है लेकिन पर दो सप्ताह तक भी मरीज बीमार रह सकता है। ऐसे में लगातार खांसी या किसी भी संभावित लक्षण की दशा में तुरंत चिकित्सक की सलाह लेना जरूरी है। एडेनोवायरस संक्रमण के इलाज के लिए कोई सटीक एंटीवायरल दवा भी अब तक नहीं होने से इसको रोकने के लिए आम दवाएं ही दी जाती हैं। लेकिन गंभीरता की स्थिति में चिकित्सक तेज असरकारक दवाएं लक्षण के हिसाब से देते हैं। ऐसे में लक्षणों की अनदेखी भारी पड़ सकती है। अमेरिका के सर्वश्रेष्ठ अस्पतालों की श्रंखला में चौथे क्रम पर शुमार क्लीवलैंड क्लिनिक जिसे कोरोनरी धमनी बाईपास सर्जरी और पहले चेहरा प्रत्यारोपण करने का श्रेय भी प्राप्त है के अनुसार एडेनोवायरस एक सामान्य वायरस है जो कई प्रकार के सर्दी या फ्लू जैसे संक्रमण का कारण बनते हैं। यह मध्यम आकार का एक अल्प विकसित वायरस है जो कई तरह के संक्रमण पैदा कर सकता है। इसमें एक आइकोसाहेड्रल न्यूक्लियोकैप्सिड यानी वायरल प्रोटीन का कोट है जिससे जीनोम यानी आनुवांशिक संरचना का पता लग सकता है। इससे हम पता लगा सकते हैं कि आखिर उसका कैसा व्यवहार है? जब तक यह जानकारी नहीं होगी तब तक जांच, इलाज, टीका किसी की खोज नहीं हो सकती है। शोधकर्ताओं ने लगभग 50 ऐसे एडेनोवायरस के वैरिएण्ट पहचाने हैं जो मनुष्यों को संक्रमित कर सकते है। उपलब्ध जानकारी से पता चलता है कि इस वायरस का संक्रमण यूं तो पूरे वर्ष होता है जो सर्दी और बसंत के दौरान ज्यादा होता है। लेकिन प.बंगाल में ही यह क्यों बढ़ रहा है? जबकि वहां मौसम दूसरे राज्यों के मुकाबले गर्म होता है। इस पर अभी जानकारियां जुटाई जा रही हैं।

एडोनावायरस के लक्षण भी कोरोना से काफी कुछ मिलते हैं लेकिन सुकून की बात है कि यह उसका वैरिएण्ट नहीं है। इसे वायरल फ्लू की तरह माना जाता है जिसका कोई विशेष इलाज नहीं है।

आपका हेल्थ

फोटो की दुनिया

Babulal Marandi
15 h

खबरों के मुताबिक़ अरबपति धनकुबेर इंजीनियर बीरेन्द्र राम के यहाँ #ED के छापे के दरम्यान छापामारी कर रहे कर्मचारियों को खुद का मंगाया खाना वहाँ डायनिंग टेबल पर बैठकर खाने से यह कह कर मना कर दिया गया कि टेबल गंदा हो जायेगा।

सुना है यह अफ़सर पैंतीस हज़ार का जो शर्ट एक बार पहन लेता था उसे धुलवाने का झंझट करने के बजाय उसी क़ीमत का दूसरा शर्ट दूसरे दिन पहनता था। इडी इस सब के क़ीमत का भी हिसाब-किताब करवाये।

ऐसे महाभ्रष्ट कुछ सामंती लोगों के चलते हमारा दलित समाज बदनाम होता है। ताज्जुब है कि ऐसे डकैतों के फेंके चंद टुकड़े पर हमारे कुछ नेता कुछ नेता/अफ़सर क़दमताल करते हैं और बदनाम पूरी बिरादरी होती है। यह सब सुनकर देखकर मन विचलित होता है।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी, बिना विलम्ब किये इस पर एफ़आइआर करिये। फास्टट्रेक कोर्ट से सजा दिलवाइये। नौकरी से बर्खास्त करिये। वर्ना आप कहीं मुँह दिखाने के काबिल नहीं रहेंगे।

ट्वीट-ट्वीट

Dr Nishikant Dubey
@nishikant_dubey

मुख्यमंत्री हेमंत जी वीरेंद्र राम इंजीनियर,पंकज मिश्रा सहयोगी,प्रेम प्रकाश दलाल,पूजा सिंघल, सीए सुमन कुमार,अमित अग्रवाल क्या आपके नज़र में ऐ 1932 के खतिहानी हैं या झारखंड लुटवाने के लिए आपने बाहरी का सहारा लिया है,आप यहाँ की भोली भाली जनता को गुमराह कर लुटेरों के सरदार बन गए हैं

फेसबुक वॉल से

Siddharth Vallabh
10 h

अब चीतों से गुलजार होने लगी है भारत की धरती

योगेश कुमार गोयल

करीब सात दशक बाद मोदी सरकार के गंभीर प्रयासों से भारत में पिछले साल 17 सितम्बर को चीतों की वापसी हुई थी। नामीबिया की राजधानी विंडहोक से ग्वालियर लाये गये आठ चीतों को मध्य प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क में बाड़े में छोड़ा गया था। यह सभी चीते यहां के माहौल में पूरी तरह ढ़ल चुके हैं। चीतों के पुर्नवास की चल रही योजना के तहत 18 फरवरी को भी दक्षिण अफ्रीका से सात नर और पांच मादा चीते कूनो नेशनल पार्क लाए गये। अब भारत में चीतों की संख्या 20 हो गई है। करीब 50 वर्ष पहले चीतों को भारत लाने के प्रयास शुरू हुए थे पर उन पर कामयाबी नहीं मिल पाई थी। 21वीं सदी के इन दो दशकों में चीतों की वापसी के प्रयासों में तेजी आई और उनके संरक्षण के लिए गलियारों की पहचान और उन्हें सुदृढ़ करने पर ध्यान केन्द्रित किया गया। 2009 में राजस्थान के अजमेर में हुई बैठक में चीतों को भारत लाने की चर्चा पुनर्जीवित हुई और आनुवंशिक समानता तथा जीनोम विश्लेषण के आधार पर अफ्रीका से चीते लाकर भारत में बसाने की योजना को उपयुक्त पाया गया। चीतों की पुनर्स्थापना के संबंध में पर्याप्त अध्ययन नहीं होने के कारण 2013 में सुप्रीम कोर्ट ने चीतों को भारत लाए जाने पर रोक लगा दी थी। अदालत द्वारा 28 जनवरी 2020 को चीतों के पुनर्स्थापना हेतु अनुमति मिलने के बाद चीता परियोजना हेतु मॉनीटरिंग के लिए तीन सदस्यीय विशेषज्ञ दल का गठन किया गया और उसके बाद चीतों को भारत लाए जाने की इजाजत देने के पश्चात ही चीतों की भारत वापसी का रास्ता साफ होने से इन प्रयासों में तेजी आई। चीतों को भारत लाने के लिए भारत सरकार ने 2010 में नामीबिया से बातचीत शुरू की थी लेकिन नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से चीते लाने का समझौता जुलाई 2022 में हुआ। 2021-22 से 2025-26 के बीच 'प्रोजेक्ट टाइगर' के तहत 'चीता इंट्रोडक्शन परियोजना' के लिए भारत सरकार द्वारा 38.7 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। मध्य भारत में पाषाण युग के गुफा चित्रों में अंकित चीता भारतीय इतिहास और संस्कृति का अभिन्न अंग रहा है। 'चीता' शब्द संस्कृत मूल का शब्द है, जिसकी उत्पत्ति संस्कृत शब्द 'चित्रकायः' से हुई है, जिसका अर्थ है बहुरंगी शरीर वाला। हालांकि भारत कभी चीतों का घर रहा था लेकिन देश में आखिरी बार 1947 में चीता देखा गया था। 1947 में मध्य प्रदेश के कोरिया रियासत के महाराजा रामानुज प्रताप सिंह देव ने तीन चीतों का शिकार किया था और माना जाता है कि वे भारत के आखिरी तीन चीते ही थे। 1952 में भारत सरकार द्वारा चीते को देश में विलुप्त घोषित कर दिया गया था। उससे पहले भी मुगलकालीन और पूर्ववर्ती शासकों द्वारा अत्यधिक शिकार, उनके पयार्वास में व्यापक बदलाव और शाकाहारी पशुओं की संख्या में गिरावट के कारण धीरे-धीरे अनेक चीतों की विदाई हो गई थी। वैसे चीतों की संख्या पूरी दुनिया में तेजी से कम हुई है। पिछली सदी में दुनियाभर में चीतों की संख्या करीब एक लाख थी लेकिन जूलॉजिकल सोसायटी ऑफ लंदन की एक रिपोर्ट के मुताबिक करीब 91 फीसदी चीते 1991 तक खत्म हो चुके हैं और अब इनकी संख्या दुनियाभर के 17 देशों में करीब सात हजार ही रह गई है, जिनमें से आधे से ज्यादा चीते दक्षिण अफ्रीका, नामीबिया और बोत्सवाना में मौजूद हैं। अफ्रीका में कई स्थानों पर चीते पाये जाते हैं जबकि एशियाई चीते केवल ईरान में ही मिलते हैं। एक अनुमान के मुताबिक दुनियाभर में अब करीब सात हजार अफ्रीकी चीते और 50 से भी कम एशियाई चीते बचे हैं। चीते का उल्लेख वेदों, पुराणों जैसे प्राचीन भारतीय ग्रंथों में भी मिलता है। 12वीं सदी के संस्कृत दस्तावेज 'मनसोलासा' में भी चीतों का उल्लेख है। एक समय महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, उड़ीसा, तमिलनाडु इत्यादि भारत के विभिन्न राज्यों के जंगलों में बड़ी संख्या में चीते थे। हिमालय वाले इलाके को छोड़कर ऐसी कोई जगह नहीं थी, जहां भारत में चीते नहीं पाये गये हों लेकिन शिकार के कारण चीतों की संख्या धीरे-धीरे घटने लगी और करीब 75 साल पहले देश में आखिरी बार चीते देखे गये। दरअसल बाघ की तुलना में चीतों पर नियंत्रण करना आसान माना जाता रहा है और भारत में सदियों तक चीतों के शिकार का प्रचलन रहा है। मुगलों को तो चीते पालने का शौक था, जो अपने साथ चीतों को शिकार पर ले जाते थे। चीते उनके आगे-आगे चलकर हिरणों तथा अन्य जंगली जानवरों का शिकार करते थे।

21वीं सदी के इन दो दशकों में चीतों की वापसी के प्रयासों में तेजी आई और उनके संरक्षण के लिए गलियारों की पहचान और उन्हें सुदृढ़ करने पर ध्यान केन्द्रित किया गया। 2009 में राजस्थान के अजमेर में हुई।

वन्य जीव

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सौल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.) प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : **सुरेश बजाज,** संपादक : **हर्षवर्द्धन बजाज,** स्थानीय संपादक : **आनंद सिंह***, **प्रेस कार्यालय** : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, **फोन नंबर :** 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, **रांची कार्यालय :** 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, **दिल्ली कार्यालय :** 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, **ई-मेल :** rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

महारैली : ओवैसी की जमीन छीनने की कोशिश में महागठबंधन!

एजेंसी। पटना

लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर बिहार के दोनों गठबंधनों ने तैयारी शुरू कर दी है। चुनाव को लेकर दोनों गठबंधनों की नजर सीमांचल के जिलों पर है। सीमांचल के पूर्णिया से 25 फरवरी को महागठबंधन महारैली कर मिशन 2024 का आगाज करने वाला है। मुस्लिम बहुल माने जाने वाले सीमांचल में दोनों गठबंधनों की पड़ी नजर के कारण असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) केंद्रबिंदु में आ गई है।

पिछले विधानसभा चुनाव में ओवैसी की पार्टी से इस इलाके में अपनी पकड़ का लोहा मनवाते हुए पांच सीटें जीत ली थी।

एआईएमआईएम ने महागठबंधन की महारैली पर जोरदार निशाना साधा है, वहीं भाजपा भी इस रैली का आयोजन ओवैसी का जवाब देने के लिए बता रही है।

भाजपा के सांसद और बिहार के उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने तो यहां तक कह दिया कि यह महारैली ओवैसी को

जवाब देने के लिए है।

सुशील मोदी ने कहा कि महागठबन्धन की पूर्णिया रैली भाजपा नहीं बल्कि ओवैसी को जवाब देने के लिए बुलाई गई है। उन्होंने कहा कि विधान सभा चुनाव में ओवैसी के कारण दर्जनो सीटों पर राजद को पराजय देखनी पड़ी और ओवैसी के 5 विधायक पूर्वांचल में जीत गए।

उन्होंने कहा कि कटिहार, पूर्णिया में जदयू की जीत भाजपा के कारण हुई, उसमें नीतीश कुमार की कोई भूमिका नहीं है। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि पूर्वांचल की महागठबन्धन की रैली अपने मुस्लिम वोटों को एकजुट रखने की कवायद है।

सुशील मोदी ने कहा कि सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग के बावजूद 7 दल मिलकर पूर्णिया रैली मे भीड़ नहीं जुटा पाएंगे जितनी भीड़ अकेले भाजपा ने जुटाई थी।

उल्लेखनीय है कि भाजपा के पूर्व अध्यक्ष और देश के गृहमंत्री अमित शाह पिछले वर्ष उतरार्ध में यहां एक रैली को संबोधित कर चुके हैं।

इस बीच, एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष अख्तरूल इमान ने महागठबंधन पर जोरदार सियासी हमला बोला है।

उन्होंने कहा कि 20 से 25 वर्षों तक भाजपा का बिस्तर गर्म करने वाले आज भाजपा का भय दिखाकर मुस्लिमों का वोट लेना चाहते हैं। वे रैली के जरिए हमको ख्वाब दिखा रहे हैं।

उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि जब बाबरी मस्जिद टूटी तो कौन लोग कहां थे, जब बाबरी मस्जिद का फैसला आया तो कौन लोग कहां थे, जब गुजरात जल रहा था तो कौन लोग कहां थे, और यह लोग फिर इकट्ठा होकर हमारी पार्टी को भाजपा का बी टीम बताएंगे।

उन्होंने कहा कि इन नेताओं को दूसरों पर आरोप लगाने से पहले खुद को आईने में देख लेना चाहिए कल तक भाजपा के साथ कौन था, किसने हमारे पार्टी के 4 विधायकों को तोड़कर सरकार बनाई है।

उन्होंने कहा कि भाजपा को सत्ता से बेदखल करने के लिए कॉमन मिनिमम प्रोग्राम बनना चाहिए और भाजपा विरोधियों को एकजुट होना चाहिए, लेकिन विरोधी एकजुट के लिए तैयार नहीं है।

मथुरा के कैदियों का गुलाल उड़ेगा

एजेंसी। मथुरा

विश्व प्रसिद्ध ब्रज के रंगोत्सव पर इस बार कैदियों द्वारा तैयार हर्बल गुलाल उड़ेगा। मथुरा के जिला कारागार में बंद छह कैदियों द्वारा होली के लिए हर्बल गुलाल तैयार किया है। जो ईको फ्रेंडली के साथ-साथ आपकी त्वचा के लिए भी अनुकूल है। वहीं इस पहल से जेल में निरुद्ध कैदी भी आत्मनिर्भर बन रहे हैं। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेशभर में बने कारागारों को कौशल विकास मिशन के माध्यम से कैदियों को स्वावलंबी बनाया जा रहा है। मथुरा की जिला कारागार में जेल प्रशासन कौशल विकास मिशन के तहत कैदियों को विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिलाकर आत्मनिर्भर बनाने में जुटा हुआ है। ब्रज की होली को और खास बनाने के लिए मथुरा जेल में बंद 6 कैदी खास गुलाल तैयार करने में जुटे हैं। जेल में अरारोट में सब्जियों को

मिलाकर हर्बल गुलाल बनाया जा रहा है। हर्बल गुलाल बनाने के लिए अरारोट में पालक को पीसकर उसमें से हरा रंग निकाल कर इसे तैयार किया जा रहा है। इसी तरह मेथी को पीसकर हल्का हरा रंग, चुकंदर को पीसकर लाल रंग, हल्दी पाउडर का प्रयोग कर पीला गुलाल तैयार किया जा रहा है। इसमें खुशबू बनी रहे इसके लिए इत्र मिलाया जा रहा है।

मथुरा जेल अधीक्षक ब्रजेश कुमार सिंह ने बताया कि होली का त्योहार आते ही हर साल जेल में कई कुंतल गुलाल तैयार किया जाता है। जेल में बंद कैदी सोनू, सनी, रिंकू, अशरफ, विजय, हरेंद्र सिंह कई दिनों से हर्बल गुलाल तैयार करने में लगे हुए हैं। ब्रज में होली 40 दिनों तक खेली जाती है। यहां होली की शुरूआत बसंत पंचमी से हो जाती है। बसंत पंचमी से रंग गुलाल उड़ना शुरू होता है। 27 फरवरी को लड्डू मार और 28 फरवरी को बरसाने में लट्ठ मार होली मनाई जाएगी। एक अनुमान के मुताबिक, होली पर ब्रज में हर साल हजारों कुंतल गुलाल उड़ाया जाता है।

NEWS इन ब्रीफ

शाह आज बिहार में

बेतिया। पश्चिम चंपारण जिले के लौरिया में शनिवार को गृहमंत्री अमित शाह के कार्यक्रम के मद्देनजर सुरक्षा बलों के जवान सतर्क हैं। सीमा सशस्त्र बल के जवान नेपाल जाने वाली मुख्य रास्ते के साथ पगडंडियों पर भी कड़ा पहरा दे रहे हैं। साथ ही इंडो नेपाल बॉर्डर सील कर दिया गया है। सीमा से किसी को भी आने-जाने की इजाजत नहीं है। 47वीं और 44वीं एसएसबी बटालियन अंतर्गत नरवा, नगरदेही, पचरौता, भंगहा, भेड़िहरवा, पड़रिया, अहिरा सिसवा आदि बीओपी के अधिकारी और जवान सीमा पर अलर्ट मोड में हैं। इनरवा एसएसबी कैंप में तैनात इंस्पेक्टर औचिंत्य बंगाल ने बताया कि 25 फरवरी की शाम छह बजे तक इंडो नेपाल बॉर्डर कंप्लीट सील है। किसी को भी आने जाने नहीं दिया जा रहा है। विशेष परिस्थितियों में ही जांच के बाद आने की अनुमति है।

गैस सिलेंडर लगी आग, चार घायल

दक्षिण दिनाजपुर। गैस सिलेंडर की डिलीवरी करते समय अचानक आग गई। शुक्रवार सुबह घटी इस घटना में एक ही परिवार के तीन लोगों सहित कुल चार लोग घायल हो गए। घटना दक्षिण दिनाजपुर के बालुरघाट के रघुनाथपुर की है। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक बालुरघाट के रघुनाथपुर निवासी रंजीत साहा के घर शुक्रवार सुबह एक युवक सिलेंडर देने आया। युवक ने गैस सिलेंडर को किचन में रख दिया। फिर उसने जांच किया कि यह ठीक है या नहीं और तभी आग लग गई।

कश्मीर के बच्चे आठ दिवसीय भारत दर्शन दौरे पर

लखनऊ। श्रीनगर के एक सरकारी स्कूल के 23 बच्चे, जो आठ दिवसीय भारत दर्शन दौरे पर हैं, बड़ा इमामबाड़ा पहुंचे और बाद में लखनऊ के लूलू मॉल गए। सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) फ्रंटियर यूनिट द्वारा आयोजित यात्रा चंडीगढ़ से उत्तर प्रदेश राज्य की राजधानी पहुंची। बड़ा इमामबाड़ा का भूल भुलैया देख बच्चे चकित रह गए। बाद में वे एक मॉल में गए, जहां उनका स्वागत लाल गुलाब से किया गया। मॉल के गेमिंग जोन में बच्चों ने खूब मस्ती की।

प्रसूताओं को बेहतर उपचार देने में मप्र देश में अव्वल

भोपाल। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार का दावा करते हुए कहा है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की ओर से प्रसव कक्ष गुणवत्ता बेहतरी के लिए शुरू किए गए 'लक्ष्य' अभियान में प्रदेश को देश में पहला स्थान प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री चौहान ने राजधानी में श्यामला हिल्स स्थित उद्यान में पौध-रोपण के बाद मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा करते हुए कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर सक्रिय है। प्रसन्नता का विषय है कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में मध्यप्रदेश ने एक और उपलब्धि प्राप्त की है। प्रसूताओं को बेहतर उपचार देने में हम देश में अव्वल हैं।

छग : पिकअप-ट्रक में टक्कर, 11 की मौत

एजेंसी। रायपुर

छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार-भाटापाटा में देर रात बड़ा सड़क हादसा हुआ है। एक पिकअप वाहन की ट्रक से टक्कर में 4 बच्चों समेत 11 लोगों की मौत हो गई। हादसे में दस से अधिक लोग घायल हुए हैं। घटना बलौदाबाजार और भाटापारा के पास खमरिया की है। वहीं इस मामले में भाटापाठा एसडीओपी सिद्धार्थ बघेल ने बताया कि देर रात बलौदाबाजार और भाटापारा के ग्राम खमरिया के पास ट्रक और पिकअप वाहन में जबदस्त टक्कर हो गई। हादसा इतना भयंकर था कि मौके पर ही 11 लोगों की मौत हो गई। सभी मृतक आपस में रिश्तेदार बताये जा रहे हैं। डीआई वाहन में लगभग 25 से 30 लोग खिलोरा के लिए निकले थे। बताया गया कि साहू परिवार के सदस्य कार्यक्रम में शामिल होने के बाद जब खिलोरा से वापस अपने घर अजुर्नी लौट रहे थे, तभी खमरिया के पास पिकअप वाहन को ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में 11 लोगों की मौत हो गयी, जबकि 10 लोग घायल हो गये। गंभीर रूप से घायल 2 लोगों को रायपुर रेफर किया गया है, वहीं अन्य घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। मृतक सात लोगों के शव को भाटापारा पोस्टमार्टम के लिए लाया गया है।

राज्यपाल हरिचंदन ने दुःख जताया

राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने कल रात बलौदाबाजान-भाटापारा मार्ग में हुए सड़क हादसे में ग्यारह लोगों की मृत्यु पर गहरा दुःख प्रकट किया है। राज्यपाल ने मृतकों के परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए, ईश्वर से इस दुःख की घड़ी को सहन कर ने की प्रार्थना की। उन्होंने दुर्घटना में घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

बघेल ने जताया दुख

वहीं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने हादसे में ग्यारह लोगों की मृत्यु पर गहरा दुख प्रकट किया है। उन्होंने मृतकों के परिवारजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को इस घटना के घायलों को इलाज की बेहतर से बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने और मृतकों के परिजनों को हरसंभव सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं।

रायपुर : ट्रक अनियंत्रित हो घर में घुसा, तीन लोगों की मौत

दुर्ग जिले के ग्राम तर्रा में हुई सड़क दुर्घटना में ट्रक के इंजन को काटकर ड्राइवर और क्लीनर के शव को शुक्रवार की सुबह निकाला गया। जेसीबी और हाईड्रा की मदद से घर के अंदर फंसे ट्रक को निकालने का प्रयास किया जा रहा है।इस दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हुई है। दुर्ग पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दुर्ग जिले के ग्राम तर्रा में लोहरसी की तरफ से आ रही एक ट्रक बीती देर रात अनियंत्रित होकर बिजली खंभा को तोड़ते हुए गोवर्धन यदु के घर में घुस गई। घर के तीन दीवार को तोड़कर ट्रक मकान के अंदर घुस गया । जिसके बाद ट्रक में सवार 3 लोगों की मौके पर मौत हो गई है। सभी घरवाले पीछे के रूम में थे इस कारण वे सब सकुशल हैं। मकान मालिक को घर के सामान टूटने से लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। ग्राम में अभी भी काफी भीड़ लगी हुई है और लोग बेहद गुस्से में हैं। मौके पर पुलिस ट्रैफिक नियंत्रण करने में लगी हुई है।

कोरबा : दो ट्रकों के बीच भिड़ंत में लगी आग, ट्रक में ही दोनों चालकों की मौत

कोरबा जिले में आखिर हादसों का सिलसिला थमने का नाम क्यों नहीं ले रहा है। बीती देर रात शहर के नजदीक ही दो ट्रकों के बीच इतनी जोर से भिड़ंत हुई कि दोनों में चंद मिनटों में ही आग लग गई। जब तक ट्रक में बैठे चालक भागने की कोशिश करते तब तक वह आग की चपेट में आ चुके थे और देखते ही देखते ट्रक में ही दोनों चालक की समाधि बन गई। प्रशासन और पुलिस व दमकल की टीम ने मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया लेकिन दोनों की जान बचाई नहीं जा सकी। हादसा सिविल लाइन थाना क्षेत्र के रिसदी के समीप घटित हुई है। प्रशासन और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घंटों राहत एवं बचाव कार्य कर किसी तरह ट्रक में लगी आग को बुझा कर देर रात को यातायात को बहाल किया। हादसा किन परिस्थितियों में हुआ है यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है।

नीतीश कैबिनेट की बैठक में 28 एजेंडों पर मुहर

एजेंसी। पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार दोपहर मुख्य सचिवालय स्थित मंत्रिमंडल कक्ष में आयोजित कैबिनेट मीटिंग में 28 महत्वपूर्ण एजेंडों पर मुहर लगाई गई।

बैठक में बिहार के हाई स्कूल और प्लस-2 विद्यालयों में विशेष आवश्यकता वाले छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक अनुसमर्थन प्रदान करने के लिए विभिन्न दिव्यांगता के प्रशिक्षित विशेष शिक्षक के कुल 270 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई। नालंदा खुला विश्वविद्यालय के भवनों के निर्माण के लिए एक अरब 20 करोड़ 62 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई। मॉडल विधायक आवासन परियोजना के तहत 423 करोड़ 70 लाख की लागत से बाकी बचे 201 आवासों को पूर्ण करने के लिए 629 करोड़ 6 लाख 70 हजार राशि की वित्तीय पुनरीक्षित प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है।

विधानमंडल के सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक, उप मुख्य सचेतक, सचेतक एवं विरोधी दल के मुख्य सचेतक को यात्रा के लिए एचओआर की सुविधा या बिहार विधानमंडल के सामान्य सदस्यों के

अनुमान्य रेल-विमान यात्रा की सुविधा में से एक विकल्प चयन के लिए बिहार विधान मंडल नेता विरोधी दल, संसदीय सचिव, सचेतक और सदन नेता (वेतन एवं भत्ता) नियमावली 2006 के नियम 3 में स्पष्टीकरण किया गया है।

बिहार राज्य मानसिक स्वास्थ्य एवं संबद्ध विज्ञान संस्थान नियमावली 2005 के नियम में संशोधन की गई है। बिहार के सभी मेडिकल कॉलेजों में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं सुपर स्पेश्यलिटी पाठ्यक्रमों में नामांकन शुल्क में एकरूपता लाने के मकसद से राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग नई दिल्ली के प्रावधानों के अनुरूप निजी चिकित्सा महाविद्यालय एवं डीम्ड विश्वविद्यालय के स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के 50 फीसदी सीटों पर नामांकन एवं अन्य शुल्क सरकारी चिकित्सा महाविद्यालयों के लिए निर्धारित शुल्क के अनुरूप किए जाने की स्वीकृति दी गई है।

एसएफसी को अप्रैल, 2022 से नवंबर, 2022 तक की राज्यांश की राशि 455 करोड़ 54 लाख विमुक्त करने की स्वीकृति दी गई। पटना जिले के घोसवारी प्रखंड के बीडीओ जयवर्धन गुप्ता को सेवा से बर्खास्त किया गया है। पटना सिटी के माल सलामी में नवनिर्मित ओपी साह सामुदायिक भवन की भूमि मुआवजा के लिए 44 करोड़ 37 लाख 60073 रुपये की स्वीकृति दी गई है। राजगीर पथ प्रमंडल हिलसा के सहायक अभियंता उपेंद्र कुमार सिंह को सीबीआई कोर्ट से सजा मिलने के बाद सेवा से बर्खास्त किया गया है।

बिहार गजेटियर शोध पदाधिकारी सेवा संवर्ग का पुनर्गठन-पद सृजन की स्वीकृति दी गई है। भोजपुर जिले के पीरो अनुमंडल व्यवहार न्यायालय के लिए कोर्ट भवन, आवासीय भवन निर्माण को लेकर 6 एकड़ भूमि अधिग्रहण के लिए 49 करोड़ 20 लाख 30000 की स्वीकृति दी गई है। बिहार उत्कृष्ट खिलाड़ी की सीधी नियुक्ति नियमावली-2023 के अनुमोदन की स्वीकृति दी गई है।

सुपौल में पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों की आवास निर्माण के लिए 51 करोड़ 18 लाख 12 हजार की स्वीकृति दी गई है। सामान्य प्रशासन विभाग के तहत बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन पटना के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24, 25-26 तक के लिए 37 नए पदों के सृजन की स्वीकृति दी।

बिहार में कोहरा एवं शीतलहर के अर्ली वार्निंग सिस्टम विकसित करने को लेकर नेशनल सेंटर फॉर एटमॉस्फेरिक रिसर्च संयुक्त राज्य अमेरिका से इकरारनामा करने की स्वीकृति दी गई है। साथ ही इस कार्य के लिए तकनीकी सहायता प्राप्त करने के लिए 50 हजार यूएस डॉलर भुगतान की स्वीकृति दी गई है।

कुशवाहा ने विधान परिषद की सदस्यता से दिया इस्तीफा

पटना। बिहार में जनता दल यूनाइटेड को छोड़कर नई पार्टी बना चुके पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा ने शुक्रवार को विधान परिषद की सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया। इस्तीफा देने के बाद उन्होंने कहा कि 'चक्रव्यूह' से बाहर आ जाने की सुखद अनुभूति हो रही है। जदयू से अलग होकर नई पार्टी राष्ट्रीय लोक जनता दल बना चुके कुशवाहा बिहार विधानमंडल पहुंचे और विधान परिषद के सभापति देवेश चंद्र ठाकुर को अपना इस्तीफा सौंप दिया। कुशवाहा ने इस्तीफा सौंपने के बाद अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से ट्वीट करते हुए लिखा कि मुख्यमंत्री जी, 'त्वदीयं वस्तु तुभ्यमेव समर्पये।'

मंडल स्तर पर आयोजित हो फल शाकभाजी व पुष्प प्रदर्शनी : योगी

एजेंसी। लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फल, शाकभाजी, पुष्प, मौन पालन, औषधीय पौधों के उत्पादकों और खाद्य प्रसंस्करण उत्पादकों के बीच प्रतिस्पर्धा बढ़ाने के लिए प्रदेश में मंडल स्तर पर फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन करने के निर्देश दिये हैं। योगी ने कहा कि इस तरह के आयोजन से औद्यानिक क्षेत्र के उत्पादकों को प्रोत्साहन मिलने के साथ उन्हे वैज्ञानिक ढंग से उत्पादन, रखरखाव तथा विपणन की नई तकनीक सीखने को मिलेगी। मुख्यमंत्री के साथ बैठक में उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण

निदेशालय के अधिकारियों ने बताया कि अब तक मंडल स्तर पर आगरा, लखनऊ में फल, शाकभाजी एपं पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन किया जा चुका है जबकि प्रयागराज में 24 से 25 फरवरी, वाराणसी में 25 से 26 फरवरी और सहारनपुर में 14 से 17 मार्च के बीच प्रदर्शनी का आयोजन किया जाना है। इसके अलावा अन्य मंडल अलीगढ़, आजमगढ़, बरेली, अयोध्या, देवीपाटन, गोरखपुर, बस्ती, झांसी, चित्रकूट धाम, कानपुर, मेरठ, मुरादाबाद और मीरजापुर में प्रदर्शनी को लेकर तैयारियां अंतिम दौर में है, लेकिन अभी डेट फाइनल नहीं हुई है। उन्होने अधिकारियों ने बताया कि मार्च तक बचे सभी मंडल में प्रदर्शनी का आयोजन कर दिया जाएगा। साथ ही प्रदर्शनी में प्रतियोगिता को दो श्रेणी में बांटा गया है। प्रतियोगिता में शामिल होने वाले प्रतिभागियों के लिए नियम भी निर्धारित कर दिए गए हैं।

मातृभाषा भारतीय भाषाएं व राष्ट्रीय एकता विषय पर दो दिवसीय संगोष्ठी का शुभारंभ

माताएं-भाषाएं पुत्र-पुत्रियों के समानः संजय

नवीन मेल नेटवर्क। बेंगलूरु

'स्वराज सिर्फ अंग्रेजों का चला जाना और हिन्दुस्तानियों का सत्ता में आ जाना नहीं है। स्वराज का मतलब है कि अब हमारा सारा जीवन और चिंतन हमारी भाषाओं पर आधारित होगा। स्वभाषा, स्वभूषा, स्व-संस्कृति होगी। कोई चीज थोपी नहीं जाएगी। ज्ञान परंपरा अपने आधारों पर खड़ी होगी। यह विचार भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी), नई दिल्ली के महानिदेशक प्रो. (डॉ.) संजय द्विवेदी ने भारतीय भाषा समिति (शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार) और माउंट कार्मेल कॉलेज (स्वायत्त), बेंगलूरु के संयुक्त तत्वावधान में 'भारतीय परिदृश्य में भारतीय भाषाएं और राष्ट्रीय एकता' विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ करते हुए व्यक्त किए। इस अवसर पर दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो. हरीश अरोड़ा, भारतीय भाषा समिति के सहायक

कुलसचिव जे. पी. सिंह, प्रख्यात कवि एवं लेखक उद्भ्रांत, वरिष्ठ पत्रकार कुमार जीवेंद्र झा, प्रो. रचना विमल, प्रो.एस.ए. मंजूनाथ एवं सेमिनार संयोजक डॉ. कोयल विश्वास उपस्थित रहे।

स्व और भाषा को भूल चुके हैं लोग

'भारतीय भाषाएं एवं जनसंचार' विषय पर आयोजित प्रथम सत्र की अध्यक्षता करते हुए प्रो. द्विवेदी ने कहा कि आज हम 'स्व' और 'भाषा' को भूल चुके हैं। हिन्दी और भारतीय भाषाएं सशक्त होकर दुनिया के मंच पर स्थापित हो रही हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हिन्दी बोलकर दुनिया के हृदय पर राज कर रहे हैं। हिन्दी, कन्नड़, तमिल, तेलुगु, मलयालम, मराठी आदि हमारी अपनी मातृभाषाएं हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने भी कहा है कि देश में संवैधानिक रूप से स्वीकृत सभी भाषाएं राष्ट्र भाषाएं हैं और हिन्दी राज भाषा है, क्योंकि हर देश की एक भाषा होती है, जिसके माध्यम से देश काम करता है।

आम लोगों-गरीबों की लड़ाई उनकी ही भाषा में लड़ कर जीती जाएगी

आईआईएमसी के महानिदेशक के अनुसार माताएं और भाषाएं अपने पुत्र और पुत्रियों से सम्मानित होती हैं। हिन्दी और अन्य भारतीय भाषाएं केवल भाषाएं नहीं हैं। ये न्याय की भाषाएं हैं। अगर देश के गरीबों, मजदूरों, आम लोगों, किसानों को न्याय दिलाना है, तो उनसे उनकी भाषाओं में बात करनी पड़ेगी, उनकी भाषाओं में शिक्षा की व्यवस्था करनी पड़ेगी और उनकी भाषा में ही सारी व्यवस्थाएं खड़ी करनी पड़ेगी, नहीं तो इस लोकतंत्र का कोई मतलब नहीं है।

जनसंचार का सबसे बड़ा अभियान है चुनाव

प्रो. द्विवेदी ने कहा कि चुनाव अभियान जनसंचार का सबसे बड़ा अभियान है। इस देश में कोई भी अंग्रेजी में वोट मांगकर सत्ता तक नहीं पहुंचा है। इसके लिए हिन्दी और अन्य भारतीय भाषाओं का ही प्रयोग होता है। उन्होंने कहा कि नई तकनीकों से भारतीय भाषाओं को आज वैश्विक मंच मिला है। युवाओं को इसका सही इस्तेमाल करना चाहिए।

राष्ट्र की सांस्कृतिक पहचान होती हैं भाषाएं

इस अवसर पर दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो. हरीश अरोड़ा ने कहा कि वैश्विक संदर्भों से पूर्व भारतीय भाषाओं को भारत के संदर्भ में भी देखने की जरूरत है। भाषा व्यक्तित्व के साथ-साथ राष्ट्र की भी सांस्कृतिक पहचान को बनाए रखती है। 1,650 से अधिक भारतीय भाषाएं छोटे-छोटे समुदायों में आज भी जीवित हैं।

शिक्षक घोटाला

जांच के लिए दो शीर्ष अधिकारी कोलकाता में

एजेंसी। कोलकाता

